सूर्योदय 5:36 सूर्यास्त 7:02

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.5 न्यू | 18.6 अधि |
| धर्मशाला | 17.6 न्यू | 27 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,913 |
| निफ्टी | 23,997 |

सोना 1,48,652 | चांदी 2,36,882

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 4 मई 2026 | 21 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 125, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

# दिल्ली में आग से मासूम सहित 9 की मौत

## 4 पुरुष, 4 महिलाएं और डेढ़ साल का एक बच्चा शामिल; 15 लोग बचाए, एसी में ब्लास्ट की आशंका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** के शाहदरा इलाके के विवेक विहार में एक चार मंजिला बिल्डिंग में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। इनमें 4 पुरुष, 4 महिलाएं और एक डेढ़ साल का बच्चा शामिल है। दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, उन्हें सुबह करीब 3.47 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। 4 घंटों की मशक्कत के बाद सुबह करीब 8 बजे आग पर काबू पाया गया। बिल्डिंग के अंदर फंसे 10 से 15 लोगों को बचाया गया। इनमें दो लोग घायल हुए हैं।

मृतकों के शव बिल्डिंग के अलग-अलग फ्लोर से बरामद किए गए। स्थानीय पार्षद पंकज लूथरा ने बताया कि कुछ शव इतने बुरे तरह जल चुके हैं कि सिर्फ कंकाल बचा है। डीएनए टेस्ट के बाद ही मृतकों का पता चल पाएगा। हादसे को लेकर कुछ लोगों का कहना है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। वहीं कुछ स्थानीय लोगों ने बताया कि एसी में धमाके के बाद आग फैली। फिलहाल अधिकारियों की तरफ से असली कारण की पुष्टि नहीं हुई है। (अनंत ज्ञान)

### मृतकों की पहचान करना मुश्किल

**दिल्ली** पुलिस के अनुसार, बिल्डिंग के पहले फ्लोर से 1 शव, दूसरे फ्लोर से 5 शव और सीढ़ियों से 3 शव मिले, जहां दरवाजा बंद था। आशंका है कि लोगों ने छत पर भागकर जान बचाने की कोशिश की थी। दूसरे फ्लोर पर मिले मृतकों की पहचान अरविंद जैन (60), उनकी पत्नी अनीता जैन (58), बेटे निशांत जैन (35), बहू आंचल जैन (33) और डेढ़ साल के पोते आकाश जैन के रूप में हुई। तीसरे फ्लोर पर नितिन जैन (50), उनकी पत्नी शैले जैन (48) और बेटे सम्यक जैन (25) मृत पाए गए। पहले फ्लोर पर शिखा जैन (45) का शव मिला, जबकि उनके पति नवीन जैन (48) घायल हो गए। स्थानीय पार्षद पंकज लूथरा ने बताया कि उन्होंने मृतकों के शव देखें हैं। इनमें कौन से शव पुरुष के हैं और कौन सी महिला के, इसकी पहचान करना भी मुश्किल है।



### बिल्डिंग के पिछले हिस्से से मिले ज्यादातर शव

**दिल्ली** फायर सर्विस के अधिकारी मुकेश वर्मा ने बताया कि चार मंजिला बिल्डिंग के हर फ्लोर पर दो 4 बीएसके फ्लैट हैं। आग बिल्डिंग के पिछले हिस्से में लगी थी और वहीं सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। 6 फ्लैट्स का सामान जल गया। डीएफएस के मुताबित, खिड़कियों और बालकनी पर ग्रिल और लोहे की रॉड लगी थीं, जिससे रेस्क्यू में दिक्कत आई। फिर भी करीब 15 लोगों को बचाया। इनमें से एक व्यक्ति करीब 30% तक जल गया था, जिसे इलाज के लिए गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

### मृतकों के परिजनों के लिए मिलेंगे 2-2 लाख


**प्रधानमंत्री** मोदी ने मृतकों के परिजनों के लिए 2 लाख और घायलों के लिए 50 हजार की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- दिल्ली के शाहदरा जिले में आग से लोगों की मौत बेहद दुखद है। हादसे में जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से जान गंवाने वाले हर व्यक्ति के परिजन को 2 लाख की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50 हजार दिए जाएंगे। वहीं, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें यह कठिन समय सहने की शक्ति प्रदान करें।

# शिक्षा-उद्योग सहभागिता से युवाओं को मिलेगा नया मुकाम : सीएम सुक्खू

अनंत ज्ञान

◆ युवाओं को कौशल व रोजगार से जोड़ने की पहल

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा और उद्योग के बीच मजबूत तालमेल स्थापित करने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल और सार्वजनिक-निजी सहभागिता मॉडल के माध्यम से उद्योग आधारित पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे, ताकि युवाओं को वर्तमान समय की मांग के अनुरूप व्यावहारिक कौशल मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल शिक्षा को अधिक उपयोगी और रोजगारपरक बनाएगी।



मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि सरकार प्रदेश में ऐसा समग्र तंत्र विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता आपस में जुड़े हों। उन्होंने कहा कि पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे युवा आत्मनिर्भर बन सकें और बदलते औद्योगिक परिवेश में अपनी पहचान मजबूत कर सकें।

उन्होंने कहा कि यह पहल प्रदेश के युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगी और उन्हें कौशल, आत्मविश्वास तथा नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से हिमाचल के युवा रोजगार प्राप्त करने के साथ-साथ रोजगार सृजन करने में भी सक्षम बनेंगे, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

## न्यूज शॉर्ट्स

### इराक ने सीरिया के रास्ते से शुरू किया तेल निर्यात

**एजेंसी, बगदाद।** इराक ने सीरिया के अल-यारूबियाह बॉर्डर क्रॉसिंग के जरिए तेल निर्यात फिर से शुरू कर दिया है। 70 टैंकरों का एक काफिला इस रास्ते से सीरिया में दाखिल हुआ, जो पिछले 14 वर्षों में इस मार्ग से पहला ऐसा शिपमेंट है। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी एसएएनए के अनुसार, काफिले ने भूमध्यसागर तट पर स्थित बानियाज रिफाइनरी का रुख किया। अल-यारूबियाह क्रॉसिंग पर तैनात सीरियाई अधिकारियों ने कहा '14 साल बाद इस क्रॉसिंग का फिर से खुलना इराक और सीरिया के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की एक रणनीतिक पहल है।' उन्होंने यह भी जोड़ा कि इससे व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति को अधिक प्रभावी ढंग से सुगम बनाया जा सकेगा और दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक साझेदारी विकसित होगी। (अनंत ज्ञान)

### चेन्नई में यात्री चलती फ्लाइट का इमरजेंसी गेट खोलकर कूदा

**एजेंसी, चेन्नई।** चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार सुबह लैंडिंग के दौरान एयर अरेबिया की चलती फ्लाइट में एक यात्री इमरजेंसी गेट खोलकर नीचे कूद गया। यह फ्लाइट शारजाह से चेन्नई पहुंची थी और इसमें 231 यात्री सवार थे। घटना सुबह करीब 3:23 बजे हुई। फ्लाइट रनवे से टर्मिनल की ओर बढ़ रही थी। घटना के बाद पायलट ने तुरंत विमान को रोक दिया और एयरपोर्ट अधिकारियों को सूचना दी। घटना के बाद यात्री एयरपोर्ट के कमर्शियल एरिया की ओर भागने लगा, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। हालांकि, सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत उसे पकड़ लिया। कूदने के दौरान यात्री घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए ले जाया गया। आरोपी की पहचान 29 साल के मोहम्मद शरीफ मोहम्मद नजमुद्दीन के रूप में हुई है। (अनंत ज्ञान)

### इंफाल एयरपोर्ट कार्गो टर्मिनल के पास विस्फोट

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर में इंफाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल के पास बम विस्फोट की खबर सामने आई है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गयी है। सूचना मिलते ही मौके पर फॉरेंसिक टीम पहुंचकर जांच आरंभ किया। शुरुआती जानकारी के आधार पर, मणिपुर पुलिस के एक सूत्र ने बताया कि रविवार को मणिपुर में सांप्रदायिक झड़पों की बरसी मनाई जा रही है। इसी बीच, इंफाल में बीर टिकेंद्रजीत इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल के पास सुबह एक आईईडी विस्फोट हुआ। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने या नुकसान की खबर नहीं है। विस्फोट के बाद, सुरक्षा बल और पुलिस मौके पर पहुंची व इलाके को घेर लिया। (अनंत ज्ञान)

**अंदर के पन्नों पर पढ़ें**

- हिमाचल में उमड़ा बाहरी राज्यों के सैलानियों का सैलाब -पेज 2
- धर्मशाला में मैच के लिए ऑनलाइन टिकट की बिक्री शुरू -पेज 5
- पंजगाई में पूर्व प्रधान के घर चोरी, 18 लाख व आभूषण चोरी -पेज 10

## प. बंगाल, केरलम, तमिलनाडु, असम व पुडुचेरी में मतगणना सुबह 8 बजे से

# आज तय होगा 5 राज्यों का भविष्य

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश के 4 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे सोमवार 4 मई को आएंगे। इनमें असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और तमिलनाडु शामिल हैं। सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी, उसके बाद रुझान सामने आने लगेंगे। पश्चिम बंगाल में टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी, असम में बीजेपी के हिमंता बिस्वा सरमा, तमिलनाडु में एमके स्टालिन, केरल में लेफ्ट के पिनराई विजयन और पुडुचेरी में एन रंगास्वामी की राजनीतिक भविष्य दांव पर है।

बता दें कि पांच राज्यों में से तीन राज्य यानी पश्चिम बंगाल, असम और केरल के विधानसभा चुनाव में मुकाबला काफी दिलचस्प रहने का अनुमान है। केरल में पिछले दस साल से एलडीएफ की सरकार है और कांग्रेस नीत यूडीएफ इस बार सत्ता में आने की उम्मीद कर रहा है। वहीं असम की बात करें तो वहां मुख्य मुकाबला बीजेपी और कांग्रेस के बीच हैं।

बीजेपी पिछले दस साल से सरकार में है। वहीं पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की बात करें तो टीएमसी के नेतृत्व में ममता बनर्जी पिछले 15 साल से सत्ता पर काबिज है। बीजेपी पिछले चुनाव में 77 सीट जीतकर मुख्य विपक्षी पार्टी बनी थी और इस बार एक बड़ी जीत की उम्मीद कर रही है, जबकि ममता बनर्जी सामने किला बचाने की कठिन चुनौती है। (अनंत ज्ञान)

### कब-कहां हुई थी वोटिंग

- असम - 9 अप्रैल
- केरल - 9 अप्रैल
- पश्चिम बंगाल - 23 एवं 29 अप्रैल
- तमिलनाडु - 23 अप्रैल
- पुडुचेरी - 29 अप्रैल

**कहां कितना मतदान हुआ?**

- असम - 85.38 प्रतिशत
- केरल - 78 प्रतिशत
- तमिलनाडु - 85.1 प्रतिशत
- पुडुचेरी - 89.08 प्रतिशत
- पश्चिम बंगाल - 92.47 प्रतिशत




# प्रदेश में बारिश से किसानों-बागवानों की बढ़ी मुश्किलें

## तापमान में आई गिरावट, आज भी कई जिलों में मौसम खराब रहने की संभावना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में रविवार को मौसम ने अचानक करवट लेते हुए कई जिलों में झमाझम बारिश दर्ज की गई। राजधानी शिमला समेत पहाड़ी इलाकों में सुबह से ही काले बादल छाए रहे और बारिश के साथ ठंडी हवाएं चलीं। मई माह में भी लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा, जिससे तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। इस बदलाव से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं मौसम सुहावना हो गया।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते 4 मई को प्रदेश के कई जिलों में मौसम खराब रहने की संभावना है। कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि अन्य जिलों में येलो अलर्ट रहेगा। इस दौरान तेज बारिश, अंधड़, ओलावृष्टि और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के आसार हैं। आने वाले दिनों में तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट की संभावना जताई गई है।

बारिश और तेज हवाओं ने जहां गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाने का खतरा बढ़ाया है, वहीं बागवानी पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में इस समय कई जगह फूल आने की प्रक्रिया चल रही है, जिस पर बारिश और ओलावृष्टि का प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जिन क्षेत्रों में फल सेटिंग हो चुकी है, वहां अपेक्षाकृत स्थिति संभली रह सकती है, लेकिन ओलावृष्टि की स्थिति में वहां भी फलों को नुकसान की आशंका बनी हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस समय की मौसमीय मार से उत्पादन पर असर पड़ सकता है।



### तूफान से जनजीवन प्रभावित, हाईवे पर भी असर

**तेज** तूफान और बारिश के चलते कई स्थानों पर पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आई हैं। चंडीगढ़-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी एक स्थान पर पेड़ गिरने से कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ। हालांकि स्थानीय लोगों की मदद से मार्ग को जल्द बहाल कर दिया गया, लेकिन मौसम के इस बदले मिजाज ने जनजीवन पर असर जरूर डाला है।

### किसानों की बढ़ी चिंता मुआवजे की उठाई मांग

**बारिश** और अंधड़ के कारण कई जगह तिरपाल उड़ने से तूड़ी भीग गई है और खेतों में खड़ी गेहूं की फसल गिरने लगी है। मंडी व ऊना जैसे क्षेत्रों से नुकसान की खबरें सामने आई हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों ने प्रशासन और कृषि विभाग से नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा देने की मांग की है। विभाग का कहना है कि जिन किसानों ने फसल बीमा योजना के तहत पंजीकरण कराया है, उन्हें राहत मिल सकती है, वहीं सभी को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# संतोषगढ़ में 1.005 किलो चिट्टे के साथ 3 कार सवार गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

◆ एसटीएफ को नाकेबंदी के दौरान मिली सफलता

**ब्यूरो, ऊना।** जिला ऊना के संतोषगढ़ क्षेत्र में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से भारी मात्रा में हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया है। इस कार्रवाई में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार, स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) नॉर्दर्न रेंज कांगड़ा की टीम, जिसकी अगुवाई एसपी रेणु शर्मा कर रही थीं, ने संतोषगढ़ में नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध कार (एचपी 20जे 6570) को जांच के लिए रोका। तलाशी लेने पर वाहन से 1.005 किलोग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुआ, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपए आंकी जा रही है।

पुलिस ने मौके पर ही तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान गुरमुख सिंह (40) पुत्र नारायण दास, निवासी गांव बड़नौह, रमण कुमार (41) पुत्र छज्जू राम, निवासी गांव समूर कलां तथा सर्वजीत सिंह उर्फ विंदर (29) पुत्र संतोष सिंह, निवासी अपर/लोअर देहलां, तहसील व जिला ऊना के रूप में हुई है। इस संबंध में थाना ऊना में एफआईआर नंबर 113/26 दिनांक 3 मई को दर्ज कर ली गई है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला कायम किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की गहन जांच जारी है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि बरामद मादक पदार्थ कहां से लाया गया था और इसकी सप्लाई कहां की जानी थी। साथ ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश भी की जा रही है।

# होर्मुज को बना देंगे अमेरिकी सेना की कब्रगाह : ईरान

## अमेरिकी जहाजों का वही अंजाम होगा जो उसके एफ-15 फाइटर जेट का हुआ था

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

ईरान के सीनियर अधिकारी मोहसिन रजाई ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिकी सेना की कब्रगाह बना दिया जाएगा। मोहसिन रजाई पहले ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) में कमांडर रह चुके हैं। उन्होंने अमेरिकी सेना को समुद्री लुटेरा (पाइरेट) बताते हुए कहा कि अमेरिका दुनिया का इकलौता ऐसा पाइरेट है जिसके पास एयरक्राफ्ट कैरियर हैं।

रजाई ने पिछले महीने इस्फहान में एक अमेरिकी एफ-15ई विमान गिराए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि जैसे उस विमान का मलबा पड़ा था, वैसे ही अमेरिकी जहाजों और सैनिकों का भी अंजाम हो सकता है।

वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि ईरान ने कोई गलती की, तो उस पर फिर से हमले हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका फिलहाल मजबूत स्थिति में है, जबकि तेहरान दबाव में है और समझौता करना चाहता है।

इसके अलावा ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर बताया कि पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान की ओर से 14-पॉइंट का प्रस्ताव मिला है, जिसके डिटेल ड्राफ्ट का इंतजार है। इस नए प्रस्ताव का हम रीव्यू भी कर रहे है। ईरान ने 3 अप्रैल को इस्फहान प्रांत में अमेरिका का एफ-15ई फाइटर जेट गिरा दिया था, जिसकी तस्वीर 5 अप्रैल को जारी की गई थी। (अनंत ज्ञान)

### ईरान के 14-प्वॉइंट प्रस्ताव में कई मुद्दे शामिल



**ईरानी** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह 14-पॉइंट का प्रस्ताव अमेरिका के 9-पॉइंट प्लान के जवाब में भेजा गया है। इसमें 30 दिनों के भीतर सभी मुद्दों के समाधान, भविष्य में हमलों के खिलाफ गारंटी, क्षेत्र से अमेरिकी सैनिकों की वापसी, फ्रीज किए गए ईरानी एसेट्स को रिलीज करने, प्रतिबंध हटाने और युद्ध के मुआवजे की मांग शामिल है। इसके अलावा प्रस्ताव में होर्मुज स्ट्रेट को लेकर नया मैकेनिज्म बनाने, अमेरिकी नेवल नाकेबंदी खत्म करने और क्षेत्रीय संघर्षों को समाप्त करने की बात भी कही गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, समझौते के बाद परमाणु कार्यक्रम पर अलग से बातचीत का प्रस्ताव भी रखा गया है।

# अब हर बच्चे की होगी डायबिटीज स्क्रीनिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बाल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने हाल ही में संपन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा वितरण में सर्वोत्तम प्रथाओं पर राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में बच्चों में मधुमेह पर मार्गदर्शन दस्तावेज जारी किया। यह मार्गदर्शन दस्तावेज पहली बार बचपन के मधुमेह की जांच, निदान, उपचार और दीर्घकालिक प्रबंधन के लिए एक संरचित और मानकीकृत राष्ट्रीय ढांचा स्थापित करता है। इस पहल से भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो जाता है, जिन्होंने बचपन में मधुमेह की देखभाल को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में एकीकृत किया है।

इस दस्तावेज का उद्देश्य जन्म से 18 वर्ष तक के सभी बच्चों की सार्वभौमिक जांच सुनिश्चित करना है, जिसमें सामुदायिक और विद्यालय-आधारित प्लेटफार्मों के माध्यम से शीघ्र पहचान शामिल है। संदिग्ध मामलों में तत्काल रक्त शर्करा परीक्षण किया जाएगा, जिसके बाद पुष्टिकरण निदान और उपचार के लिए जिलास्तरीय स्वास्थ्य केंद्रों में समय पर रेफरल किया जाएगा। इस ढांचे की एक प्रमुख विशेषता सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एक व्यापक, निशुल्क देखभाल पैकेज का प्रावधान है। इसमें स्क्रीनिंग, निदान सेवाएं, आजीवन इंसुलिन थेरेपी, ग्लूकोमीटर और टेस्ट स्ट्रिप्स जैसे निगरानी उपकरण और नियमित फॉलोअप देखभाल शामिल हैं। इस दृष्टिकोण का उद्देश्य वित्तीय बोझ को कम करना और मधुमेह से पीड़ित बच्चों के लिए निर्बाध उपचार सुनिश्चित करना है। (अनंत ज्ञान)

# सीबीएसई सब-कैडर परीक्षा परिणाम घोषित शिक्षा बोर्ड ने जारी की फाइनल आंसर-की

अनंत ज्ञान

◆ विशेषज्ञों की समीक्षा के बाद अंकों के साथ वेबसाइट पर उपलब्ध रिजल्ट

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने रविवार को सीबीएसई सब कैडर स्क्रीनिंग टेस्ट-2026 के परिणामों की घोषणा कर दी है। बोर्ड ने न केवल अभ्यर्थियों के व्यक्तिगत अंक सार्वजनिक किए हैं, बल्कि पूरी चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए अंतिम उत्तर कुंजी भी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। बोर्ड के इस कदम से उन हजारों अभ्यर्थियों का इंतजार खत्म हो गया है, जिन्होंने मार्च माह में आयोजित इस परीक्षा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी।

बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि 22 मार्च 2026 को कुल 27 विभिन्न विषयों और पदों के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित किया गया था। परीक्षा के उपरांत बोर्ड द्वारा प्रोविजनल आंसर की जारी कर अभ्यर्थियों से आपत्तियां मांगी गई थीं। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि प्राप्त हुई सभी आपत्तियों का विषय विशेषज्ञों द्वारा गहनता से विश्लेषण और समीक्षा की गई। विशेषज्ञों की इन्हीं अंतिम सिफारिशों के आधार पर ही फाइनल आंसर की तैयार की गई है, जिसके बाद परिणाम को अंतिम रूप दिया गया।

### वेबसाइट पर एक क्लिक पर उपलब्ध है विवरण : डॉ. राजेश

**डॉ.** राजेश शर्मा ने कहा कि बोर्ड का प्राथमिक लक्ष्य भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना है। इसी उद्देश्य के साथ बोर्ड ने निर्णय लिया है कि अभ्यर्थी अब बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने व्यक्तिगत अंक और परिणाम देख सकते हैं। इसके साथ ही, सभी 27 विषयों की फाइनल उत्तर कुंजियां भी पोर्टल पर उपलब्ध करवा दी गई हैं, ताकि अभ्यर्थी अपने प्रदर्शन का मिलान विशेषज्ञों द्वारा प्रमाणित उत्तरों से कर सकें।



# अंतरिक्ष में भारत की नई छलांग: दुनिया का पहला ऑप्टोसार सैटेलाइट लॉन्च

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को दुनिया के पहले ऑप्टोसार सैटेलाइट मिशन दृष्टि के सफल प्रक्षेपण की सराहना की है। बंगलूरू स्थित अंतरिक्ष स्टार्टअप गैलेक्सआई ने इस उपग्रह को बनाया है। गैलेक्सआई के मिशन दृष्टि उपग्रह को रविवार को कैलिफोर्निया से स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में भेजा गया। यह भारत में किसी निजी संस्थान की ओर से बनाया गया अब तक का सबसे बड़ा उपग्रह है।

पीएम मोदी ने इस उपलब्धि को भारत के लिए गौरवशाली बताया है। उन्होंने कहा कि गैलेक्सआई का मिशन दृष्टि हमारी अंतरिक्ष यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि है। दुनिया के पहले ऑप्टोसार उपग्रह और भारत में सबसे बड़े निजी तौर पर निर्मित उपग्रह का सफल प्रक्षेपण नवाचार और राष्ट्र-निर्माण के लिए हमारे युवाओं के जुनून का एक प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने गैलेक्सआई की पूरी टीम और इसके संस्थापकों को इस बड़ी कामयाबी पर बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। तकनीकी रूप से यह मिशन बेहद खास है। कंपनी के अनुसार, 'मिशन दृष्टि' दुनिया का पहला ऐसा उपग्रह है जिसमें इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल और सिंथेटिक अपर्चर रडार सेंसर एक साथ काम करेंगे। (अनंत ज्ञान)

**मुकाबला** 1426 ने ठोंकी ताल, अंतिम दिन 721 नामांकन से गरमाया सियासी माहौल

# हिमाचल में निकाय चुनाव में दावेदारों की बाढ़

अनंत ज्ञान

◆ नामांकन में कांगड़ा सबसे आगे व हमीरपुर सबसे पीछे

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में नगर निकाय चुनावों को लेकर सियासी सरगर्मियां अपने चरम पर पहुंच गई हैं। तीन दिनों तक चली नामांकन प्रक्रिया के समापन के साथ ही चुनावी रण पूरी तरह सज चुका है। कुल 1426 उम्मीदवारों ने मैदान में उतरकर सत्ता के इस स्थानीय संग्राम को दिलचस्प बना दिया है, जबकि अंतिम दिन अकेले 721 नामांकन दाखिल होने से साफ है कि मुकाबला बेहद कांटे का होने जा रहा है।

नामांकन के आंकड़ों पर नजर डालें तो कांगड़ा जिला सबसे आगे रहा, जहां 269 प्रत्याशियों ने दावेदारी पेश की। इसके विपरीत हमीरपुर में केवल 55 नामांकन हुए, जो सबसे कम रहे। मंडी में 214, शिमला में 167, सोलन में 158 और ऊना में 137 नामांकन दाखिल हुए हैं। कुल्लू, चंबा, बिलासपुर और सिरमौर में भी प्रत्याशियों की अच्छी खासी संख्या ने चुनावी मुकाबले को बहुकोणीय बना दिया है। चुनाव प्रक्रिया अब अगले चरण में प्रवेश कर चुकी है। 4 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और उसी दिन नाम वापसी की अंतिम तिथि भी तय की गई है। इसके बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित होंगे। मतदान 17 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से होगा। इस बीच निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन ने सख्त निर्देश जारी किए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि चुनाव विभाग के कर्मचारियों को पंचायत और शहरी निकाय चुनावों में तैनात नहीं किया जाएगा, क्योंकि विभाग पहले ही कर्मचारियों की कमी व मतदाता सूची पुनरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्त है।

### आशा कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़ने के लिए किया अयोग्य घोषित

**वहीं,** पंचायती राज व्यवस्था में एक अहम निर्णय लेते हुए आशा कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। सरकार का तर्क है कि मानदेय और प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने के कारण वे सरकारी सेवा की श्रेणी में आती हैं, इसलिए वे चुनावी पात्रता की शर्तों को पूरा नहीं करतीं। अब निगाहें 17 मई पर टिक गई हैं, जब जनता अपने मताधिकार का प्रयोग कर इन दावेदारों के भाग्य का फैसला करेगी और तय करेगी कि नगर निकायों की बागडोर किसके हाथों में जाएगी।

### चुनाव के महासंग्राम में कौन मारेगा बाजी?

**नगर** निकाय चुनाव इस बार कई मायनों में खास बन गए हैं। एक ओर बड़ी संख्या में उम्मीदवारों ने मुकाबले को बहुकोणीय बना दिया है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय मुद्दों सड़क, पानी, सफाई और विकास-पर जनता की पैनी नजर बनी हुई है। राजनीतिक दलों के साथ-साथ निर्दलीय प्रत्याशी भी पूरी ताकत के साथ मैदान में हैं। 17 मई को जब मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे, तब यह तय होगा कि नगर निकायों की कमान किसके हाथों में जाएगी। यह चुनाव आने वाले समय की सियासी तस्वीर भी स्पष्ट करेगा।

# गर्मी से राहत पाने हिमाचल में उमड़ा बाहरी राज्यों के सैलानियों का सैलाब

## ग्रामीण होमस्टे बने पहली पसंद, होमस्टे की ओर रुझान बढ़ने से ग्रामीण पर्यटन को मिला नया आयाम

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मैदानी इलाकों में बढ़ती भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए राज्य के पर्यटन स्थलों पर सैलाननियों का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ पड़ा है। ठंडे मौसम व प्राकृतिक सौंदर्य के चलते यहां के शहरों के साथ-साथ अब ग्रामीण क्षेत्र भी पर्यटकों से गुलजार हो रहे हैं।

खास बात यह है कि इस बार पर्यटकों का रुझान पारंपरिक होटलों की बजाय होमस्टे और ग्रामीण ठिकानों की ओर अधिक देखने को मिल रहा है, जहां उन्हें कम भीड़, बेहतर अनुभव और स्थानीय संस्कृति का करीब से एहसास मिल रहा है। जानकारी के अनुसार प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थल शिमला, मनाली, कुफरी, नारकंडा, किन्नौर और धर्मशाला में पिछले सप्ताह के मुकाबले पर्यटकों की संख्या में करीब 10 से 15 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई है। वीकेंड पर होटलों की ऑक्यूपेंसी 55 से 60 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जबकि कई स्थानों पर होमस्टे पूरी तरह से भरे हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित होमस्टे में पर्यटकों की संख्या होटलों से भी अधिक बताई जा रही है, जो इस बदलते ट्रेंड को स्पष्ट करता है।

पर्यटकों की बढ़ती संख्या से प्रदेश की अर्थव्यवस्था में भी सकारात्मक असर दिखाई दे रहा है। ढाबों, रेस्तरां, टैक्सी चालकों, स्थानीय दुकानदारों और हस्तशिल्प कारोबारियों की आमदनी में इजाफा हुआ है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में होमस्टे संचालकों के लिए यह सीजन किसी अवसर से कम नहीं है, जहां उन्हें सीधे तौर पर पर्यटन का लाभ मिल रहा है। हालांकि, बढ़ती भीड़ के साथ कई समस्याएं भी सामने आ रही हैं। शिमला, मनाली, परवाणू और कुल्लू जैसे क्षेत्रों में यातायात का दबाव बढ़ने से जगह-जगह



जाम की स्थिति बन रही है। कई स्थानों पर घंटों तक वाहन फंसे रहने से पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस और प्रशासन द्वारा यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए अतिरिक्त जवान तैनात किए गए हैं, लेकिन भीड़ के चलते चुनौती बनी हुई है। मौसम के बिगड़ते तेवर भी चिंता का कारण बन रहे हैं। प्रदेश के कुछ इलाकों में भूस्खलन और मार्ग अवरुद्ध होने की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे आवाजाही प्रभावित हुई है। अचानक बदलते मौसम ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए जोखिम भी बढ़ा दिया है। प्रशासन ने सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है।

### होटलों में ऑक्यूपेंसी बढ़ी लेकिन होमस्टे रहे आगे

**ग्रामीण** क्षेत्रों में बने होमस्टे पर्यटकों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं, जहां उन्हें सुकून भरा माहौल, स्थानीय खानपान और प्राकृतिक परिवेश का अनुभव मिल रहा है। वीकेंड पर होटलों की ऑक्यूपेंसी 60 प्रतिशत तक पहुंची, लेकिन होमस्टे में इससे अधिक बुकिंग दर्ज की गई है।पर्यटकों के बढ़ते वाहनों के कारण प्रमुख सड़कों पर लंबा जाम देखने को मिल रहा है, जिससे सफर प्रभावित हुआ है। अचानक बदलते मौसम और भूस्खलन की घटनाओं ने पर्यटन के बीच खतरे की स्थिति भी पैदा कर दी है।

### नई ऊंचाई की तरफ बढ़ा पर्यटन उद्योग

**हिमाचल** में पर्यटन का यह सीजन जहां एक ओर आर्थिक दृष्टि से बेहद उत्साहजनक साबित हो रहा है, वहीं दूसरी ओर बढ़ती महंगाई, खासकर व्यावसायिक गैस सिलेंडरों और खाद्य सामग्री की कीमतों में वृद्धि ने होटल और होमस्टे संचालकों के लिए नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। इसके बावजूद ठंडी वादियों का आकर्षण कम नहीं हुआ है। वहीं पर्यटकों का रुख लगातार हिमाचल की ओर बना हुआ है, जिससे प्रदेश का पर्यटन एक नई ऊंचाई की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। अगर मौसम ऐसा ही सुहावना बना रहा तो यह पर्यटन सीजन काफी अच्छा साबित होगा।

# बच्चों के अधिकारों को दी जाएगी सर्वोच्च प्राथमिकता : अनिता ठाकुर

## बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष का दायित्व देने पर सीएम का जताया आभार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष अनिता ठाकुर ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने पर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह तथा प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद किया। उन्होंने शिमला में मुख्यमंत्री से भेंट कर व्यक्तिगत रूप से भी इस जिम्मेदारी के लिए आभार जताया।



सीएम सुक्खू से मुलाकात करतीं राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष अनिता ठाकुर। अनंत ज्ञान

अनिता ठाकुर ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी चुनौती भी है, जिसे वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश में बच्चों के अधिकारों की रक्षा, उनके समग्र विकास और सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा जैसे अहम विषयों पर आयोग विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने आगे कहा कि बाल संरक्षण से जुड़े कानूनों और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। अनिता ठाकुर ने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार और समाज के संयुक्त प्रयासों से प्रदेश में बच्चों के हितों की रक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे तथा प्रत्येक बच्चे के सुरक्षित, स्वस्थ और सशक्त भविष्य के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।

# चुनावों में मजबूती से काम करें कार्यकर्ता: प्रतिभा सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से चार नगर निगमों सहित पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकायों के आगामी चुनावों में कांग्रेस को मजबूती देने का आह्वान किया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, इसलिए यह आवश्यक है कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी के पक्ष में पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे संगठनात्मक अनुशासन का पालन करते हुए पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।



◆ पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट और अनुशासन में रहने का आह्वान

उन्होंने अपने बयान में कहा कि चारों नगर निगमों में जीत हासिल करने के लिए कार्यकर्ताओं की एकता और समर्पण सबसे अहम है। पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के योगदान को याद करते हुए प्रतिभा सिंह ने कहा कि उन्होंने हमेशा पार्टी के निर्णयों का सम्मान करते हुए संगठन को मजबूत किया और प्रदेश में कांग्रेस की जड़ें गहरी कीं। आज उसी विरासत को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है, जो उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने विशेष तौर पर अपने समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस मजबूत नींव को और सुदृढ़ करें, ताकि प्रदेश में कांग्रेस और अधिक सशक्त होकर उभर सके।

# शिक्षा मंत्री ने सड़क दुर्घटना में घायल टीचर्स का जाना कुशलक्षेम

## हादसे में चार अध्यापिकाओं की मौत पर जताया गहरा शोक



अस्पताल में घायलों का कुशलक्षेम जानते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कुल्लू जिले के आनी क्षेत्र में हुई दर्दनाक घटना में चार लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इस हादसे को अत्यंत हृदय विदारक बताते हुए कहा कि यह पूरे क्षेत्र और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। मंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और इस कठिन समय में परिवारों को संबल प्रदान करने की कामना की। रोहित ठाकुर ने प्रशासन को निर्देश दिए कि घायलों को तुरंत और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाए तथा प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना करते हुए कहा कि सरकार इस दुख की घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है।

◆ घायलों के बेहतर इलाज हरसंभव मदद के निर्देश

# सीबीएसई परीक्षा में पूजा ने हासिल किया चौथा स्थान

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में नए सीबीएसई विद्यालयों में अध्यापकों की नियुक्ति के लिए आयोजित चयन परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए हैं। इस परीक्षा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीरन में राजनीतिशास्त्र की प्रवक्ता पूजा सारटा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय बल्कि समूचे जुन्गा क्षेत्र का नाम भी गौरवान्वित किया है। पूजा सारटा मूलतः जुन्गा के शरोटी क्षेत्र की निवासी हैं। उन्होंने राजनीतिशास्त्र में स्नातकोत्तर की उपाधि हिमाचल विश्वविद्यालय से प्राप्त की है। इसके अतिरिक्त बीएड करने के बाद उन्होंने राजनीतिशास्त्र विषय में एनईटी और एसईटी परीक्षाएं भी उत्तीर्ण की हैं। हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रवक्ता परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात अप्रैल 2025 में उनकी पहली नियुक्ति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीरन में प्रवक्ता के रूप में हुई। इससे पूर्व वह सरस्वती विद्या मंदिर, हिम रश्मि परिसर, विकासनगर शिमला में तीन वर्षों तक शिक्षिका के रूप में सेवाएं दे चुकी हैं।



# चुनावों में रहेगी कड़ी निगरानी: डॉ. बिंदल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने आगामी पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनावों को लेकर पार्टी में अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का स्पष्ट संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अब तत्काल और सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा चुनावी गतिविधियों की निगरानी के लिए एक विशेष अनुशासन समिति का गठन किया गया है, जिसमें वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसमें डॉ. सिकंदर कुमार, विपिन सिंह परमार, बिहारी लाल शर्मा, इंदु गोस्वामी और बलबीर वर्मा शामिल हैं। यह समिति पूरे प्रदेश में नजर रखते हुए अनुशासनहीनता के मामलों में तुरंत कार्रवाई की अनुशंसा करेगी। डॉ. बिंदल ने कार्यकर्ताओं से संगठन की मर्यादा बनाए रखने और सामूहिक नेतृत्व की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि टिकट वितरण, प्रचार-प्रसार या अन्य संगठनात्मक निर्णयों के दौरान किसी भी प्रकार की बगावत या पार्टी विरोधी गतिविधि को बिलकुल भी सहन नहीं किया जाएगा।

◆ पंचायत व नगर निकाय चुनावों के लिए अनुशासन समिति गठित

## 23 अगस्त तक आयोजित होंगी विशेष लोक अदालत

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्याय को सरल, सुलभ व आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026' का शुभारंभ 21 अप्रैल से किया गया है, जो 23 अगस्त तक जारी रहेगा। इस विशेष पहल का मुख्य लक्ष्य न्यायालय में लंबित मामलों का आपसी सहमति और सुलह के माध्यम से त्वरित निपटारा करना है। इस अभियान के तहत राज्य, जिला, तालुका और उच्च न्यायालय स्तर पर विधिक सेवा प्राधिकरणों एवं मध्यस्थता केंद्रों में पूर्व-सुलह बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इन बैठकों में पक्षकार व्यक्तिगत अथवा वर्चुअल माध्यम से भाग लेकर अपने विवादों को आपसी संवाद से सुलझा सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति अपने मामलों को शामिल करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट फॉर्म भर सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है।

# संतोष बने डीसी ऑफिस कर्मचारी संघ के प्रधान

## कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने और समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ, जिला शिमला के चुनावों में संतोष कुमार ने शानदार जीत दर्ज करते हुए प्रधान पद हासिल किया। शिमला के बचत भवन में आयोजित आम सभा के दौरान यह चुनाव संपन्न हुए, जिनमें कुल 142 मत डाले गए। संतोष कुमार को 89 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी राज कृष्ण ठाकुर को 12 और अमित घमाटा को 40 मत मिले। एक मत अवैध घोषित किया गया। चुनाव प्रक्रिया निवर्तमान प्रधान अमित ठाकुर की अध्यक्षता में हुई, जिसमें जिले के विभिन्न उपमंडलों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

चुनाव से पहले अमित ठाकुर ने अपनी कार्यकारिणी की उपलब्धियों को सभा के समक्ष रखा और



नवनिर्वाचित प्रधान संतोष कुमार एवं अन्य पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

तत्पश्चात वर्तमान कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की गई। निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने की जिम्मेदारी निर्वाचन अधिकारी रमित कुमार तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी पीताम्बर शर्मा ने निभाई। इसके साथ ही नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें आशीष ठाकुर को उपप्रधान, सुलक्षणा चौहान को उप प्रधान महिला वर्ग, हीना को उप प्रधान चतुर्थ श्रेणी, खिमे राम को महासचिव, विनोद कश्यप को संयुक्त सचिव और साहिल शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया।

### तीन वर्ष निर्धारित किया नई कार्यकारिणी का कार्यकाल

**नई** कार्यकारिणी का कार्यकाल तीन वर्ष निर्धारित किया गया है। आम सभा ने अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों के मनोनयन का अधिकार भी नव-निर्वाचित प्रधान को सौंपा है। इस अवसर पर संतोष कुमार ने सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना होगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नई कार्यकारिणी सभी कर्मचारियों के सहयोग से उनके मुद्दों को प्रभावी ढंग से प्रशासन के समक्ष उठाएगी।

# नर्सिंग संस्थान खनेरी में केवल 2 छात्राएं टीबी पॉजिटिव : विभाग

## कहा-19 छात्राओं वाली खबर भ्रामक, अफवाहों से बचें

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** महात्मा गांधी मेमोरियल स्वास्थ्य सेवाएं संस्थान खनेरी, रामपुर के नर्सिंग हॉस्टल में टीबी मामलों को लेकर कुछ मीडिया एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भ्रामक जानकारी प्रसारित की जा रही है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग स्पष्ट करता है कि नर्सिंग हॉस्टल में केवल 2 छात्राएं टीबी पॉजिटिव पाई गई हैं, जिनका उपचार समय पर शुरू किया गया। इनमें से एक छात्रा पूर्ण रूप से स्वस्थ हो चुकी है तथा दूसरी छात्रा नियमित इलाज पर है।

जैसा कि सोशल मीडिया में बताया जा रहा है कि 19 छात्राएं संक्रमित हैं, यह पूरी तरह गलत है। दिनांक 09.07.2025 को पहली छात्रा टीबी पॉजिटिव पाई गई थी, जिसका उसी दिन इलाज शुरू किया गया तथा उसके 13 क्लोज कॉन्टैक्ट्स को टीपीटी दिया गया। इसके बाद दिनांक 09.12.2025 को दूसरी छात्रा टीबी पॉजिटिव पाई गई, जिसका भी तत्काल उपचार शुरू किया गया तथा उसके 03 क्लोज कॉन्टैक्ट्स को टीपीटी दिया गया।

16 छात्राएं उपरोक्त दोनों टीबी से ग्रसित छात्राओं के क्लोज कॉन्टैक्ट्स हैं और एक अन्य छात्रा किसी बाहरी मरीज के क्लोज कॉन्टैक्ट के रूप में टीपीटी ले रही हैं। यह भारत सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार टीबी से बचाव हेतु दिया जा रहा है ताकि भविष्य में उन्हें टीबी होने से बचाया जा सके। इनमें एमडीआर-टीबी का कोई भी मामला नहीं है।

दोनों टीबी से ग्रसित छात्राओं को निक्षय पोषण योजना के तहत डीबीटी के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान की गई है और निक्षय मित्र के सहयोग से पोषण किट भी उपलब्ध कराई गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मामलों की पहचान होते ही तत्काल उपचार शुरू किया गया और राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की गाइडलाइंस का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया गया है। साथ ही क्लोज कॉन्टैक्ट्स की स्क्रीनिंग एवं टीपीटी के माध्यम से संक्रमण की रोकथाम के प्रभावी कदम उठाए गए हैं। इसके अतिरिक्त 6 मार्च को उक्त नर्सिंग हॉस्टल में टीबी एक्टिव केस फाइंडिंग हेतु विशेष कैंप आयोजित किया गया, जिसमें 80 छात्राओं की हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से एक्स-रे तथा टीबी लक्षणों की जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग सभी नागरिकों से अपील करता है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक एवं प्रमाणिक जानकारी पर ही विश्वास करें।

**सियासत** कांग्रेस को हर स्तर पर घेरने का लिया संकल्प, विपिन कुमार का भाजपा को भारी जनादेश मिलने का दावा

# पंचायत चुनावों को लेकर भाजपा ने तैयार की नई रणनीति

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश में आगामी नगर निकाय एवं पंचायतीराज चुनावों को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है, जहां भाजपा ने संगठनात्मक स्तर पर अपनी रणनीति को धार देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में पार्टी ने कांग्रेस सरकार को घेरने के लिए चुनावी मोर्चे पर आक्रामक रुख अपनाने का संकेत दिया है।

भाजपा पंचायतीराज एवं नगर निकाय चुनाव प्रबंधन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश कार्यालय दीप कमल, चक्कर में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक विपिन परमार ने की। बैठक में आगामी नगर निगम, नगर निकाय एवं जिला परिषद चुनावों को लेकर विस्तृत रणनीति बनाई गई। नेताओं ने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने, मंडल व जिला इकाइयों के सुझावों को शामिल करने तथा बूथ स्तर तक



नगर निकाय एवं पंचायतीराज चुनावों को लेकर भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में मौजूद पार्टी नेता। अनंत ज्ञान

सक्रियता बढ़ाने पर विशेष बल दिया। इस दौरान भाजपा ने स्पष्ट संकेत दिया कि वह इन चुनावों को पूरी गंभीरता के साथ लड़ते हुए कांग्रेस को कड़ी चुनौती देने के लिए तैयार है।

बैठक में बोलते हुए विपिन परमार ने कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश में जनाक्रोश चरम पर है और जनता अब जवाब देने के मूड में है। उन्होंने महिलाओं को 1500 प्रतिमाह देने के वादे को लेकर सरकार को घेरते हुए कहा कि वर्षों बीत जाने के बावजूद एक भी लाभार्थी को राशि नहीं मिली, जो सीधा विश्वासघात है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों और नीयत के कारण प्रदेश पर भारी वित्तीय बोझ का संकट खड़ा हो गया है, जिससे जनता में असंतोष लगातार बढ़ रहा है और इसका असर आगामी चुनावों में साफ दिखाई देगा। कनेरी नर्सिंग संस्थान में सामने आए टीबी संक्रमण के मामले को लेकर भी उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में अव्यवस्था, भोजन व्यवस्था में अनियमितता और प्रशासनिक लापरवाही चिंताजनक है। परमार ने कहा कि अभिभावकों का विरोध और जांच में सामने आई खामियां यह दर्शाती हैं कि सरकार बुनियादी व्यवस्थाओं को संभालने में विफल रही है। उन्होंने दावा किया कि स्वास्थ्य, शिक्षा और जनकल्याण से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस पूरी तरह असफल रही है और आगामी चुनावों में जनता इसका करारा जवाब देकर भाजपा को सशक्त जनादेश देगी।

◆ छात्राओं के टीबी पॉजिटिव होने पर सरकार को घेरा

# ऊना में करोड़ों के चिट्टे की बरामदी गंभीर चेतावनी

## देवभूमि में नशे के बढ़ते नेटवर्क ने बढ़ाई प्रदेशवासियों की चिंता

अनंत ज्ञान

**राजेश शर्मा, ऊना।** संतोषगढ़ में 1.005 किलोग्राम चिट्टा (सिंथेटिक ड्रग) की बरामदगी ने हिमाचल प्रदेश, विशेषकर ऊना जिले में तेजी से फैलते नशे के नेटवर्क की भयावह तस्वीर सामने ला दी है। एक महिला पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) द्वारा की गई यह कार्रवाई राज्य के इतिहास की सबसे बड़ी बरामदगियों में से एक मानी जा रही है। महिला अधिकारी लोगों में सुर्खियां बटोर रही हैं। यह उपलब्धि जहां पुलिस की सतर्कता को दर्शाती है, वहीं यह भी स्पष्ट करती है कि नशा तस्करों का जाल अब बेहद संगठित और गहरे स्तर तक फैल चुका है। पुलिस के साथ हिमाचल सरकार के लिए यह कार्रवाई राहत के साथ चिंता भी बढ़ा रही है। हिमाचल में इससे पहले 30 अप्रैल 2026 को कांगड़ा और 29 सितंबर 2025 को बिलासपुर में भी बड़ी मात्रा में चिट्टा पकड़ा गया था, लेकिन ऊना में बरामद हुई यह खेप कई गंभीर सवाल खड़े करती है। करोड़ों रुपए कीमत का यह नशा किसी छोटे स्तर के तस्कर का काम नहीं हो सकता। यह साफ संकेत है कि इसके पीछे एक संगठित गिरोह सक्रिय है, जिसकी जड़ें प्रदेश से बाहर तक फैली हुई हैं। ऊना जिले के युवक चिट्टा (सिंथेटिक ड्रग) के साथ काबू किए गए हैं यह अत्यंत चिंता के विषय है। ऊना में हुई यह बड़ी बरामदगी एक उपलब्धि जरूर है, लेकिन इससे भी बड़ा संदेश यह है कि नशे का नेटवर्क अब खतरनाक स्तर तक पहुंच चुका है। इसे समय रहते जड़ से खत्म करना पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

### ◆ राज्य के इतिहास की सबसे बड़ी बरामदगियों में से एक

### ऊना जिले की पंजाब से लगती सीमा तस्करों के लिए बना आसान रास्ता

**ऊना** जिले की पंजाब से लगती सीमा लंबे समय से तस्करों के लिए आसान रास्ता बनी हुई है। जांच में सामने आया है कि पंजाब में बैठे बड़े डीलर स्थानीय एजेंटों के जरिए हिमाचल के युवाओं तक इस जहर को पहुंचा रहे हैं। लंबे समय से छोटे-छोटे मामलों में नशे की बरामदगी होती रही, लेकिन मुख्य सरगनाओं तक पहुंच बनाना चुनौती बना रहा। सबसे अधिक चिंता इस बात की है कि इस नेटवर्क का शिकार 20 से 40 वर्ष आयु वर्ग के युवा बन रहे हैं। ऊना, अंब, गगरेट और बंगाणा जैसे क्षेत्रों में लगातार 2.18 ग्राम, 10.36 ग्राम और 102 ग्राम जैसी खेपों के साथ तस्करों की गिरफ्तारी इस समस्या की गंभीरता को दर्शाती है।

# हिमाचल में गिरफ्तारी के नियम हुए सख्त

## अब तुरंत देनी होगी सूचना; हर थाने में विशेष रजिस्टर होंगे, फॉर्म में भरने होंगे सभी विवरण

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में गिरफ्तारी से जुड़े नियमों को ज्यादा सख्त व पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। नए प्रावधानों के तहत अब किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी के तुरंत बाद उसके परिवार या नामित व्यक्ति को सूचना देना अनिवार्य होगा। इस व्यवस्था से नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा के साथ-साथ पुलिस की जवाबदेही 20 सुनिश्चित होगी।

राज्य सरकार के गृह विभाग ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 48(3) के तहत इन नियमों को अधिसूचित किया है। अधिसूचना के अनुसार, इन नियमों को गिरफ्तार व्यक्तियों की सूचना नियम, 2025 नाम दिया गया है और यह राजपत्र में प्रकाशन के साथ ही प्रभावी हो जाएंगे। इस पहल से गिरफ्तारी प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ने की उम्मीद है।

नए नियमों के तहत प्रत्येक पुलिस स्टेशन में गिरफ्तारी से संबंधित जानकारी दर्ज करने के लिए एक विशेष रजिस्टर रखा जाएगा। इस रजिस्टर में गिरफ्तारी की पूरी जानकारी विस्तार से दर्ज होगी और इसकी सूचना संबंधित पुलिस कंट्रोल रूम को देना भी अनिवार्य किया गया है। इससे रिकॉर्ड की निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। पुलिस अधिकारियों को अब निर्धारित फॉर्म में सभी आवश्यक विवरण भरने होंगे।

इसमें यह भी दर्ज किया जाएगा कि सूचना किसे दी गई और कब दी गई। इस प्रक्रिया से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी गिरफ्तारी की सूचना समय पर संबंधित व्यक्ति तक पहुंचे और उसका पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रहे।

### मोबाइल, व्हाट्सऐप और ई-मेल से भी दी जा सकेगी सूचना



**नियमों** के अनुसार, सूचना देने के लिए आधुनिक माध्यमों का भी उपयोग किया जाएगा। पुलिस अधिकारी मोबाइल फोन, व्हाट्सऐप, एसएमएस, ईमेल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के जरिए सूचना दे सकेंगे। साथ ही जरूरत पड़ने पर भौतिक रूप से भी सूचना उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे किसी भी स्थिति में सूचना देने में देरी न हो।

### गिरफ्तारी प्रक्रिया में बढ़ेगी पारदर्शिता

**इन** नए प्रावधानों से गिरफ्तारी प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और नागरिकों के अधिकारों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होगी। पुलिस की कार्यप्रणाली में जवाबदेही तय होने से मनमानी की गुंजाइश कम होगी और आम लोगों का विश्वास भी मजबूत होगा।

# नूरपुर में प्राइवेट बस पलटी; 40 यात्री घायल, गंभीर लोगों को टांडा किया रेफर

## चंबा से ऊना की ओर जा रही थी बस, चालक को हार्ट अटैक आने की आशंका

अनंत ज्ञान



**नूरपुर।** क्षेत्र में एक निजी बस के पलटने से बड़ा हादसा पेश आया, जिसमें करीब 40 सवारियां घायल हो गईं। सभी घायलों को तुरंत सिविल हॉस्पिटल नूरपुर में भर्ती करवाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल यात्रियों को टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार यह निजी बस चंबा से ऊना की ओर जा रही थी। हादसे के बाद यात्रियों ने बताया कि बस चालक को अचानक हार्ट अटैक आने की आशंका जताई जा रही है, जिसके चलते बस अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गई।

गनीमत यह रही कि बस सड़क की ओर ही गिरी, यदि बस पहाड़ी की तरफ लुढ़क जाती तो हादसा और भी भयावह हो सकता था और जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता था। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंच गया और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। क्षेत्र के विधायक रणबीर सिंह निक्का भी मौके पर पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। इस दौरान शहर के कई प्रमुख लोग और स्थानीय निवासी भी सेवा कार्य में जुटे रहे तथा घायलों की हर संभव सहायता की गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### ◆ विधायक रणबीर निक्का ने मौके पर पहुंचकर जाना घायलों का हालचाल

### लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने की घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने नूरपुर में हुए बस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए घटना के 24 घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुखद घटना है और वह सभी घायल यात्रियों एवं उनके परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होंने विशेष रूप से गंभीर रूप से घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की तथा प्रशासन से घायलों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने का आग्रह किया। गौरतलब है कि नूरपुर में 44 सवारियों से भरी एक निजी बस, जो चंबा से ऊना जा रही थी, ड्राइवर को हार्ट अटैक आने की वजह से पलट गई। घटना में 24 गंभीर घायलों को टांडा मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया गया है, और बाकी 20 लोगों का नूरपुर के सरकारी अस्पताल में इलाज जारी है।

# भादर सिंह को 2003 से सारे लाभ देने के आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में वन विभाग में कार्यरत रहे एक दिहाड़ीदार भादर सिंह को नियमितिकरण के लाभ जो विभाग उसे 2017 से दे रहा था को 2002 से देने के आदेश दिए। जस्टिस अजय मोहन गोयल की अदालत ने भादर सिंह के वकील आजाद कैथ की दलीलों से सहमति जताते हुए यह आदेश जारी किए। अधिवक्ता आजाद कैथ ने बताया कि भादर सिंह पुत्र मंगरू राम गांव लोट, डाकघर नांडी, तहसील चच्योट जिला मंडी उम्र 62 की ओर से यह अपील दायर की गई थी। भादर सिंह वन विभाग की मंडी रेंज में वर्ष 1995 में बतौर बेलदार तैनात हुआ था। उसे पंडोह नर्सरी में रखा गया था।



### ◆ विभाग 2017 से दे रहा था नियमितीकरण के लाभ

8 साल की सेवा पूरी करने के बाद उसे 2002 में नियमित किया जाना था मगर विभाग ने उसे कई नियम बताकर वर्ष 2017 में नियमित किया। वह 2024 में सेवानिवृत हो गया मगर उसे सेवा के लाभ 2017 के नियमितीकरण के हिसाब से जारी किए गए। इस पर उसने न्यायालय में अपील दायर की। प्रदेश उच्च न्यायालय ने उसके पक्ष में निर्णय सुनाते हुए विभाग को आदेश जारी किए कि वह भादर सिंह को वर्ष 2003 से नियमित करे व उसे उसी दिन से नियमितिकरण के लाभ दिए जाएं। प्रदेश उच्च न्यायालय ने केस नंबर 1098 आफ 2023 के तहत इसका निपटारा किया।

# सिरमौर के शाटी-पाशी चौंतरा में सर्वसम्मति से चुनी पंचायत



शाटी-पाशी चौंतरा में सर्वसम्मनित से चुने गए पंचायत प्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** जिला सिरमौर के शिलाई तहसील की ग्राम पंचायत टटियाना के शाटी-पाशी चौंतरा में पंचायत प्रतिनिधियों का चयन सर्वसम्मति से शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस दौरान गांव के लोगों ने एक अनोखी और सराहनीय परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बिना किसी चुनावी प्रतिस्पर्धा के प्रतिनिधियों का चयन किया।

गौरतलब है कि वर्ष 2020 में गांव के चार बड़े परिवारों के बीच आपसी सहमति से यह व्यवस्था शुरू की गई थी। इस प्रक्रिया के तहत प्रत्येक परिवार अपने-अपने प्रतिनिधियों के नाम प्रस्तावित करता है, जिसके बाद पर्ची डालकर निष्पक्ष रूप से चयन किया जाता है। आज आयोजित चयन प्रक्रिया में प्रधान पद के लिए पूनम शर्मा, उप-प्रधान के लिए दाता राम शर्मा और बीडीसी सदस्य के रूप में प्रियंका शर्मा को चुना गया। ग्रामीणों का कहना है कि इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य गांव में आपसी भाईचारा बनाए रखना, चुनावों में होने वाले अनावश्यक खर्च से बचना और बिना किसी विवाद के शांतिपूर्ण तरीके से नेतृत्व का चयन सुनिश्चित करना है।

गांव की यह पहल क्षेत्र में आपसी सौहार्द और लोकतांत्रिक परंपरा का एक सकारात्मक उदाहरण बनकर सामने आई है।

### ◆ 2020 से सहमति से चुने जा रहे प्रतिनिधि

# सीएम-नेताओं के खिलाफ अभद्र बयानों का देवभूमि में नहीं स्थान : अनुराग शर्मा

## राज्यसभा सांसद बोले- भाजपा से निकाले पुराने लोगों का कांग्रेस में स्वागत

अनंत ज्ञान



प्रेस वार्ता करते सांसद अनुराग शर्मा। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** राज्यसभा सांसद एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष कांगड़ा अनुराग शर्मा ने भाजपा व नेता पर जमकर हमले बोले हैं। रविवार को धर्मशाला में प्रेस वार्ता के दौरान सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि एक भाजपा नेता का आचरण ऐसा है कि सुबह उठते ही मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि एक राज्य के मुख्यमंत्री को ये कहना कि आपका कद छोटा है, इस तरह के बयानों का देवभूमि में कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को बाहर निकाला गया है, जिनका कांग्रेस खुले दिल से स्वागत करने को तैयार हैं। अनुराग ने कहा कि आज भाजपा की ये स्थिति है कि बाहरी नेता फैसला कर रहे है, जबकि वर्षों से विचारधारा से जुड़े लोगों को अनदेखा कर दरकिनार की जा रही है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि उन्होंनें नामांकन के दौरान अपनी संपति का सही ब्यौरा दिया था। सांसद ने कहा कि भाजपा नेता को भी अपने आय के साधन सार्वजनिक करना चाहिए। संसद में राज्य की अरजीडी बहाल करने के साथ आपदा से हुए नुकसान को लेकर केंद्र से जोर से मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि पीएम की ओर से घोषित 1500 करोड़ भी अब तक नहीं मिल पाए हैं।

कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी ने कहा कि युवाओं को भी नेताओं के आचरण सही नहीं लग रहे हैं। स्मार्ट सिटी में मर्ज एरिया में सीवरेज को लेकर कोई व्यवस्था ही नहीं की गई। मर्ज एरिया में सीवरेज हेतु 105, 130 व 180 करोड़ का प्रपोजल केंद्र को भेजा गया है। अंडरग्राउंड डस्टबिन प्रयोग असफल रहा, इस पर जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में 17 प्रत्याशी उतारे हैं, जोकि अनुभव भी रखते हैं और नए चेहरों व युवाओं को मौका प्रदान किया गया है।

# शिमला में 9 केंद्रों पर 3644 अभ्यर्थियों ने दी नीट परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में रविवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) का आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। शहर के 9 विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस महत्वपूर्ण परीक्षा में कुल 3738 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 3644 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 94 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ परीक्षा के संचालन को लेकर कड़ी निगरानी रखी गई, जिससे परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और सुचारू ढंग से संपन्न हो सकी।

शहर के प्रमुख परीक्षा केंद्रों में उत्कृष्टता केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली, राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) लालपानी, राजकीय मॉडल कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोर्टमोर, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जाखू हिल्स, राजकीय कन्या महाविद्यालय, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय मॉडल स्कूल समरहिल, विधि विभाग एचपीयू, राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय चौड़ा मैदान कोटशेरा तथा विश्वविद्यालय प्रौद्योगिकी संस्थान शामिल रहे, जहां अभ्यर्थियों ने शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा दी।

# कांग्रेस से 10 लाख फॉर्म का हिसाब मांग रहीं हिमाचल की महिलाएं : जयराम ठाकुर

## नेता प्रतिपक्ष ने इंदिरा गांधी सुख सम्मान निधि पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के दावे के साथ बनी सरकार को साढ़े तीन साल से अधिक समय हो चुका है, लेकिन महिलाओं से किए गए वादे अब तक पूरे नहीं हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान 18 से 59 वर्ष की महिलाओं को हर माह 1500 रुपये देने की गारंटी दी गई थी और लाखों महिलाओं से इसके लिए फॉर्म भरवाए गए, जो अब तक कार्यालयों में पड़े धूल खा रहे हैं।

उन्होंने शिमला से जारी बयान में कहा कि लगभग 10 लाख महिलाओं ने आवश्यक दस्तावेज जुटाने में समय और पैसा खर्च किया, लेकिन योजना की स्थिति को लेकर सरकार की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जा रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि लोकसभा चुनाव के समय दोबारा इस योजना की घोषणा की गई, लेकिन इसमें कई शर्तें जोड़ दी गईं, जिससे लाभार्थियों को भ्रम और परेशानी का सामना करना पड़ा। जयराम ठाकुर ने सवाल उठाया कि मनाली और सुलह विधानसभा क्षेत्रों में अप्रैल से राशि देने की घोषणा के बावजूद अब तक किसी महिला के खाते में पैसा नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा कि यदि योजना लागू करनी है तो पूरे प्रदेश की महिलाओं को समान रूप से लाभ मिलना चाहिए, न कि चुनिंदा क्षेत्रों तक इसे सीमित रखा जाए।

### सरकार पर वादाखिलाफी करने का लगाया आरोप

**जयराम** ठाकुर ने आरोप लगाया कि महिलाओं के सशक्तिकरण से जुड़ी कई योजनाएं बंद कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि बेटी है अनमोल, शगुन और कन्यादान जैसी योजनाएं या तो ठप हैं या उन्हें समाप्त करने की घोषणा कर दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े संस्थानों और सुविधाओं पर भी असर पड़ा है। उनका कहना था कि महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के मुद्दे पर की गई अनदेखी का जवाब नारी शक्ति आने वाले चुनावों में देगी और सरकार को अपने वादों का हिसाब देना होगा।

# एचपीयू में 'सांझी संस्कृति, सांझी विरासत' का आज होगा आगाज

## अनेकता में एकता का जीवंत मंच बनेगा विश्वविद्यालय परिसर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला में सोमवार से उत्तर भारत के प्रतिष्ठित सांस्कृतिक आयोजन 'सांझी संस्कृति सांझी विरासत' का शुभारंभ होने जा रहा है। भारतीय छात्र संघ की विश्वविद्यालय इकाई द्वारा आयोजित यह दो दिवसीय उत्सव देश की विविध संस्कृति, लोक परंपराओं और छात्र एकजुटता को समर्पित है।

यह आयोजन अपनी वैचारिक गहराई और सांस्कृतिक समावेशिता के लिए पूरे क्षेत्र में एक अलग पहचान बना चुका है, जिसमें विभिन्न पृष्ठभूमियों से आए छात्र अपनी-अपनी सांस्कृतिक धरोहर का प्रदर्शन करते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से लुप्त होती लोक कलाओं, पारंपरिक वाद्ययंत्रों और पोशाकों को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है। हिमाचल के विभिन्न जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों के छात्र भी इसमें भाग लेकर अपनी लोक संस्कृति की प्रस्तुति देंगे, जिससे विश्वविद्यालय परिसर एक लघु भारत का स्वरूप धारण करेगा। आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं, बल्कि 'अनेकता में एकता' के मूल विचार को सशक्त करते हुए सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश भी देगा।

### ◆ दो दिवसीय आयोजन में दिखेगी देशभर की सांस्कृतिक झलक

### उत्सव के प्रथम दिन गौहर रजा होंगे मुख्यातिथि

**उत्सव** के प्रथम दिन प्रसिद्ध लेखक, वैज्ञानिक और सामाजिक कार्यकर्ता गौहर रजा मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उनके विचार छात्रों के बीच वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक बदलाव की सोच को नई दिशा देंगे। दो दिवसीय इस आयोजन में हिमाचल का पारंपरिक नृत्य 'नाटी', विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य, संगीत और नाटक विशेष आकर्षण रहेंगे, जो पूरे परिसर को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर देंगे।

संबोधन | दरबारी इतिहासकारों ने मुगलों को महान और हिंदू वीरों को इतिहास से गायब करने का किया प्रयास

# महाराणा प्रताप राष्ट्रवादियों के आराध्यदेव : अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान



महाराणा प्रताप की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते अनुराग ठाकुर।

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने शूरवीर महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उनके जीवन, वीरता और आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए विशाल जनसमूह को संबोधित किया तथा श्रद्धासुमन अर्पित किए। अनुराग ने कहा कि महाराणा प्रताप राष्ट्रवादियों के आराध्यदेव हैं।

वह केवल एक शासक नहीं, बल्कि मातृभूमि की स्वतंत्रता और सनातन धर्म की रक्षा के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले महान योद्धा थे। उन्होंने कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि हम उस परंपरा के उत्तराधिकारी हैं, जिसने राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए हर प्रकार का त्याग किया। महाराणा प्रताप ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया और मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अरावली की दुर्गम घाटियों और वनों में रहना स्वीकार किया, लेकिन कभी पराधीनता को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि राजपूत केवल एक जाति नहीं बल्कि एक दायित्व और कर्तव्य का प्रतीक है। यह दायित्व राष्ट्र, धर्म और समाज की रक्षा का है।

हम केवल राजपूत ही नहीं बल्कि राष्ट्रपुत्र भी हैं, क्योंकि हम भारत माता और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए समर्पित हैं। सनातन धर्म ने हमें शस्त्र धारण करने का अधिकार इस संकल्प के साथ दिया है कि हम राष्ट्र, समाज और संस्कृति की रक्षा करेंगे। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि दरबारी इतिहासकारों ने मुगलों को महान दिखाने और हिंदू वीरों को इतिहास के पन्नों से गायब करने का प्रयास किया। मुगलों के महिमामंडन पर बड़ी-बड़ी किताबें लिखी गई, जबकि भारत की संस्कृति और सनातन की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले अनेक वीरों को वह स्थान नहीं दिया गया जिसके वे वास्तविक हकदार थे।

### सनातन संस्कृति के लिए संकट का समय था मुगल काल

**अनुराग** ने कहा कि मुगल कभी भारत को अपना नहीं मान सके, क्योंकि वे आक्रांता थे। मुगल काल सनातन संस्कृति के लिए संकट का काल था, जब मंदिरों और तीर्थ स्थलों पर हमले हुए। इसके बावजूद इतिहास में बार-बार आक्रांताओं का महिमामंडन किया गया। उन्होंने कहा कि सनातन को समाप्त करने की अनेक कोशिशें हुई, लेकिन हर बार सनातन और अधिक शक्ति के साथ आगे बढ़ा। मुगल आए और चले गए, अंग्रेज आए और चले गए, लेकिन सनातन पहले भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा। उन्होंने कहा कि इतिहास में चाहे कितने ही प्रयास वीरों को भुलाने के लिए किए जाएं, लेकिन वे हमारे संस्कारों, समाज और जनमानस में सदैव जीवित रहेंगे। महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर उन्होंने सभी से आह्वान किया कि देश को मजबूत बनाने और सनातन धर्म को संगठित करने के लिए एकजुट होकर कार्य करें।

## जिला पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत चार मामलों में की बड़ी कारवाई

# 7 दिन में 6.949 किलोग्राम चरस और 130.48 ग्राम चिट्टा पकड़ा

अनंत ज्ञान

◆ पुलिस ने नौ तस्कर किए गिरफ्तार, जांच जारी

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला पुलिस ने सात दिन में एनडीपीएस एक्ट के तहत चार मामलों पर कार्रवाई करते हुए 7 किलो चरस, 130.48 ग्राम चिट्टा बरामद किया है और 9 तस्कर गिरफ्तार किए हैं। पुलिस ने 27 अप्रैल से 3 मई के बीच चार अलग-अलग मामलों में चरस व चिट्टा (हेरोइन) बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी मामलों में जांच जारी है। पुलिस अधीक्षक कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि नशा तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और आम जनता से सहयोग की अपील की गई है। चार अलग-अलग मामले पुलिस थाना पंचरुखी, लंबागांव, बैजनाथ और गगल में अभियोग दर्ज किए गए हैं।

### कांगड़ा जिले में नशा तस्करों पर बड़ा प्रहार

**कांगड़ा** पुलिस ने जिले में नशा तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई करते हुए चार अलग-अलग मामलों में बड़ी सफलता हासिल की है। पहले मामले में 27 अप्रैल को पंचरुखी थाना क्षेत्र के बनूरी-पंचरुखी लिंक रोड पर गुप्त सूचना के आधार पर एक ऑल्टो कार से 4 किलो 40 ग्राम चरस बरामद की गई। इस दौरान दो आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि यह खेप मुख्य तस्करों को सप्लाई की जानी थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 18 घंटे के भीतर दो मुख्य तस्करों को भी गिरफ्तार कर लिया। दूसरे मामले में 29 अप्रैल को लंबागांव थाना क्षेत्र में आलमपुर के पास एक कार से 1 किलो 117 ग्राम चरस बरामद कर एक आरोपी को पकड़ा गया। आगे की जांच में मुख्य सप्लायर को मंडी जिले के बाली चौकी से हिरासत में लिया गया। तीसरे मामले में 30 अप्रैल की रात गगल क्षेत्र में ट्रैफिक चेकिंग के दौरान एचआरटीसी बस में सवार एक नाबालिग से 130.48 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पूछताछ में पता चला कि यह नशीला पदार्थ अमृतसर से पालमपुर सप्लाई किया जाना था। नाबालिग को नियमानुसार बाल सुधार गृह भेजा गया है, जबकि मुख्य आरोपी की तलाश जारी है। चौथे मामले में 2 मई को बैजनाथ क्षेत्र में गश्त के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो युवकों से 1 किलो 792 ग्राम चरस बरामद की गई। इन चारों मामलों में कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार कुल 6 किलो 949 ग्राम चरस और 130.48 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है, जो नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मानी जा रही है।

## बैजनाथ में दो बाइक सवारों से 1 किलो 792 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** कांगड़ा जिले के बैजनाथ क्षेत्र में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान दो मोटरसाइकिल सवारों से 1 किलो 792 ग्राम चरस बरादम की है। पुलिस टीम ने ज्ञान प्रकाश आचार्य हॉट मिक्स प्लांट, बुली कोठी के पास एक मोटरसाइकिल (नंबर एपपी 37 डी-8233) को जांच के लिए रोका तो उस दौरान चरस की यह खेप बरामद हुई। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान दीपक (24), निवासी गांव पतेहर, डाकघर झिकली, तहसील बैजनाथ, जिला कांगड़ा तथा ऋषि गोस्वामी (22), निवासी गांव नगनाल पुन्नर, डाकघर पुन्नर, उप-तहसील भवारना, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने इस संबंध में थाना बैजनाथ में एफआईआर नंबर 59/26 दर्ज की है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20, 25 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि बरामद मादक पदार्थ कहां से लाया गया था और इसे कहां सप्लाई किया जाना था।



## अनुराग शर्मा बोले-जोगिंद्रनगर-पठानकोट रेलवे लाइन को ब्राडगेज करने का उठाएंगे मुद्दा

अनंत ज्ञान

◆ 25 वर्ष से सुन रहे ब्राडगेज होगी पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलवे लाइन

◆ फोरलेन पर फोकस, सड़क मार्ग बदहाल, एनएचएआई के समक्ष उठाएंगे मामला

◆ सीयू के धर्मशाला कैंपस के बारे में सीएम से हो चुकी है बात

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पिछले ढाई दशक से सुनते आ रहे हैं कि पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलवे लाइन ब्राडगेज होगी, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हो पाया है। जब हम छोटे थे, तब से ऐसी बातें सुन रहे हैं, लेकिन धरातल पर कुछ नजर नहीं आता। कांगड़ा जिले में बन रहे फोरलेन पर फोकस किया जा रहा है, जबकि बरसात व आपदा से खस्ताहाल सड़कों की दशा को सुधारने की ओर किसी का ध्यान नहीं है। इन मुद्दों को केंद्रीय रेल मंत्री सहित एनएचएआई के अधिकारियों के समक्ष उठाया जाएगा। यह बात राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने रविवार को धर्मशाला में कही। अनुराग ने कहा कि जोगिंद्रनगर-पठानकोट रेलवे लाइन को सुचारु चलाने व ब्राडगेज करने सहित अन्य मुद्दों को प्रमुखता से उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के निर्माण को लेकर भी सीएम से बात की गई है, जिसे लेकर जल्द काम किया जाएगा।

फोरलेन के कार्यों में भी देरी की जा रही है, जिससे पर्यटन कारोबार प्रभावित हो रहा है। धर्मशाला से मैक्लोडगंज जाने वाले मार्गों की हालत भी संतोषजनक नहीं है। सभी मामले हमारे ध्यान में हैं, जिनके समाधान के प्रयास किए जाएंगे। राज्यसभा सांसद ने कहा कि गगल एयरपोर्ट के विस्तार कर राज्य व कांगड़ा के पर्यटन व आर्थिकी को नई दिशा प्रदान कर रहा है।

**नगर निगम चुनाव में जीत का दावा :** अनुराग शर्मा ने कहा कि राज्य में नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस मजबूती से उतरेगी और जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि इस बार अनुभवी, युवाओं व महिलाओं को कांग्रेस ने टिकट प्रदान की है। धर्मशाला के विकास में कांग्रेस का अहम योगदान रहा है, जिसमें कांग्रेस के समय में ही विकास कार्यों की नींव रखी गई थी, जिसे सरकार ने अमलीजामा पहनाया गया था।

# विधायक पठानिया ने ऐतिहासिक तल माता मंदिर में शीश नवाया



विधायक केवल सिंह पठानिया ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए की पूजा-अर्चना। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने तल माता मंदिर में शीश नवाया। रविवार को विधायक ने ऐतिहासिक तल माता मंदिर में शीश नवाया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए पूजा-अर्चना की। यह विशेष आयोजन ट्रक यूनियन द्रमन द्वारा आयोजित जातर (धार्मिक उत्सव) के अवसर पर था। विधायक ने विशेष रूप से इस उत्सव में शामिल होकर स्थानीय लोगों और यूनियन सदस्यों का उत्साह बढ़ाया।

पूजा के बाद उन्होंने मंदिर में प्रसाद ग्रहण किया और स्थानीय जनता व ट्रक ऑपरेटरों के साथ समय बिताया, जिससे उनकी समस्याओं और विचारों को सुनने का अवसर भी मिला जातर हिमाचल की संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि समुदाय को एक सूत्र में पिरोने का कार्य भी करता है। विधायक की उपस्थिति ऐसे आयोजनों को और अधिक गौरवपूर्ण बनाती है।

## लंज्या ईको स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के मुख्य द्वार का किया उद्घाटन



बारिश के कारण बैडमिंटन ट्रॉफी स्थगित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** विकास खंड सुलह के तहत सन्हूं पंचायत के भटेड़ गांव स्थित लंज्या ईको पार्क एवं स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में रविवार को भव्य मुख्य द्वार का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि हरनाम सिंह कटोच के अस्वस्थ होने के कारण यह उद्घाटन उनकी पोती अद्विका कटोच के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाली लोकल लंज्या बैडमिंटन ट्रॉफी भारी बारिश और तेज अंधड़ के कारण अगली तिथि तक स्थगित कर दी गई। आयोजन समिति की ओर से नई तिथि की घोषणा शीघ्र की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। लोगों ने कहा कि इस पहल से क्षेत्र के युवाओं को खेलों के लिए बेहतर मंच मिलेगा तथा गांव का नाम रोशन होगा। इस मौके पर सेवानिवृत प्रधानाचार्य बलबीर सिंह, सुनीता कुमारी, कुलवंत कटोच, पूर्व प्रधान जगरनाथ शर्मा, सुमन ढडवाल, संतोष जरयाल, लंज्या ईको स्पोर्ट्स क्लब के सभी सदस्य तथा स्थानीय खिलाड़ी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# हायर ग्रेड पे के साथ इंक्रीमेंट भी छीनी, कर्मचारी हैं निराश

अनंत ज्ञान

◆ 2.59 गुणांक विकल्प से हुआ वित्तीय नुकसान : विजय हीर

**ब्यूरो, धर्मशाला।** 2012 में हिमाचल के कर्मचारियों को हायर ग्रेड पे लाभ मिले, जिसके चलते उनका वेतन निर्धारण उच्च हो गया, मगर पंजाब सरकार की तर्ज पर लागू यह स्केल लंबा समय जारी नहीं रहे। 2022 में लागू पंजाब वेतन आयोग ने वेतन निर्धारण के लिए 2.59 गुणांक इस तरह लगाया कि मौजूदा सैलरी बढ़ेगी।

2012 के हायर ग्रेड पे लाभ त्यागकर 2006 में मौजूद कम ग्रेड पे स्केल अपनाने होंगे। अगर हायर ग्रेड पे लेकर उच्च स्केल में जाना है, तो 2.25 गुणांक दिया गया, जिसमें वर्तमान वेतन घट रहा था। ऐसे में कर्मचारियों ने 2012 के हायर ग्रेड पे स्केल त्याग दिए। हायर ग्रेड पे के नाम पर वित्त विभाग ने उनकी एक 4/9/14 की एक इंक्रीमेंट छीन ली थी, मगर जब हायर ग्रेड पे छीनी गई तो इस छीनी गई इंक्रीमेंट को वित्त विभाग ने आज तक बहाल नहीं किया है। ऐसे में इस इंक्रीमेंट बहाली का मामला भी हाईकोर्ट गया है, जिसकी सुनवाई 4 मई को होगी। राजकीय टीजीटी कला संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने बताया कि उन्होंने इस इंक्रीमेंट बहाली के मामले को भी याचिका में उठाया है। कर्मचारियों को कहा कि 2.59 गुणांक फिटमेंट फैक्टर अपनाने पर एरियर मिलना था। 2016 से 2021 की अवधि का बकाया 8555 करोड़ का भुगतान आज तक नहीं हुआ। मात्र 50 हजार एरियर पूर्व सरकार ने दिया था। इस राशि पर ब्याज भी नहीं मिल रहा। तीसरे विकल्प में मूल वेतन में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ एक अतिरिक्त वार्षिक वेतन वृद्धि दी गई। अगर वित्त विभाग के पास एरियर भुगतान के लिए पर्याप्त बजट नहीं था, तो सभी कर्मचारियों को समान रूप से 15 प्रतिशत अतिरिक्त इंक्रीमेंटस का लाभ दिया जाना चाहिए था। 15 प्रतिशत विकल्प चुनने वाले कर्मचारी अतिरिक्त इंक्रीमेंट के कारण फायदे में रहे, जबकि 2.59 गुणांक चुनने वाले लगभग डेढ़ लाख कर्मचारी एरियर के भुगतान से वंचित रह गए और स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। ऐसे में जो कर्मचारी स्वेच्छा से 15 प्रतिशत विकल्प में शिफ्ट होना चाहते हैं, उनको ये विकल्प दे दें ताकि एरियर भुगतना राशि भी कम हो सके। एनपीएस कर्मचारियों को 60 प्रतिशत और ओपीएस कर्मचारियों को 45 प्रतिशत डीए देने को चुनौती दी गई है। दस साल से कोई भत्ता नहीं बढ़ाने के मामले में भी याचिका में सवाल उठाए गए हैं।

## शाहपुर में मानव कल्याण संस्था की बैठक संपन्न

# सभी कार्यों को समर्पण भाव से निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई



राम प्रसाद की अध्यक्षता में हुई मानव कल्याण संस्था की बैठक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** मानव कल्याण संस्था शाहपुर की मासिक बैठक रविवार को राम प्रसाद की अध्यक्षता में संस्था के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में वर्ष 2025-2026 की आय-व्यय रिपोर्ट कोषाध्यक्ष पवन महाजन द्वारा प्रस्तुत की गई, जिस पर विस्तृत चर्चा के बाद पिछले वर्ष के व्यय को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बैठक में संस्था द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी प्रकल्पों की समीक्षा भी की गई। सदस्यों ने सभी कार्यों को समर्पण भाव से निरंतर जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। महासचिव चंडीदत्त शर्मा ने बताया कि संस्था समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है और आगे भी इसी भावना के साथ कार्य जारी रखेगी। इस अवसर पर अजीव पठानिया, मेघ नाथ शर्मा, सुरेश नाग, केएस सपहिया, शिव सिंह वलौरिया, गुरचरणदास (काका) सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने संस्था के कार्यों की सराहना की और भविष्य में और अधिक सक्रियता से सामाजिक सेवा में योगदान देने का संकल्प लिया।

## नगर निगम चुनावों में कांग्रेस का होगा सूपड़ा साफ : विश्व चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा के मीडिया सह प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने प्रेस बयान में कहा कि हिमाचल प्रदेश में होने वाले नगर निगम चुनावों में कांग्रेस का पूरी तरह सफाया तय है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा प्रदेश के सभी नगर निगमों में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। विश्व चक्षु ने कहा कि प्रदेश की शहरी जनता वर्तमान कांग्रेस सरकार की नीतियों और कार्यशैली से बेहद निराश है। उन्होंने



आरोप लगाया कि विकास कार्यों में सुस्ती, बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी ने जनता को कांग्रेस के खिलाफ खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव सत्ता का सेमीफाइनल हैं, जो प्रदेश की भविष्य की राजनीति की दिशा तय करेंगे। इनके अनुसार, जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने का मन बना लिया है और पार्टी को स्पष्ट जनादेश मिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए विश्व चक्षु ने कहा कि सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और अब उसे अपनी हार के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा शहरी क्षेत्रों में मजबूती के साथ उभरेगी और विकास एवं सुशासन के मुद्दों पर जनता का समर्थन प्राप्त करेगी।

## चड़ी क्षेत्र में प्राचीन शिव धाम, जहां सादगी में बसती है गहरी श्रद्धा

# ढोलिया महादेव मंदिर आस्था और प्रकृति का शांत संगम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धौलाधार की सुरम्य पहाड़ियों के बीच बसे चढ़ी क्षेत्र में स्थित ढोलिया महादेव मंदिर आस्था और प्रकृति का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। यहां पहुंचते ही मन स्वत: भक्ति में लीन हो जाता है। चारों ओर फैली हरियाली, शांत वातावरण और आध्यात्मिक ऊर्जा इस स्थान को विशेष बनाती है।

धर्मशाला से लगभग 10 किलोमीटर दूर चड़ी तक सड़क से आसानी से पहुंचा जा सकता है। चड़ी से करीब 2.50 किलोमीटर दूर स्थित इस मंदिर तक श्रद्धालु अपनी गाड़ी से लगभग 500 मीटर आगे तक जा सकते हैं, जिसके बाद करीब 2 किलोमीटर का पैदल सफर तय करना पड़ता है। स्थानीय मान्यता के अनुसार, मंदिर के



मंदिर में एक प्राचीन गुफा भी है। अनंत ज्ञान

भीतर एक प्राचीन गुफा भी है। कहा जाता है कि एक भेड़पालक इसी गुफा के रास्ते मणिमहेश तक पहुंच गया था, जो इस स्थान की रहस्यमयी आस्था को और गहरा बनाता है। घने जंगलों और पहाड़ी वादियों से घिरा यह स्थल किसी तपोभूमि से कम नहीं। यहां तक पहुंचने का रास्ता श्रद्धालुओं को प्रकृति के और करीब ले जाता है और मन को गहरा सुकून प्रदान करता है। ढोलिया महादेव को क्षेत्र के लोग प्राचीन शिव स्थल मानते हैं। मान्यता है कि यहां स्थित शिवलिंग स्वयंभू है। आसपास के गांवों के लोग इसे ग्राम देवता के रूप में पूजते हैं और हर शुभ कार्य से पहले यहां आशीर्वाद लेना अपनी परंपरा मानते हैं। महाशिवरात्रि और सावन मास के दौरान यहां विशेष धार्मिक आयोजन होते हैं। इन अवसरों पर मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से भर जाता है और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठता है।

# ढलियारा के 'आदर्श' स्कूल में सुविधाओं की कमी, अभिभावकों में भारी रोष

अनंत ज्ञान

◆ एक महीने का अल्टीमेटम नहीं सुधरे हालात तो सड़कों पर उतरेगा जनआक्रोश

**गरली।** जहां प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा देने के बड़े-बड़े दावे कर रही है। वहीं, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढलियारा में ये सभी दावे पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। आदर्श नाम का यह स्कूल आज बुनियादी सुविधाओं और शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहा है, जिससे बच्चों का भविष्य सीधे तौर पर खतरे में पड़ गया है। स्कूल की स्थिति बेहद चिंताजनक है। छठी से लेकर प्लस-टू तक के सैकड़ों छात्र-छात्राएं ऐसे हालात में पढ़ने को मजबूर हैं, जहां बैठने के लिए पहले ही पर्याप्त कमरे तक उपलब्ध नहीं हैं। 20 बच्चों की क्षमता वाले कमरों में 30-30 बच्चों को ठूंसकर बैठाया जा रहा है, जिससे पढ़ाई का माहौल पूरी तरह बिगड़ चुका है। इतना ही नहीं, टीचर स्टाफ की भारी कमी ने हालात और भी बदतर कर दिए हैं। कई विषयों के शिक्षक लंबे समय से नहीं हैं, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अभिभावकों का कहना है कि उनके बच्चे लंबे समय से इस अव्यवस्था का खामियाजा भुगत रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार तंत्र आंखें मूंदे बैठा है। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि स्कूल प्रबंधन समिति और अभिभावकों का गुस्सा फूट पड़ा है। उन्होंने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। साफ शब्दों में कहा कि अगर जल्द ही स्टाफ की कमी पूरी नहीं की गई और बुनियादी सुविधाएं नहीं सुधारी गईं, तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। अभिभावकों ने दो टूक कहा कि अब यह सिर्फ शिकायत नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य की लड़ाई है। अगर सरकार ने जल्द कदम नहीं उठाए, तो ढलियारा से उठी यह आवाज बड़े आंदोलन का रूप ले सकती है। स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुनील डढवाल ने कहा कि शिक्षकों के खाली पदों को लेकर उच्च अधिकारियों को लिखित मांग पत्र भेजा गया है।

**अनदेखी** जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण जनता का पैसा हर साल बह रहा कीचड़ में

# हेरिटेज गांव में बदहाल सड़क से जूझ रहे बच्चे, कब जागेगा प्रशासन?

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** देश के पहले हेरिटेज विलेज परागपुर के विकास के दावों की पोल इस कस्बे को जोड़ने वाला एकमात्र मुख्य रास्ता खोल रहा है। यह महज एक सड़क नहीं, बल्कि प्रशासनिक संवेदनहीनता का वह जीता जागता सबूत है, जहां से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा प्रभारी रहते हुए पैदल गुजरे थे। विडंबना देखिए कि जिस रास्ते पर प्रदेश के मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और बड़े अधिकारियों के पदचिह्न पड़े, वह मार्ग आजादी के दशकों बाद भी एक पक्की नाली को तरस रहा है। सबसे गंभीर मुद्दा यह है कि इस खस्ताहाल रास्ते के बिल्कुल सामने चालीस वर्ष पुराना निजी स्कूल है।

बारिश के दिनों में यह सड़क जब तालाब का रूप लेती है, तो छोटे-छोटे स्कूली बच्चों को इसी गंदे पानी और कीचड़ के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। प्रशासन और हेरिटेज विलेज कमेटी की चुप्पी इन नौनिहालों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ सीधे तौर पर खिलवाड़ है। इस रास्ते पर बार-बार बजरी डालकर सरकारी बजट को ठिकाने लगाने का खेल तो खेला गया, लेकिन न तो पंचायत ने और न ही विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण गरली परागपुर ने पानी की निकासी का कोई स्थायी इंतजाम किया। जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण जनता का पैसा हर साल कीचड़ में बह रहा है। सड़क को बार-बार पैचवर्क से सुधारने के बजाय इसे कंक्रीट के साथ ऊंचा उठाकर बनाया जाना चाहिए, जिससे स्कूल आने वाले बच्चों और आम राहगीरों को गंदगी से निजात मिल सके। हेरिटेज विलेज के नाम पर मिलने वाले फंड का सही उपयोग तभी माना जाएगा जब यहां के बुनियादी ढांचे में सुधार दिखे। मुख्यमंत्री को चाहिए कि वे इस मामले में विशेष संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के भीतर स्थायी ड्रेनेज और मजबूत सड़क बनाने के कड़े आदेश दें ताकि ऐतिहासिक कस्बे की गरिमा और बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके।




परागपुर कस्बे को जाने वाला बदहाल रास्ता। अनंत ज्ञान

### लोग बोले- कब तय होगी जिम्मेदारी?

**स्थानीय** निवासी नरेश, अजय, संदीप, कपिल, मनोज, पवन, रितिश, सुरेश, संजीव, जगदीश, कमलेश और सुरजीत ने इस दुर्दशा पर गहरा रोष जताते हुए सीधे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से सवाल किया है कि आखिर विभाग की इस लापरवाही की जवाबदेही कब तय होगी। इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए अब प्रशासन को कागजी खानापूर्ति छोड़कर धरातल पर काम करना चाहिए। सबसे पहले इस मार्ग के दोनों तरफ पक्की और गहरी नालियों का निर्माण अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए ताकि जलभराव की जड़ ही खत्म हो सके।

> **स्कूल** के समीप स्थित मार्ग लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है, जिस कारण विभाग द्वारा इसका निर्माण या मरम्मत कराया जाना तकनीकी रुप से संभव नहीं है। यदि इस विशेष कार्य के लिए विभाग को अलग से बजट या फंड आवंटित किया जाता है, तभी विभाग इस मार्ग को ठीक कराने की कार्रवाई अमल में ला सकता है।
>
> **-राजन कौशल, सहायक अभियंता, लोनिवि उपमंडल परागपुर।**

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल में एनडीए एवं ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष सत्र आयोजित

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट में एनडीए अभ्यर्थियों और वरिष्ठ विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन प्रतिष्ठित वरिष्ठ सेना अधिकारियों की ओर से किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नेशनल डिफेंस अकादमी (एनडीए), एक रक्षा अधिकारी के जीवन तथा सैन्य अभियानों के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी देना था।

साथ ही भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता, अनुशासन और समर्पण को भी उजागर किया गया। अधिकारियों ने एनडीए की चयन प्रक्रिया, तैयारी की रणनीतियों और उम्मीदवारों से अपेक्षित मानकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने ऑफिसर-लाइक क्वालिटीज जैसे नेतृत्व, अनुशासन, साहस, ईमानदारी और निर्णय क्षमता के महत्व को समझाया, जो एक सफल सैन्य करियर के लिए अत्यंत



विद्यार्थियों सैन्य अभियानों के बारे में जानकारी दी। अनंत ज्ञान

आवश्यक हैं। सत्र का विशेष आकर्षण एक सैन्य अभियान (ऑपरेशन सिंदूर) पर चर्चा रही, जिसमें उसकी योजना, क्रियान्वयन और रणनीतिक महत्व को सरल और प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया गया। यह सत्र संवादात्मक शैली में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने और अपने संदेह दूर करने का अवसर मिला। इससे उनकी रुचि और समझ दोनों में वृद्धि हुई। विद्यालय की प्राचार्या सुभ्रा रानी ने कहा कि ऐसे सत्र विद्यार्थियों की आकांक्षाओं को दिशा देते हैं और उन्हें वास्तविक जीवन के नायकों से सीखने का अवसर प्रदान करते हैं। विद्यालय के निदेशक सनी महाजन ने कहा कि पीडब्ल्यूएस में हम ऐसे भविष्य के नेताओं का निर्माण करने में विश्वास रखते हैं, जो केवल शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट ही नहीं, बल्कि मूल्यों और देशभक्ति से भी प्रेरित हों। इस सत्र ने हमारे विद्यार्थियों को सशस्त्र बलों में समर्पण और गर्व के साथ करियर बनाने के लिए स्पष्ट दिशा और प्रेरणा प्रदान की है। विद्यालय वरिष्ठ सेना अधिकारियों का हार्दिक आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने अपना अमूल्य समय देकर प्रताप वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

# बारिश ; ओलावृष्टि, तूफान ने बढ़ाई किसानों की चिंता

## गेहूं की फसल को हुआ भारी नुकसान, बैजनाथ, पंचरुखी सहित अन्य क्षेत्रों में अभी चल रहा कटाई का कार्य

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिले में जारी बारिश तथा ओलावृष्टि-तूफान अब किसानों तथा बागवानों की चिंताएं बढ़ाने लगा है। बारिश के कारण जिले में गेहूं की कटाई का काम थम गया है। वहीं, खेतों में काटकर रखी गई फसल को भी नुकसान हो सकता है।

बताते चलें कि प्रदेश के सबसे बड़े जिले कांगड़ा के पंजाब के साथ लगते तथा अपेक्षाकृत गर्म उपमंडलों में गेहूं की कटाई लगभग पूरी हो चुकी है। पालमपुर जैसे उपमंडलों के अलावा रैत, नगरोटा, पंचरुखी, धर्मशाला, कांगड़ा, नगरोटा बगवां तथा बैजनाथ उपमंडलों में अभी गेहूं की कटाई का काम चल रहा है। ऐसे में इन उपमंडलों की खेतों मे पड़ी कटी हुई फसल के अलावा तूफान से बिछी फसल को नुक्सान होगा।

### फलों के झड़ने का खतरा बना

**कृषि** विभाग ने मौसम के पूरी तरह साफ होने तक किसानों को फसलों की कटाई न करने की सलाह दी है। लगातार बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं के चलते किसानों और बागवानों की चिंता बढ़ गई है। जहां कुछ समय पहले तक यह बारिश राहत लेकर आई थी, वहीं अब यह फसलों के लिए खतरा बनती नजर आ रही है। विशेष रूप से आम और लीची के बागानों में इस समय अच्छी फलधारणा (फ्रूटिंग) हो रही है, लेकिन तेज तूफान के कारण फल झड़ने का खतरा बढ़ गया है। वहीं सेब की फसल में फ्रूट सेटिंग का दौर चल रहा है, ऐसे में ओलावृष्टि इसके आकार और गुणवत्ता को प्रभावित कर सकती है। हालांकि अभी तक बारिश से फलों को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन मौसम के बदले मिजाज को देखते हुए खतरा बना हुआ है। इसके अलावा कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि से फसलों को आंशिक नुकसान होने की आशंका भी जताई जा रही है। कुल मिलाकर, यह बारिश किसानों और बागवानों के लिए दोधारी तलवार साबित हो रही है। जहां एक ओर इससे गर्मी से राहत मिली है, वहीं दूसरी ओर कटाई के समय पर इसका असर कृषि कार्यों पर पड़ रहा है। ऐसे में किसानों को सतर्क रहने और मौसम के अनुसार अपने कृषि कार्यों की योजना बनाने की जरूरत है, ताकि संभावित नुकसान को कम किया जा सके।

### आम और लीची सहित अन्य फसलों पर पर पड़ सकता है नकारात्मक प्रभाव

**लगातार** हो रही बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों और बागवानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कृषि विभाग और कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, मौसम की खराब स्थिति के कारण फसल कटाई में देरी होना तय है। इससे न केवल खेतों में खड़ी फसल प्रभावित हो सकती है, बल्कि कटाई के बाद खेतों में रखी गई फसल के खराब होने का खतरा भी बढ़ गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि उन्नत किस्म के गेहूं के बीजों से तैयार फसल अपेक्षाकृत कम झड़ती है, इसलिए खड़ी फसल को नुकसान सीमित हो सकता है। लेकिन जो फसल पहले ही काटकर खेतों में बिछा दी गई है, उसके पानी में भीगने से सड़ने की आशंका अधिक है। ऐसे में किसानों को सलाह दी गई है कि वे खेतों में पानी जमा न होने दें और निकासी की उचित व्यवस्था करें, ताकि नुकसान कम किया जा सके। वहीं बागवानी क्षेत्र भी इस मौसम की मार से अछूता नहीं है। जिले के ऊपरी इलाकों में सेब की फसल में फ्रूट सेटिंग का समय चल रहा है। ओलावृष्टि और तेज हवाओं के कारण इसके आकार और गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है। साथ ही, तेज तूफान के कारण फलों के झड़ने की समस्या भी सामने आ सकती है। इसके अलावा, आम और लीची जैसी फसलों पर भी इस मौसम का नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। कुल मिलाकर, यह मौसम किसानों और बागवानों के लिए चुनौतीपूर्ण बना हुआ है, और सतर्कता ही नुकसान से बचने का एकमात्र उपाय है।

**जिले** के कुछ सीमांत खंडों में गेंहू की कटाई का काम निपट चुका है। वहीं पालमपुर खंड में कटाई काफी बाकी है जबकि रैत, नगरोटा, पंचरुखी, धर्मशाला, कांगड़ा, नगरोटा बगवां तथा बैजनाथ उपमंडलों में भी कटाई का काम जारी है। किसान मौसम के साफ होने का इंतजार करें तथा काटी हुई फसल की सुरक्षा को इंतजाम करें।

**-डॉ. कुलदीप भारद्वाज, कृषि उपनिदेशक, पालमपुर**

**सेब** की फ्रूटिंग प्रभावित होने के अलावा आम तथा लीची के फलों को तूफान तथा ओलावृष्टि से नुकसान हो सकता है। बारिश के कारण फलों को नुकसान नहीं हो रहा। तूफान तथा ओलाबारी से फलों के उत्पादन में कमी आने की आशंका बन जाएगी।

**-डॉ. अलक्ष पठानिया, बागवानी उपनिदेशक, धर्मशाला**

## तेज हवाएं, बारिश और धौलाधार पर बर्फबारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा में बीते कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से आखिरकार लोगों को राहत मिलती नजर आ रही है। शनिवार दोपहर बाद शुरू हुई रुक-रुक कर बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। वहीं, रविवार सुबह से तेज हवाओं के साथ लगातार बारिश का दौर जारी रहा, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

◆ **बारिश से तापमान में आई गिरावट**

मौसम में आए इस बदलाव का असर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी देखने को मिला है। धौलाधार की पहाड़ियों पर हल्की बर्फबारी हुई है। इस नजारे ने जहां पर्यटकों को आकर्षित किया है, वहीं स्थानीय लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली है। लगातार हो रही बारिश और ठंडी हवाओं के कारण वातावरण में ठंडक घुल गई है, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी इसी तरह मौसम बने रहने की संभावना जताई जा रही है।

### नई जोड़ी



भवारना (वैरी) के हर्ष और हारसी की खुशी को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# परागपुर में पेड़ पर गिरी आसमानी बिजली, दो मवेशियों की मौत

अनंत ज्ञान



नलसूहा में बिजली गिरने से पेड़ में लगी आग।

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** तहसील परागपुर की नलसूहा पंचायत में रविवार सुबह कुदरत का कहर देखने को मिला। सुबह करीब साढ़े सात बजे वार्ड नंबर 4 में अचानक तेज गर्जना के साथ एक विशाल पेड़ पर आसमानी बिजली गिर गई।

इसकी चपेट में आने से वहां मौजूद दो बेसहारा मवेशियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बिजली गिरने के तुरंत बाद पेड़ ने आग पकड़ ली, जिससे आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए अपने स्तर पर कड़ी मशक्कत के बाद पेड़ पर लगी आग पर काबू पाया और इसे आगे फैलने से रोका। चूंकि यह घटना वन विभाग की भूमि पर घटित हुई है, इसलिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी घटना की सूचना दे दी गई है, ताकि नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा सके। स्थानीय निवासियों का कहना है कि गनीमत यह रही कि यह हादसा घनी आबादी वाले क्षेत्र से थोड़ा दूर हुआ अन्यथा जान-माल का कहीं अधिक नुकसान हो सकता था। इस प्राकृतिक घटना के बाद से ही क्षेत्र के लोगों में भारी डर और दहशत का माहौल बना हुआ है।

# फतेहपुर के वाटर स्पोर्ट्स एरिया में जालंधर के युवक की डूबने से मौत

**अनंत ज्ञान, रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** पुलिस जिला नूरपुर के तहत पुलिस थाना फतेहपुर क्षेत्र में रविवार को एक हृदयविदारक हादसा सामने आया, जिसने एक परिवार की खुशियां पल भर में मातम में बदल दीं। अटल बिहारी वाजपेयी क्षेत्रीय जल क्रीड़ा केंद्र स्थान के पास पौंग डैम खटियाड़ के वाटर स्पोर्ट्स एरिया में नहाने उतरा एक युवक जिंदगी की जंग हार गया। पौंग बांध की बेकाबू लहरों ने आज एक परिवार के चिराग को हमेशा के लिए बुझा दिया। जो बेटा घर से हंसी-खुशी निकला था, वह अब खामोश लौटेगा, यह किसी ने सोचा भी नहीं था। मृतक की पहचान लवप्रीत (23) पुत्र संतोख कुमार, निवासी चोगीठी चौक, जालंधर (पंजाब) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि नहाने के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते लहरों में समा गया। घटना की सूचना मिलते ही फतेहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस थाना फतेहपुर द्वारा मामले की आगामी जांच जारी है। एसपी नूरपुर कुलभूषण वर्मा ने घटना की पुष्टि करते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पानी के किनारे या गहरे क्षेत्रों में जाना बेहद खतरनाक हो सकता है। एक छोटी सी लापरवाही भी अपनों से हमेशा के लिए दूर कर सकती है। उन्होंने सभी लोगों से सुरक्षा नियमों का पालन करने और अनावश्यक जोखिम लेने से बचने की अपील की है।

# सामान्य वर्ग मंच पंचायत चुनाव में समाजसेवी ईमानदार उम्मीदवारों का करेगा समर्थन

अनंत ज्ञान



सामान्य वर्ग संयुक्त मंच की कांगड़ा में बैठक आयोजित।

**कांगड़ा।** प्रदेश सामान्य वर्ग संयुक्त मंच की बैठक रविवार को राजपूत कल्याण सभा के कांगड़ा कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजपूत कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष कुलदीप सिंह ठाकुर ने की। बैठक में मंच ने आगामी पंचायत एवं नगर निकाय चुनावों में सामान्य वर्ग की भूमिका को लेकर निर्णय लिया कि समाज योग्य, अनुभवी, ईमानदार एवं प्रतिष्ठित उम्मीदवारों का समर्थन करेगा तथा उनके पक्ष में मतदान के लिए व्यापक जागरुकता अभियान चलाया जाएगा।

साथ ही, राजनीतिक दलों द्वारा सामान्य वर्ग की उपेक्षा के विरोध में आवश्यक होने पर नोटा के प्रयोग का भी आह्वान किया गया। आरक्षण नीति पर चर्चा करते हुए मंच ने मांग की कि आरक्षित वर्गों में क्रीमी लेयर की व्यवस्था लागू की जाए, ताकि वास्तविक रूप से आरक्षण से वंचित परिवारों को लाभ मिल सके। मंच ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप राज्य सरकार इस संबंध में कानून बनाने के लिए सक्षम है, इसलिए इस पर शीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए। एससी/एसटी अत्याचार अधिनियम के संभावित दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए यह निर्णय लिया गया कि यदि कोई मामला झूठा सिद्ध होता है, तो संबंधित व्यक्ति से प्राप्त अनुदान राशि वापस ली जाए तथा उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए।

ऐसे मामलों में समाज संगठित होकर विरोध दर्ज कराएगा। यूजीसी से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई और निर्णय लिया गया कि चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के बाद जिला एवं प्रदेश स्तर पर विरोध रैलियां जारी रहेंगी, जिनकी तिथियां एवं स्थान बाद में घोषित किए जाएंगे ।बैठक में संयुक्त मंच के प्रदेश प्रधान केएस जम्वाल, महासचिव विजय चंदेल, ब्राह्मण सभा पालमपुर के प्रधान डॉ. जगमोहन शर्मा तथा क्षत्रिय सभा के महासचिव दौलत चौहान मंच सदस्य अनिल ठाकुर, विजय ठाकुर, राजिंदर राणा, रजिंद्र सेन, अजय गुलेरिया, अनिल कटोच, राजेश राणा, दीपिका ठाकुर, रविंद्र सरयाल, धर्म सिंह भूरिया, अशोक कुमार, अजमेर सिंह ठाकुर, डीएस दत्तवालिया, निरंजन मिन्हास, डीके चंदेल, प्यार सिंह, नरोत्तम रावत, राकेश ठाकुर, अदाल सिंह ठाकुर, कृष्णन मुरारी शर्मा, तिलकराज शर्मा, नरेश कपिल, गोपाल कृष्ण गुप्ता सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# जिला कारागार में 491 कैदियों में से 234 नशे के मामलों में जेल में बंद

## वर्तमान में क्षमता से अधिक कैदी, बढ़ेगी कारागार की क्षमता

अनंत ज्ञान


**राजेश कुमार, धर्मशाला।** जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कांगड़ा पुलिस की ओर से लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है, जिसका प्रभाव जिला कारागार धर्मशाला में साफ दिखाई दे रहा है। वर्तमान में जेल में कुल 491 कैदी बंद हैं, जिनमें से 234 कैदी एनडीपीएस एक्ट के तहत नशा तस्करी से जुड़े मामलों में शामिल हैं।

जिला कारागार की कुल क्षमता 355 कैदियों की है, लेकिन मौजूदा समय में यह संख्या काफी अधिक हो चुकी है। इनमें 32 महिला कैदी भी शामिल हैं। लगातार बढ़ते मामलों और गिरफ्तारी के कारण जेल पर दबाव बढ़ता जा रहा है। जिले के विभिन्न हिस्सों में चरस और चिट्टे के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, जिस पर पुलिस कड़ी निगरानी रख रही है। नशा तस्करों के नेटवर्क को खत्म करने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं और कई मामलों में बड़ी गिरफ्तारियां भी की गई हैं। जेल प्रशासन के अनुसार, वर्तमान स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त बैरक निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। इस नए भवन के बनने के बाद लगभग 80 अतिरिक्त कैदियों को रखने की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। यह निर्माण कार्य अगले 5 से 6 महीनों में पूरा होने की संभावना है। अधिकारियों का कहना है कि यह विस्तार कार्य जेल में भीड़भाड़ की समस्या को काफी हद तक कम करेगा और बंदियों के बेहतर प्रबंधन में मददगार साबित होगा। साथ ही, नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा ताकि समाज में फैल रही इस गंभीर समस्या पर अंकुश लगाया जा सके और युवाओं को इस बुराई से दूर रखा जा सके।

**जिला** कारागार में वर्तमान में 491 बंदी हैं, जिसमें 32 महिलाएं हैं। 314 अंडर ट्रायल हैं, जबकि अन्यों को सजा हो चुकी है। इनमें से 234 बंदी एनडीपीएस के मामलों के हैं। जिला कारागार की क्षमता 355 बंदियों की है, जिसे जल्द बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। आगामी 5 से 6 माह में जिला कारागार में 80 के करीब बंदियोंके लिए अतिरिक्त भवन उपलब्ध हो जाएगा।

**-विकास भटनागर, अधीक्षक जिला कारागार धर्मशाला।**

# तीन दिन में अवैध खनन पर किए आठ वाहन जब्त



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला पुलिस नूरपुर द्वारा अवैध खनन गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत पिछले 3 दिनों में प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई गई है।

इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 8 वाहनों को जब्त व चालान किया गया है। जिला के पुलिस थाना नूरपुर के तहत पुलिस टीम द्वारा की गई नाकाबंदी के दौरान नियमों की अवहेलना करने पर 3 मल्टी एक्सल ट्रक जब्त किए गए। इसके अलावा पुलिस थाना डमटाल के तहत पुलिस टीम द्वारा दबिश के दौरान 2 जेसीबी और 2 मल्टी एक्सल ट्रक को अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने पर मौके पर जब्त किया गया। साथ ही 1 ट्रैक्टर का नियमों के उल्लंघन हेतु मौके पर ही चालान किया गया। जब्त किए गए सभी वाहनों को माइनिंग एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत आगामी वैधानिक कार्रवाई हेतु अदालत भेजा गया है। मामलों की पुष्टि करते हुए एसपी नुरपूर कुलभूषण वर्मा ने कहा कि खनन के खिलाफ नूरपुर जिला पुलिस की कारवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जनता से अनुरोध है कि ऐसी किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# जसवां-परागपुर में जिला परिषद चुनाव के लिए भाजपा ने शुभम पर खेला दांव

◆ **संगठनात्मक बैठक में मंथन के बाद किया पार्टी का प्रत्याशी घोषित**

अनंत ज्ञान



कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक चित्र में विधायक बिक्रम ठाकुर।

**परागपुर।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई हैं। जिला परिषद के घाटी वार्ड के लिए आयोजित एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक में गहन मंथन के बाद शुभम को पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया गया है।

इस बैठक में विशेष रूप से उपस्थित रहे स्थानीय विधायक बिक्रम ठाकुर व भाजपा जसवां मंडल के अध्यक्ष वीरेंद्र की मौजूदगी में संगठन के भीतर सर्वसम्मति बनाने की कोशिश की गई। राजनीतिक हलकों में इस फैसले को कार्यकर्ताओं की एकजुटता और अनुशासन से जोड़कर देखा जा रहा है। विधायक ने प्रत्याशी के नाम पर मुहर लगाते हुए कहा कि यह निर्णय संगठन के प्रति समर्पण का परिणाम है और इससे क्षेत्र में विकास कार्यों को नया आयाम मिलेगा। रणनीतिक दृष्टि से देखा जाए तो जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल चार जिला परिषद वार्ड आते हैं। भाजपा ने अब तक अपने चारों मोर्चों पर स्थिति स्पष्ट कर दी है। इसमें बणी वार्ड से विक्कू पुजारी और परागपुर वार्ड से केशव रत्न व नंगल चौक से पूनम शर्मा के नामों की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। दूसरी ओर विपक्षी दल कांग्रेस ने बढ़त बनाते हुए चारों सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा काफी पहले ही कर दी है, जिससे मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है। फिलहाल घाटी वार्ड से शुभम के नाम के ऐलान के बाद कार्यकर्ताओं ने जीत का संकल्प लेकर प्रचार अभियान को गति देना शुरू कर दिया है।

## मझेटली में दुकान से अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां की टीम ने ऊपरली मझेटली में सुरेंद्र सिंह निवासी ऊपरली मझेटली डाकघर पठियार तहसील नगरोटा बगवां की दुकान से 5,250 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में मामला दर्ज किया गया है । एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने पुष्टि की है।

## बीड़ में रेस्टोरेंट से बीयर और शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पुलिस थाना बीड़ की टीम ने एक रेस्टोरेंट से बीयर व शराब बरामद की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बीड़ स्थित एक रेस्टोरेंट से 11 अदद कैन बियर मार्का वुडवाईजर मैगनम (प्रत्येक कैन 500 मिलीलीटर), 8 अदद कैन वीयर मार्का टर्वग (प्रत्येक कैन 500 मिलीलीटर) व 2 बोतल अंग्रेजी शराब मार्का मैजिक मूमैन्ट (प्रत्येक बोतल 750 मिलीलीटर) बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस थाना किया गया है । एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने पुष्टि की है।

# जिले में 12 केंद्रों में 4224 अभ्यर्थियों ने दी नीट परीक्षा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नीट की परीक्षा रविवार को कांगड़ा जिले के 12 केंद्रों पर आयोजित की गई। इसमें चार हजार 328 छात्रों को नेशनल टेस्टिगं एजेंसी एनटीए की ओर से एडमिट कार्ड जारी किए गए थे। रविवार को चार हजार 224 उम्मीदवारों ने परीक्षा में भाग लिया है, परीक्षा में 104 छात्र नहीं पहुंच पाए। परीक्षार्थियों के लिए 11 बजे से डेढ़ बजे तक परीक्षा हॉल में प्रवेश का रखा गया था, जबकि परीक्षा से पहले एक बजकर 40 मिनट पर परीक्षा हॉल का गेट बंद कर दिया गया।

हालांकि इसके बाद भी कुछ मिनटों तक पहुंचने वाले उम्मीदवारों को राहत दी गई, जबकि एक बजकर 50 मिनट पर पहुंचे छात्रों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे तथा जैमर व पुलिस विभाग की कड़ी निगरानी रखी गई। परीक्षा केंद्र की सभी व्यवस्थाओं के साथ-साथ समस्त परीक्षार्थियों की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई। कांगड़ा में परीक्षा के लिए हिमाचल प्रदेश क्षेत्रीय केंद्र मोहली खानियारा, राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां केंद्र दो ग्राउंड फ्लोर, राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला सेंटर दो ओल्ड ब्लॉक, राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां केंद्र-एक दूसरा फ्लोर, राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला आर्ट्स ब्लॉक, राजीव गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज नगरोटा, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पालमपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्वॉयज धर्मशाला, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गर्ल्स धर्मशाला, राज्य होटल प्रबंधन संस्थान धर्मशाला, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर पालमपुर तथा पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय भनाला में परीक्षा हुई। इस संबंध में अतिरिक्त उपायुक्त कांगड़ा एडीसी विनय कुमार ने बताया कि जिले के 12 केंद्रों में चार हजार 224 उम्मीदवारों ने भाग लिया है। परीक्षा का सही प्रकार से संचालन करवाया गया है

## नगरोटा बगवां में मनाई सरदार जस्सा सिंह आहलुवालिया की जयंती

**अनंत ज्ञान, कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** वालिया सभा नें रविवार को नगरोटा बगवां में आहुलवालिया विरादरी के संस्थापक सरदार जस्सा सिंह आहलुवालिया की 308 वीं जयंती मनाई। इसकी अध्यक्षता सभा के जिला अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर मनोज वालिया की और कर्नल रमेश वालिया बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों नें महान योद्धा सरदार जस्सा सिंह आहलुवालिया को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर उनके द्वारा विरादरी एवं देश को दिए गए योगदान एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। विरादरी के विशिष्ट सदस्यो द्वारा दी गईं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया। जिनमे डॉ. स्वाति वालिया एचएएस, तारा देवी वालिया, राजिंदर वालिया इत्यादि को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत्त एक्सईएन डॉ सुरेश वालिया, कर्नल रमेश वालिया नें विरादरी के उत्थान के लिए अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

# धर्मशाला में आईपीएल के पहले मैच के लिए ऑनलाइन टिकट की बिक्री शुरू

## दूसरे और तीसरे मैच की टिकट को बताया जा रहा कमिंग सून

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में आईपीएल मैचों को लेकर ऑनलाइन टिकट बिक्री शुरू हो चुकी है। रविवार को 11 मई के पहले मैच को लेकर ऑनलाइन टिकट बिक्री शुरू हुई, जबकि दूसरे व तीसरे मैच को लेकर अभी भी कमिंग सून बताया जा रहा है।

ऑनलाइन टिकटों की बिक्री शुरू होते ही सस्ते स्टैंड फिलहाल कंपनी की ओर से ब्लॉक कर दिए गए हैं, जबकि पहले दिन से ही 2500 से लेकर 20 हजार रुपए तक की टिकटें बिक्री के लिए उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इससे क्रिकेट प्रेमियों को भी काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। साथ ही ऑफलाइन कांउटर को लेकर भी अभी तक असमजंस की स्थिति बनी हुई है। धर्मशाला स्टेडियम में 11 मई को मेजबान पंजाब किंग्स का दिल्ली कैपिटल्स, 14 को मुंबई इंडियनस व 17 को आरसीबी के साथ मुकाबला खेला जाएगा। इस बार भी धर्मशाला स्टेडियम में डिजिटल टिकट से ही दर्शकों को एंट्री मिलेगी, जिसमें हार्डकॉफी की बजाय दर्शकों के मोबाइल में ही टिकट व क्यूआर कोड उपलब्ध होगा, जिसको स्कैन करने पर अंदर प्रवेश दिया जाएगा। फिलहाल डिस्ट्रिक ऐप में अभी तक एक मैच की टिकटें बिकनी शुरू हुई हैं, जबकि उसमें भी लंबी कतारें लग रही हैं और नोटिफाई मी व ऑनलाइन ही लाइन में बने रहने का सिलसिला चल रहा है। टिकट वितरण पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा। एक व्यक्ति एक बार में अधिकतम तीन टिकट ही बुक कर पाएगा। अधिक टिकट लेने के लिए यूजर को दोबारा लॉग-इन करना होगा। गौरतलब है कि धर्मशाला में 11 मई को पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स, 14 मई को पंजाब किंग्स बनाम मुंबई इंडियंस और 17 मई को पंजाब किंग्स बनाम आरसीबी के बीच मुकाबले खेले जाएंगे। धर्मशाला स्टेडियम में लगभग 22 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता है। आईपीएल फ्रेंचाइजी द्वारा बनाए फैन बॉक्स और विशेष स्टैंड के कारण कुछ सीटें कम हो जाती हैं। एचपीसीए के सचिव मनुज शर्मा ने बताया कि आईपीएल में टिकट बिक्री का अधिकार पूरी तरह फ्रेंचाइजी के पास होता है। इसमें एचपीसीए की कोई भूमिका नहीं होती। उन्होंने बताया कि कंपनी की ओर से टिकटों की बिक्री शुरू कर दी गई है। टिकटों के दाम भी फ्रेंचाइजी की ओर से ही तय किए गए हैं।

## पठानकोट में नाबालिग के साथ किया दुष्कर्म

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर पठानकोट।** पठानकोट में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म और ब्लैकमेल का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि आरोपी गुरप्रीत सिंह भट्टी ने नशीला पदार्थ पिलाकर उसकी 14 वर्षीय बेटी के साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें खींच लीं। इन तस्वीरों का इस्तेमाल कर वह उसे ब्लैकमेल कर धमकी देता रहा। घटना मार्च 2025 में हुई, जब आरोपी ने लड़की को रास्ते में रोककर अपने घर ले गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया है। वहीं, अमृतसर के ट्रैवल एजेंट दंपती के खिलाफ भी 17.40 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों ने न्यूजीलैंड भेजने के नाम पर पैसे हड़प लिए और फर्जी वीजा-टिकट भेजे। जब पीड़ित ने दस्तावेजों की जांच कराई, तो पता चला कि वीजा व टिकट फर्जी हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसो. नादौन की बैठक कल

**अनंत ज्ञान, नादौन।** रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन नादौन की मासिक बैठक 5 मई को आर्य समाज मंदिर नादौन में होगी। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएस मिन्हास करेंगे। संगठन के महासचिव प्रकाश चंद ठाकुर ने प्रेस बयान में बताया कि बैठक सुबह 11:00 बजे शुरू होगी, जिसमें पेंशनर्स की समस्याओं व मांगों को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने एसोसिएशन के सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि वह निर्धारित समय एवं स्थान पर पहुंच कर बैठक में हिस्सा लें।

### जन सुधार संस्था कोहला का सराहनीय कार्य

**अनंत ज्ञान, नादौन।** जन सुधार संस्था कोहला ने एक लावारिस बैल का रेस्क्यू कर उसे गंभीर परेशानी से राहत दिलाई। ब्यास नदी किनारे बैल के दोनों सींग उसकी आंखों में घुस गए थे, जिससे उसे देखने में कठिनाई हो रही थी। सूचना मिलते ही संस्था के प्रधान राजीव कुमार के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और सींग काटकर बैल को सुरक्षित किया। इस मानवीय पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

### 30 महिलाओं को सिखाया जूट के उत्पाद बनाना



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) की ओर से महिलाओं के लिए आयोजित 14 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर रविवार को संपन्न हो गया। शिविर में 30 महिलाओं ने जूट के उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर के समापन पर आरसेटी के निदेशक अजय कतना ने कहा कि संस्थान के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद वे व्यक्तिगत रूप से या समूह का गठन करके अपना उद्यम स्थापित कर सकती हैं। उद्यम स्थापित करने के लिए बैंकों से ऋण लेने हेतु आरसेटी भी उनकी मदद कर सकता है। इस अवसर पर शिविर के मूल्यांकनकर्ता आरएस कलोत्रा, हरबंस लाल, फैकल्टी मैंबर संजय हरनोट, ट्रेनर सीमा देवी और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### गोशाला जमली धाम के कैलेंडर का विमोचन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ठाकुर द्वारा गौशाला जमली धाम की मासिक बैठक प्रधान रसील सिंह मनकोटिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में वर्ष 2025-26 के विकास कार्यों पर चर्चा कर सभी खर्चों को स्वीकृति दी गई। विकास कार्यों में योगदान देने वाले तिलक राज शर्मा, कर्नल जय चंद, सोमराज शर्मा सहित अन्य का आभार व्यक्त किया गया। गोशाला परिसर में वाटर कूलर लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही वर्ष 2026-27 का स्वदेशी कैलेंडर विमोचित कर उसे गो भक्तों में निःशुल्क वितरित करने का फैसला लिया गया।

### चेस चैंपियनशिप: पुरुष वर्ग में पंकज प्रथम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चेस एसोसिएशन से संबद्ध हमीर चेस एसोसिएशन हमीरपुर की ओर से अंडर -7, अंडर -9, अंडर -11 सिलेक्शन टूर्नामेंट तथा ओपन चेस प्रैक्टिस टूर्नामेंट आयोजित किए गए, जिनमें जिलेभर से 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सिलेक्शन टूर्नामेंट के अंडर-7 ओपन वर्ग में सात्विक, अंडर 9 ओपन वर्ग में अयान जम्वाल, अंडर-9 गर्ल्स वर्ग में अन्वी, अंडर - 11 ओपन वर्ग में मौर्य, अंडर -11 गर्ल्स वर्ग में गीतिशा विजेता रहे। इन विजेताओं को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। तीनों ही वर्गों में जिलास्तरीय चेस प्रतियोगिता में खेलने वाले सभी खिलाड़ी 8-10 मई तक पांवटा साहिब, सिरमौर में होने जा रही राज्यस्तरीय चेस प्रतियोगिता में भाग ले सकेंकगे। ओपन चेस प्रैक्टिस टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में पंकज ने प्रथम, अतिक्ष ने द्वितीय, सुमित ने तृतीय, जबकि महिला वर्ग में आधारिका ने प्रथम, शिवांगी ने द्वितीय और अदिति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। दोनों सिलेक्शन तथा प्रैक्टिस टूर्नामेंटों में भाग लेने वाले अन्य सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि हनी एंड लेमन रेस्टोरेंट के प्रापराइटर रोहित वर्मा रहे।

# 'सरकारें बदली-अधिकारी बदले', पर हमीरपुर की बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी

## 'दावों' और 'घोषणाओं' तक ही सीमित रहा सुधार, हल्की सी बारिश व तूफान शुरू होते ही अंधेरे में डूब जाता है शहर

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** शहर और इसके आसपास के इलाकों में बिजली की व्यवस्था में सुधार के दावे तो बहुत और बड़े स्तर पर हुए हैं, लेकिन सुधार नहीं हो पाया है। हल्की सी बारिश व तूफान शुरू होते ही यहां पर व्यवस्था चौपट हो जाती है। ऐसा इक्का-दुक्का बार नहीं, बल्कि हमीरपुर की शायद यह स्थिति उसकी नियति बन चुकी है। तभी तो कहा जाता है कि 'सरकारें बदली-अधिकारी बदले' हमीरपुर की बिजली व्यवस्था में नहीं हुआ सुधार। यहां की भीतरी स्थिति 'दावों' और 'घोषणाओं' तक ही सीमित होकर खोखली हो चुकी है।

बिजली का बार-बार किसी भी समय गुल हो जाना और कभी इधर की केवल जल गई कभी उधर की। यह सुन सुनकर यहां के उपभोक्ता लंबे समय से परेशान हैं। सुधार कब होगा? किसी को पता नहीं। पिछले एक हफ्ते से यही स्थिति यहां जारी है। शहर अंधेरे में डूबा रहता है। दिन भर रविवार को भी यही स्थिति देखी गई। पता चला कि 'केवल' जल गई है। जिला के कई इलाकों में भी यही स्थिति देखने को मिलती है।




तूफान के कारण बिजली की तारों पर गिरा पेड़। अनंत ज्ञान

"तूफान की वजह से कई जगह नुकसान हुआ है। नीट का पेपर भी था, इसलिए कुछ इलाकों में शाम 5:00 बजे के बाद उसे दुरुस्त करने का प्रयास किया जाएगा, क्योंकि पूरी बिजली को शटडाउन लेकर ही मरम्मत का कार्य किया जा सकता है।

-सौरभ राय, एसडीओ।

### 20 करोड़ से भूमिगत की योजना क्यों 'गौण'

मौजूदा सरकार ने घोषणा की थी कि हमीरपुर शहर की बिजली व्यवस्था के सुधार के लिए 20 करोड़ रुपए खर्च जाएंगे। इस व्यवस्था में शहर की खाबो के जरिए जारी बिजली व्यवस्था को भूमिगत किया जाएगा।, लेकिन यह काम 2 साल से हुआ नहीं। बाद में पता चला कि संभव नहीं है। बहुत ज्यादा बजट चाहिए है। वह आएगा कहां से? कब आएगा, सब कुछ उम्मीद के सहारे छोड़ दिया गया है। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि अणू स्थित मुख्य बिजली के नेटवर्क से शहर को जोड़ा गया है। बीच का पार्ट चीड़ जंगल के रास्ते से होकर आता है। यही सबसे बड़ी दिक्कत है। इसको यदि भूमिगत कर दिया जाता, तो शायद शहर वासियों की आधी दिक्कत तो कम से कम दूर हो ही जानी थी।

### तूफान से कई इलाकों में तबाही, बिजली के पोल गिरे

न केवल हमीरपुर और इसके आसपास बल्कि जिलेभर में कई जगह पर रविवार को हुई बारिश और तेज तूफान की वजह से बिजली की व्यवस्था पर कई इलाकों में उल्टा-पुल्टा असर पड़ा है। विद्युत की कई लाइनें खंभों सहित जमीन पर लेट गई हैं, टूट फूट गईं, जिस कारण दिनभर शहर में तो कई जगह बिजली 'गुल' रही। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसका असर पड़ा है। वहीं, रविवार को नीट का पेपर था और बड़ी तादाद में कई सेंटरों पर बिजली का असर इससे पड़ा है मगर व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए वहां पर डीजल जनरेटर रखे गए थे जिस कारण बिजली गुल होने की स्थिति में उनका प्रयोग किया गया।



भोटा चौक और पंजैहली में गिरे खंबे।

# आंधी-तूफान से बड़सर उपमंडल में भारी नुकसान



बड़सर उपमंडल के विभिन्न गांवों में बारिश और आंधी-तूफान ने कहर बरपाया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बड़सर।** रविवार सुबह अचानक मौसम ने करवट लेते हुए मूसलाधार बारिश और तेज आंधी-तूफान का कहर बरपाया, जिससे बड़सर उपमंडल के विभिन्न गांवों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया।

तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ टूटकर सड़कों पर गिर गए, जिससे सड़क मार्ग कई घंटों तक बाधित रहे और लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आंधी-तूफान के चलते कई सरकारी स्कूल भवनों को भी नुकसान पहुंचा है। कहीं छतें उखड़ गईं, तो कहीं खिड़कियां और दरवाजे टूट गए, जिससे शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं।

आंधी के कारण राजकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय सूदर की चारदीवारी पेड़ के गिरने से क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, तूफान इतना तेज था कि कई घरों की टिन की छतें भी उड़ गईं। प्रशासन की ओर से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया जा रहा है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। संबंधित विभागों की टीमें सड़कों से गिरे पेड़ों को हटाने और बिजली आपूर्ति बहाल करने में जुटी हुई हैं।

बड़सर की एसडीएम स्वाति डोगरा ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलने की अपील की है।

# दियोटसिद्ध में तूफान से गिरा फ्लेक्स बोर्ड, श्रद्धालु बाल-बाल बचे

अनंत ज्ञान

**बड़सर।** रविवार सुबह आए तेज आंधी-तूफान के बावजूद सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं की रफ्तार नहीं रुकी। हालांकि बैरियर नंबर एक के समीप मंदिर न्यास की ओर से लगाया गया एक बड़ा फ्लेक्स बोर्ड तेज हवा के कारण सड़क पर गिर गया, जिससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, इस दौरान एक भारी फ्लेक्स बोर्ड गिरने से गुफा दर्शनों को जा रहे श्रद्धालु बाल-बाल बचे। गनीमत यह रही कि उस समय वहां से कोई श्रद्धालु नहीं गुजर रहा था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सड़क पर गिरे फ्लेक्स बोर्ड को हटाकर किनारे किया और यातायात सुचारु कर दिया।

इस दौरान दुकानदार सुदेश डडवाल, छोटू राम और दविंदर सिंह सहित अन्य लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई, जिसके लिए श्रद्धालुओं और मंदिर प्रशासन ने उनकी सराहना की। घटना की सूचना मिलते ही सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में लिया। मंदिर अधिकारी सुभाष कुमार मल्होत्रा ने बताया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय और मजबूत व्यवस्थाएं की जाएंगी, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



दियोटसिद्ध में तूफान से गिरा फ्लेक्स बोर्ड। अनंत ज्ञान

### खास गलोड़ पंचायत में बदला सियासी समीकरण

# पूर्व प्रधान रहे संजीव शर्मा अब उपप्रधान पद के उम्मीदवार

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** गलोड़ क्षेत्र की खास गलोड़ पंचायत में चुनावी माहौल ने नया मोड़ ले लिया है। पंचायत के पूर्व प्रधान और मजबूत जनाधार वाले नेता संजीव शर्मा अब उपप्रधान पद के लिए चुनाव मैदान में उतरेंगे। बताया जा रहा है कि पहले



उपप्रधान पद के लिए चौकस राम शर्मा चुनाव लड़ने वाले थे, लेकिन आंखों में अचानक आई परेशानी के कारण उन्होंने चुनाव न लड़ने का निर्णय लिया। इसके बाद राजनीतिक समीकरण बदलते हुए संजीव शर्मा ने मैदान संभाल लिया है। संजीव शर्मा इससे पहले पंचायत के प्रधान और उपप्रधान दोनों पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं और क्षेत्र में उनकी मजबूत राजनीतिक पकड़ मानी जाती है। वे हिमाचल प्रदेश दिव्यांग बोर्ड के गैर-सरकारी सदस्य भी हैं और 95% दिव्यांग होने के बावजूद उनका जज्बा और जनसेवा के प्रति समर्पण लोगों के लिए प्रेरणा बना हुआ है। क्षेत्र के विकास में उनका योगदान भी उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने सुखविंदर सिंह सुक्खू के गृह क्षेत्र में कई विकास कार्यों में अहम भूमिका निभाई है। संजीव ने बताया कि वे पहले की तरह जनसेवक बनकर लोगों के बीच रहेंगे और पंचायत के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए काम करेंगे। उनका लक्ष्य खास गलोड़ पंचायत को पूरे क्षेत्र की अग्रणी पंचायत बनाना है। अब देखना होगा कि उनके मुकाबले में और कितने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरते हैं, जिससे यह मुकाबला और भी रोचक हो सकता है।

## बिझड़ी-II में ट्रांसफार्मर आई तकनीकी खराबी को किया ठीक

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बिझड़ी-II में स्थापित 250 केवी क्षमता के ट्रांसफार्मर में आंतरिक तकनीकी खराबी के कारण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विभाग के फील्ड स्टाफ, कनिष्ठ अभियंता तथा स्थानीय नागरिकों के सहयोग से तत्काल कार्रवाई शुरू की गई। प्रतिकूल मौसम और लगातार बारिश के बावजूद टीम ने तिरपाल की अस्थायी व्यवस्था कर सुरक्षित वातावरण में मरम्मत कार्य संपन्न किया। इस कार्य में फील्ड स्टाफ के कर्मचारी अनिल एवं सहायक लाइनमैन ललित का विशेष योगदान रहा। विभागीय टीम के संयुक्त प्रयासों से ट्रांसफार्मर की खराबी को समय रहते दूर कर दिया गया और क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति शीघ्र बहाल कर दी गई। इसी बीच कुरुक्षेत्र क्षेत्र में भी विद्युत सप्लाई को बहाल कर दिया गया, जिससे उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली। विभागीय अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान यदि बिजली संबंधी कोई समस्या उत्पन्न होती है तो धैर्य बनाए रखें, क्योंकि टीमें तुरंत बहाली कार्य में जुट जाती हैं। उन्होंने कहा कि विभाग उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध विद्युत सेवा प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# टीजीटी टेट फीस में असमानता पर राजपूत महासभा का विरोध

- राजपूत महासभा बोली- निर्धारित फीस बेरोजगार युवाओं के साथ अन्याय
- सरकार से की आदेश को वापस लेने की मांग

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** राजपूत महासभा और राजपूत कल्याण सभा ने राज्य चयन आयोग की ओर से घोषित टीजीटी टेट परीक्षा के लिए निर्धारित फीस की असमानता पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए इसे सामान्य वर्ग के बेरोजगारों के साथ भेदभाव, अन्याय और उनका आर्थिक शोषण करने का आरोप लगाया है।

चयन आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार जून महीने में होने वाली टेट परीक्षा के लिए सामान्य वर्ग के लिए 1200 और आरक्षित वर्ग के लिए 700 रुपए शुल्क निर्धारित करके समाज में जातीय द्वेष बढ़ाने का काम किया गया है। सभा के पदाधिकारियों ने सरकार से मांग की है कि सभी परीक्षाओं के लिए सभी वर्गों के बेरोजगारों के लिए एक समान शुल्क निर्धारित करने के आदेश जारी किए जाएं। उन्होंने समानता और सामाजिक न्याय का संदेश देने की मांग की है। संयुक्त बयान में राजपूत कल्याण सभा अध्यक्ष एवं महासभा के महासचिव जोगिंदर ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुवीर राणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष होशियार सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर, पैट्रन यशपाल मन्हास, प्रदीप ठाकुर, महेंद्र भारद्वाज, एडवोकेट दिनेश ठाकुर, एडवोकेट अनुराग जसरोटिया, एडवोकेट सौरभ पटियाल, नीटू ठाकुर कड़ोहता, वित्त सचिव रविंद्र सकलानी, विनोद ढडवाल, अजय रानौत ने सरकार से तुरंत इन आदेशों को वापस लेने की मांग की है।

# समाजसेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए आंचल पटियाल सम्मानित

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** डुग्घा पंचायत की पूर्व उपप्रधान आंचल पटियाल को समाजसेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान कुमार पैलेस होटल में आयोजित समारोह के दौरान रोटरी क्लब के गवर्नर रोहित अग्रवाल की ओर से प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता और रोटरी क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

इस दौरान वक्ताओं ने आंचल पटियाल के समाजहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने जरूरतमंदों की सहायता, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में सराहनीय योगदान दिया है। उनके प्रयासों से क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है।

सम्मान ग्रहण करते हुए आंचल पटियाल ने जिला हमीरपुर रोटरी क्लब की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है और इससे उन्हें भविष्य में भी समाजसेवा के कार्यों को और अधिक समर्पण एवं ऊर्जा के साथ करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



आंचल के समाज हित में किए कार्यों की सराहना की। अनंत ज्ञान

## सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों को आपसी सहमति एवं मध्यस्थता से निपटाने का मौका

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण हमीरपुर के सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि लोगों के लिए न्याय सुलभ बनाने के सर्वोच्च न्यायालय के प्रयासों की कड़ी में 21 अप्रैल से सर्वोच्च न्यायालय के परिसर में समाधान समारोह 2026 का शुभारंभ किया गया है। इस विशेष अभियान के दौरान विभिन्न केसों का निपटारा आपसी सहमति, संवाद और मध्यस्थता से किया जा रहा है। 21, 22 तथा 23 अगस्त 2026 को सर्वोच्च न्यायालय के परिसर में विशेष लोक अदालतों के आयोजन के साथ ही इस विशेष अभियान का समापन होगा। उन्होंने बताया कि समाधान समारोह के तहत 21 अप्रैल 2026 से ही सुलह एवं मध्यस्थता बैठकों का आयोजन प्रारंभ हो चुका है। ये बैठकें राज्य, जिला, तालुका एवं उच्च न्यायालय स्तर पर विधिक सेवा प्राधिकरणों एवं समितियों के अंतर्गत स्थापित मध्यस्थता कंद्रों में आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में प्रशिक्षित मध्यस्थ एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी पक्षकारों के बीच सहमति बनाने में सहयोग प्रदान कर रहे हैं। पक्षकार इन बैठकों में व्यक्तिगत रूप से या वर्चुअल माध्यम से भी भाग ले सकते हैं। अधिवक्ताओं एवं सभी संबंधित पक्षकारों से आग्रह किया है कि वे इस विशेष अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और अपने मामलों के समाधान के लिए आगे आएं। लंबित मामलों को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026 में शामिल करने के लिए एक सरल गूगल फॉर्म तैयार किया गया है, जो सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक पक्षकार दिए गए लिंक के माध्यम से फॉर्म भरकर अपने मामले को इस विशेष लोक अदालत में शामिल करवा सकते हैं। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है।

**एग्जाम** हमीरपुर में 5 केंद्रों में आयोजित परीक्षा में अनुपस्थित रहे 59 अभ्यर्थी

# 2714 अभ्यर्थियों ने दी नीट परीक्षा

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की ओर से रविवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-नीट (यूजी)-2026 आयोजित की गई। बारिश के कारण उम्मीदवारों और अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

हमीरपुर शहर और इसके आस-पास के शिक्षण संस्थानों में कुल 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन पांचों परीक्षा केंद्रों में कुल 2773 अभ्यर्थियों को आवंटित किए गए हैं, लेकिन इनमें से 59 उम्मीदवार अनुपस्थित रहे। कुल मिलाकर 2714 उम्मीदवारों ने यह परीक्षा दी।

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय मटाहणी में 408 में से 404 उम्मीदवार, एनआईटी में 720 में से 701, नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय अणु में 960 में से 933, केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में 181 में 177 और शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर में 504 में से 499 उम्मीदवारों ने परीक्षा दी। इन पांच परीक्षा केंद्रों में पुलिस कर्मचारी तैनात किए गए थे, जो प्रत्येक अभ्यर्थियों को स्कैन कर अंदर भेज रहे थे। अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक स्कैन भी किया जा रहा था, जिससे परीक्षा को पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित किया जा सके। परीक्षा केंद्रों में इतनी अधिक भीड़ नहीं थी, क्योंकि पुलिस ने पूरे इंतजाम किए थे। अभ्यर्थियों के अलावा किसी को भी अंदर आने की अनुमति नहीं दी।



तैनात पुलिस कर्मचारियों ने चेकिंग के बाद अभ्यर्थिकों को दी एंट्री।

हालांकि कि कुछ परीक्षा केंद्रों में बार बार अनाउंसमेंट की जा रही थी कि अभ्यर्थी अपने क्या-क्या लाएं। हमीरपुर शहर और आसपास बनाए गए परीक्षा केंद्रों में पहुंचने के अभ्यर्थियों को कोई परेशानी न हो, उसके लिए एचआरटीसी ने सुबह 9 बजे बसें लगा दी थी, लेकिन बस से परीक्षा केंद्र जाने के लिए कोई भी नहीं पहुंचा। शाम के समय डिग्री कॉलेज में 2 बसें भेजी गई। बारिश के कारण ज्यादातर अभ्यर्थी अपनी गाड़ियों से पहुंचे थे। बता दें कि इस परीक्षा के सुचारु आयोजन के लिए एनटीए के अलावा जिला प्रशासन की ओर से भी विशेष प्रबंध किए थे। इस परीक्षा के समन्वयक सहायक आयुक्त चिराग शर्मा ने बताया नीट की परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि परीक्षा को आयोजित करने में पुलिस कर्मचारीयों का बड़ा सहयोग रहा।

# दियोटसिद्ध में गिरी श्रद्धालु की सोने की सिंगी को ढूंढ कर वापस लौटाया



न्यास ट्रस्ट ने सिंगी को ढूंढकर श्रद्धालु को वापस किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** जिला हमीरपुर के क्षितिज शर्मा अपने परिवार सहित 2 मई को रात्रि लगभग 9 बजे सिद्ध बाबा बालक नाथ जी की पावन गुफा में दर्शन के लिए दियोटसिद्ध पहुंचे थे।

दर्शन के दौरान उनकी सोने की सींगी कहीं गिर गई, जिससे परिवार चिंतित हो गया। मामला मंदिर प्रशासन के संज्ञान में आते ही सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास की आईटी एवं सुरक्षा टीम ने तुरंत कार्रवाई की। सीसीटीवी फुटेज की सहायता से जांच करते हुए टीम ने खोई हुई वस्तु को सफलतापूर्वक ढूंढ निकाला। अपनी कीमती वस्तु सुरक्षित मिलने पर क्षितिज शर्मा और उनके परिवार ने मंदिर प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रशासन की तत्परता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी की सराहना की। मंदिर अधिकारी सुभाष कुमार मल्होत्रा ने बताया कि मंदिर न्यास प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी ऐसी सेवाएं निरंतर जारी रहेंगी।

# सनातन धर्म सभा की बैठक में सरकारी कॉलेज से किराया न मिलने पर रोष

अनंत ज्ञान

**चंबा।** श्री सनातन धर्म सभा, चंबा की मासिक बैठक रविवार को सनातन धर्म भवन, मोहल्ला हटनाला में प्रधान सुरेश कश्मीरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने से लेकर धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियों के विस्तार तक कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा करते हुए अहम निर्णय लिए गए।

बैठक की शुरुआत पिछली बैठक की कार्यवाही की समीक्षा के साथ हुई, जिसमें सदस्यता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। सभा ने तय किया कि अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा व वार्षिक चंदा एकत्र कर आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया जाएगा। सभा ने अपने भवन में संचालित संस्कृत महाविद्यालय के सरकारीकरण (2022) के बावजूद अब तक किराया न मिलने पर कड़ा असंतोष व्यक्त किया। बताया गया कि उच्च शिक्षा निदेशालय व कॉलेज प्रशासन को कई बार पत्र भेजे जाने के बावजूद कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इस मुद्दे को लेकर पुन: संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजने का निर्णय लिया गया।



सनातन धर्म सभा की बैठक में मौजूद सदस्य। अनंत ज्ञान

## लक्ष्मी-नारायण पुस्तकालय को खोलने की मांग तेज

**बैठक** में लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में स्थित बंद पड़े 'लक्ष्मी नारायण पुस्तकालय' को लेकर भी चिंता जताई गई। स्थानीय लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए डीसी चंबा से इसे जल्द पुनः शुरू करने का आग्रह करने का निर्णय लिया गया। सभा ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अब प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को नियमित रूप से बैठक आयोजित की जाएगी, ताकि संगठनात्मक कार्यों में निरंतरता बनी रहे।

## 6 मई को भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम

**सभा** ने जानकारी दी कि 6 मई को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में इस्कॉन के तत्वावधान में विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें प्रतिष्ठित आचार्य स्वामी महाराज उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम सायं 4 बजे से 8 बजे तक चलेगा। सभा ने सभी नगरवासियों से अधिक संख्या में पहुंचकर आध्यात्मिक लाभ उठाने का आह्वान किया। अंत में सभा ने सभी सदस्यों व नगरवासियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सामाजिक व धार्मिक कार्यों में निरंतर सहयोग की अपेक्षा जताई।

# संगठन पर कोई समझौता नहीं सेवा दल में भरा नया जोश

अनंत ज्ञान

**चंबा।** धर्मशाला के कांगड़ा स्थित गुप्तगंगा में आयोजित 10 दिवसीय जिला अध्यक्ष प्रशिक्षण शिविर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संगठन को लेकर स्पष्ट, सख्त और दूरगामी संदेश दिया। उन्होंने दो टूक कहा कि कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत किया जाएगा व इस दिशा में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

चंबा जिला सेवा दल अध्यक्ष महाशू राम ठाकुर ने बताया कि राहुल गांधी ने सेवा दल को संगठन की 'रीढ़' बताते हुए उसके कार्यों, अनुशासन और समर्पण की खुलकर सराहना की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जनसंपर्क बढ़ाने, बूथ स्तर तक पकड़ मजबूत करने और जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाने का आह्वान किया।

महाशू राम ठाकुर ने कहा कि इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान उन्हें संगठन व कार्यशैली को लेकर बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी से मुलाकात के बाद उनमें नया उत्साह व आत्मविश्वास पैदा हुआ है। राहुल गांधी एक बेहद सादगीपूर्ण व्यक्तित्व के धनी हैं और उतने ही कर्मठ भी, उनके विचार और व्यवहार कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हैं। शिविर में विभिन्न जिलों से आए सेवा दल पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक रणनीतियों, अनुशासन और जनहित के मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। ठाकुर ने विश्वास जताया कि इस प्रशिक्षण के बाद सेवा दल की गतिविधियां और तेज होंगी तथा कांग्रेस संगठन जमीनी स्तर पर पहले से अधिक मजबूत होकर उभरेगा।



राहुल गांधी के साथ सेवादल सदस्य। अनंत ज्ञान

# चंबा जिले में पर्यटन को नई उड़ान

## एडीबी टीम ने चौगान, झील व हेलिपोर्ट परियोजनाओं का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा में पर्यटन को लेकर लंबे समय से यह कहा जाता रहा है कि जिला अपार संभावनाओं से भरा हुआ है, लेकिन अब तक यह संभावनाएं पूरी तरह जमीन पर उतर नहीं पाई थीं, अब एडीबी (एशियन डेवलपमेंट बैंक) की टीम के हालिया दौरे ने इन उम्मीदों को नई उड़ान दे दी है। 1, 2 और 3 मई को हुए इस निरीक्षण ने यह संकेत दे दिया है कि यदि सही रोडमैप पर काम हुआ, तो चंबा प्रदेश ही नहीं, देश के प्रमुख पर्यटन केंद्रों में शामिल हो सकता है।

एडीबी टीम, जिसका नेतृत्व प्रोजेक्ट डायरेक्टर विवेक महाजन ने किया, उन्होंने जिले के कई महत्वपूर्ण स्थलों का दौरा कर पर्यटन विकास की संभावनाओं का गहन आकलन किया। टीम ने ऐतिहासिक चौगान के सौंदर्यीकरण, हेरिटेज वॉक, लिफ्ट सुविधा व शीतला माता मंदिर के समीप घाटों के विकास जैसे प्रस्तावों पर विस्तार से मंथन किया। इन योजनाओं के क्रियान्वयन से शहर की तस्वीर बदलने और पर्यटकों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की उम्मीद जगी है। टीम ने सुल्तानपुर में प्रस्तावित हेलिपोर्ट साइट का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया व लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों को गुणवत्ता व गति बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिए। हेलिपोर्ट के विकसित होने से चंबा की कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी सुधार आने की संभावना है, जो पर्यटन के लिए गेमचेंजर साबित हो सकता है। इसके साथ ही टीम ने चमेरा लेक और डैनकुंड का दौरा कर लेक टूरिज्म, साइक्लिंग ट्रैक व एडवेंचर गतिविधियों के विकास की संभावनाओं को परखा। विशेषज्ञों का मानना है कि इन स्थलों को योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जाए, तो चंबा एडवेंचर और नेचर टूरिज्म का बड़ा हब बन सकता है। हालांकि, सवाल अब भी वही है क्या इस बार योजनाएं धरातल पर उतर पाएंगी? वर्षों से 'हाई पोटेंशियल' का तमगा लिए चंबा बुनियादी ढांचे की कमी, सीमित कनेक्टिविटी और ठोस रणनीति के अभाव से जूझता रहा है। खज्जियार, डलहौजी और साच पास जैसे विश्वस्तरीय स्थल होने के बावजूद इनका समुचित प्रचार-प्रसार और विकास नहीं हो सका। अब एडीबी के हस्तक्षेप ने एक बार फिर उम्मीद जगाई है कि चंबा के लिए एक मजबूत, समयबद्ध और क्रियान्वयन योग्य रोडमैप तैयार होगा। यदि सरकार, प्रशासन और स्थानीय समुदाय मिलकर ईमानदारी से प्रयास करें, तो वह दिन दूर नहीं जब चंबा पर्यटन मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बनाकर आर्थिक समृद्धि की नई कहानी लिखेगा।




एडीबी की टीम के साथ जिला पर्यटन और विकास अधिकारी राजीव मिश्रा। अनंत ज्ञान

# भरमौर की राजनीति में नई हलचल हेमराज को मिली यूथ इंटक की कमान

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** जनजातीय क्षेत्र भरमौर की सियासत में उस समय नई हलचल पैदा हो गई, जब यूथ इंटक ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से एक अहम फैसला लेते हुए हेम राज कालरा को भरमौर ब्लॉक का अध्यक्ष नियुक्त किया।



डाकघर उलांसा के निवासी हेम राज कालरा की इस ताजपोशी को क्षेत्र में युवा नेतृत्व के उभार के रूप में देखा जा रहा है। यूथ इंटक के जिलाध्यक्ष विरेंद्र पुजारी ने यह जिम्मेदारी सौंपते हुए हेम राज कालरा की मेहनत, सक्रियता व संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को सराहा। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा व युवाओं की आवाज को मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष हेम राज कालरा ने अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पद उनके लिए केवल सम्मान नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी और चुनौती है। उन्होंने जिलाध्यक्ष विरेंद्र पुजारी, प्रदेश अध्यक्ष जसविंदर चौहान, विधायक व इंटक यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष बाबा हरदीप सिंह, तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गाबा का दिल की गहराइयों से धन्यवाद किया। हेम राज कालरा ने दृढ़ संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन के प्रति पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। इस नियुक्ति के बाद क्षेत्र के युवाओं और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

**◆ कहा-पद केवल सम्मान नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी और चुनौती**


# पंचायत चुनावों को लेकर नो ड्यूज प्रमाण पत्र की जटिल प्रक्रिया से परेशान प्रत्याशी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश में आगामी ग्राम पंचायत चुनावों को लेकर नो ड्यूज प्रमाण पत्र की जटिल प्रक्रिया से प्रत्याशियों की परेशानी बढ़ गई है। पंचायत सचिव द्वारा जारी इस प्रमाण पत्र को विकास खंड अधिकारी (बीडीओ) से काउंटर साइन करवाने की अनिवार्यता के कारण उम्मीदवारों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। प्रत्याशियों का कहना है कि चुनाव के दौरान पहले ही समय की कमी रहती है, ऐसे में यह अतिरिक्त प्रक्रिया उनके समय व संसाधनों पर बोझ डाल रही है। विशेषकर दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले उम्मीदवारों को अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उम्मीदवारों व स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नो ड्यूज प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को सरल व सुगम बनाया जाए। उनका सुझाव है कि पंचायत सचिव द्वारा जारी प्रमाण पत्र को ही अंतिम मान्यता दी जाए या काउंटर साइन की प्रक्रिया को ऑनलाइन अथवा एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से आसान किया जाए। प्रत्याशियों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन जल्द इस समस्या का समाधान करेगा, जिससे चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

# भक्ति नाम नहीं, जीवन जीने का ढंग: महात्मा

अनंत ज्ञान

**चंबा।** संत निरंकारी सत्संग भवन, मुगला में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर महात्मा राजिंदर अहीर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ आरती वंदना से हुआ, जिसमें दूरदराज के गांवों व कस्बों से आए श्रद्धालु भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



साहो, जडेरा, राख, जांगी, मैहला, मंगला सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे संतों व महात्माओं ने सत्गुरु माता सुदीक्षा महाराज की दिव्य शिक्षाओं को अपने विचारों व भजनों के माध्यम से भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। पूरे वातावरण में भक्ति, समर्पण व आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर अपने संबोधन में महात्मा राजिंदर अहीर ने कहा कि भक्ति केवल नाम या दिखावा नहीं, बल्कि आत्म जागरूकता की एक सतत यात्रा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सच्ची भक्ति वही है, जब व्यक्ति पहले स्वयं का आत्म-मंथन करे, अपनी कमियों को पहचाने और उन्हें सुधारते हुए जागरूक जीवन जीए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अज्ञानवश हुई गलती सुधारी जा सकती है, लेकिन जानबूझकर किसी को ठेस पहुंचाना या शब्दों के माध्यम से छल करना भक्ति नहीं है। उन्होंन कहा एक सच्चे भक्त का स्वभाव मरहम लगाने वाला होता है, न कि घाव देने वाला। महात्मा ने आगे कहा कि हर प्राणी में निराकार परमात्मा को देखते हुए सरल व निष्कपट व्यवहार करना ही भक्ति का मूल है।


ब्रह्मज्ञान प्राप्ति के बाद सेवा, सुमिरन और सत्संग के माध्यम से इस अनुभूति को बनाए रखना ही सच्चे जीवन का मार्ग है। उन्होंने कहा कि भक्ति कोई पद, पहचान या उपलब्धि नहीं, बल्कि अहंकार के समाप्त होने के बाद उत्पन्न जीवन जीने की शैली है। यदि भक्ति को अहंकार या उपलब्धियों से जोड़ा जाए, तो वह सच्ची भक्ति नहीं रह जाती। अंत में उन्होंने संगत से आह्वान किया कि वे अपनी बनाई परिभाषाओं को त्यागकर ऐसा जीवन अपनाएं, जहां सेवा, सुमिरन, वचन और संगत स्वाभाविक बन जाएं।



संत निरंकारी सत्संग में गूंजा आध्यात्मिक संदेश। अनंत ज्ञान

# शिव मंदिर बढ़ेड़ा में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू

अनंत ज्ञान



**ऊना।** जिला ऊना के तहत बढ़ेड़ा गांव स्थित शिव मंदिर (चौंता) में 9 मई तक भव्य श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है व रविवार को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया है।

आयोजन समिति के अनुसार कथा का समय प्रतिदिन सायं 6:00 बजे से रात 9:30 बजे तक रहेगा। कथा के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन भंडारे की व्यवस्था भी की गई है। कथा का वाचन राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी देवेश्वरानंद गिरि जी (श्री धाम वृंदावन) द्वारा किया जाएगा, जिनके श्रीमुख से श्रद्धालु भागवत कथा का रसपान करेंगे। कार्यक्रम के दौरान 3 मई (रविवार) को विशाल कलश यात्रा भी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के भाग लिया। वहीं, कथा का समापन 9 मई (शनिवार) को पूर्णाहुति के साथ होगा। इस दिन सुबह 8 बजे से धार्मिक अनुष्ठान शुरू होंगे तथा 10 बजे से 12 बजे तक कथा का विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में आचार्य श्री 1008 हेमानंद जी महाराज की विशेष उपस्थिति भी रहेगी, जो श्रद्धालुओं को आशीर्वचन प्रदान करेंगे। शिव मंदिर कमेटी (चौंतरा) व समस्त ग्रामवासी बटेड़ा, तहसील हरोली ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस पावन आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

# चंद्रमोहन ने चमन राही से लिया फीडबैक पंचायतीराज में स्वच्छ छवि पर दिया जोर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजन लाल के पुत्र व पंचकूला के विधायक चंद्रमोहन ने क्षेत्रीय राजनीतिक व सामाजिक मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय दलित पिछड़ा व अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव व राज्य प्रवक्ता चमन राही से विस्तृत फीडबैक लिया।

इस दौरान चमन राही, जो वर्तमान में सुंदरनगर उपमंडल के अंतर्गत खिलड़ा निर्वाचन क्षेत्र के लोकप्रिय व अनुभवी उम्मीदवार हैं, उन्होंने क्षेत्र की जमीनी स्थिति, स्थानीय समस्याओं और जनभावनाओं से अवगत करवाया। उन्होंने पंचायत स्तर पर विकास कार्यों, बुनियादी सुविधाओं और सामाजिक समरसता से जुड़े विभिन्न मुद्दों को विस्तार से रखा। इस अवसर पर चंद्रमोहन ने कहा कि पंचायतीराज संस्थाएं गैर राजनीतिक होती हैं, इसलिए इन संस्थाओं में स्वच्छ छवि, ईमानदारी व विकासोन्मुखी सोच रखने वाले प्रतिनिधियों का चयन होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पंचायतों का मुख्य उद्देश्य गांवों का समग्र विकास और लोगों की मूलभूत समस्याओं का समाधान करना होना चाहिए। चंद्रमोहन ने विश्वास जताया कि हिमाचल प्रदेश की जनता जागरूक है व वह योग्य, ईमानदार तथा जनहित के प्रति समर्पित उम्मीदवारों को चुनकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे संवाद भविष्य की नीतियों को बेहतर दिशा देने में सहायक साबित होते हैं।



विधायक चंद्रमोहन फीडबैक लेते हुए। अनंत ज्ञान

# रामशिला के गीता कुटीर में हुआ हवन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय से करीब तीन किलोमीटर दूर स्थित रामशिला गीता कुटीर में रविवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण व भक्तिमय भजनों से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। हवन में क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस धार्मिक आयोजन में आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सभी ने विधि-विधान से हवन में आहुतियां डालीं और सामूहिक प्रार्थना में भाग लिया। आयोजन स्थल पर भक्तों में गहरा उत्साह और आस्था देखने को मिली। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। हवन के समापन के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। लोगों ने पूरे श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# सूबेदार कुलदीप राज का गांव हटली में भव्य स्वागत

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** ग्राम पंचायत हटली के निवासी सूबेदार (सेवानिवृत्त) कुलदीप राज के अपने पैतृक गांव लौटने पर ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

लगभग 30 वर्षों तक भारतीय सेना में उत्कृष्ट सेवाएं देने के बाद हैदराबाद से सेवानिवृत्त होकर जब वे अपने गांव पहुंचे, तो पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों, युवाओं व बुजुर्गों ने अपने वीर सपूत का गर्मजोशी से स्वागत किया और समारोह स्थल पर उत्सव जैसा वातावरण बन गया। समारोह के दौरान कुलदीप राज को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने उनके सैन्य जीवन की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कर्तव्य के प्रति हमेशा निष्ठा, अनुशासन व समर्पण का परिचय दिया। उन्होंने भारतीय सेना की ईएमई (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स) कोर में रहकर देश की सेवा की और कई महत्वपूर्ण स्थानों पर अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। विशेष रूप से सियाचिन ग्लेशियर जैसे दुर्गम और अत्यंत चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में उनकी तैनाती को उनके साहस और देशभक्ति का प्रतीक बताया गया। सियाचिन में तैनाती को सेना की सबसे कठिन ड्यूटियों में गिना जाता है, जहां अत्यधिक ठंड, बर्फीले तूफान और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बीच सैनिकों को अपनी जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। ऐसे कठिन हालात में भी कुलदीप राज ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ किया।

कुलदीप राज का परिवार भी सैन्य परंपरा से जुड़ा हुआ है। उनके पिता जुल्फी राम शर्मा भारतीय सेना से सूबेदार पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। इसके अलावा उनके एकमात्र पुत्र भी वर्तमान में सेना में सेवाएं दे रहे हैं। इस प्रकार परिवार की तीन पीढ़ियों ने देश सेवा में अपना योगदान दिया है, जो क्षेत्र के लिए गर्व व प्रेरणा का विषय है। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे परिवार समाज में देशभक्ति और सेवा भावना की मिसाल पेश करते हैं। जानकारी के अनुसार कुलदीप राज की प्रारंभिक भर्ती बीआरओ हमीरपुर के माध्यम से हुई थी। इसके बाद उन्होंने भारतीय सेना में अपनी सेवाएं शुरू कीं। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने हर जिम्मेदारी को ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाया और अपने व्यवहार से सहकर्मियों व अधिकारियों के बीच सम्मान प्राप्त किया। इस मौके पर सूबेदार कुलदीप राज ने सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपने गांव में मिला यह सम्मान उनके जीवन का सबसे बड़ा पुरस्कार है।



# नाले में फेंकी मोटरसाइकिल, पड़ोसी पर शक, पुलिस जांच में जुटी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के सदर थाना क्षेत्र में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल को अज्ञात व्यक्ति द्वारा नाले में फेंक दिया गया। इस घटना से इलाके में दहशत व आक्रोश का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गदरी निवासी अहमद ने पुलिस थाना सदर में शिकायत दर्ज करवाई है कि उसने 1 मई 2026 को अपनी मोटरसाइकिल अपने घर के नीचे खड़ी की थी, जब उसने अगली बार अपनी बाइक देखनी चाही, तो वह वहां नहीं मिली। तलाश करने पर मोटरसाइकिल पास के नाले में क्षतिग्रस्त अवस्था में पाई गई। शिकायतकर्ता ने इस घटना के पीछे अपने ही गांव के निवासी बाला पर शक जताया है। अहमद का कहना है कि पुरानी रंजिश के चलते यह कृत्य किया गया हो सकता है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना की गहन जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए सबूत जुटाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर चिंता बढ़ गई है व उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने की मांग की है। पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही सच्चाई सामने लाई जाएगी।

# जिला सम्मेलन में नवल किशोर अध्यक्ष, गजेंद्र शर्मा को मिली सचिव की जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति का 21वां जिला सम्मेलन युवा बचाओ भविष्य बचाओ अभियान और नशा मुक्त चुनाव प्रचार के संकल्प के साथ संपन्न हो गया। मंडी के साक्षरता भवन सौली खड्ड में आयोजित इस सम्मेलन में मंडी जिला के 13 ब्लॉकों से कुल 90 प्रतिनिधि शामिल हुए।

इस अवसर पर हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य सचिव सत्यवान पुंडीर ने हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के 35 वर्षों के सफर व इस दौरान की उपलब्धियों के बारे में प्रतिभागीयों को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति मात्र एक संगठन नहीं, बल्कि एक बेहतर समाज के निर्माण का एक आंदोलन है, जिसमें अपनी और अपने आसपास की परिस्थितियों को समझने, उन्हें बेहतर बनाने के लिए समाधान खोजने वाले लोगों संगठन है। आज भी हमारे समाज में आर्थिक, सामाजिक व ज्ञान आधारित विभाजन है, जिससे हमारा समाज समान रूप से विकास नहीं कर पा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास के तमाम सरकारी दावों के बावजूद मानव विकास सूचकांक बताते हैं कि हमारा देश हर स्तर पर पिछड़ा रहा है। लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। देश का भविष्य हमारी आज की युवा पीढ़ी आज नशे के मक्कड़ जाल में फंसता चला जा रहा है। हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा प्रदेश सरकार के सहयोग से नशे के खिलाफ चलाए जा रहे युवा बचाओ भविष्य बचाओ अभियान व पंचायतों व स्थानीय निकायों के आने वाले चुनावों को देखते हुए हिमाचल दिवस के अवसर पर आरंभ किए संकल्प नशा मुक्त चुनाव प्रचार के बारे में बताया। उन्होंने इस मौके पर भारत ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा देश भर में चलाऐ जा रहे फर्यूचर ऑफ इंडिया कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखने और जो नशे में जा चुके हैं, उन्हें इससे बाहर लाना होगा। सत्यवान पुंडीर ने बताया की समिति राष्ट्रीय स्तर से गांव स्तर तक यह अभियान चला रही है, जिसमें युवाओं के साथ विभिन्न स्तरों पर संवाद किया जाएगा, उन्हें संगठन के साथ जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। ज्वांय ऑफ लर्निंग फाउंडेशन दिल्ली से निदेशक अंशुमाला गुप्ता व डॉ. आरके शर्मा द्वारा पर्यावरण बदलाव के खतरे व उससे बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया की धरती का तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, जिससे ये सारे बदलाव हो रहे हैं। इससे बचाव के लिए हम सबको आगे आना होगा व पर्यावरण बचाव के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे, घास और झाड़ियां भी लगानी होंगी, ताकि उपजाऊ मिट्टी को बहने से बचाया जा सके। सामजिक न्याय व समता पर आयोजित सत्र में मुख्य बक्ता के रूप मे सुमित्रा चंदेल ने महिलाओं के स्वास्थ्य व उनके साथ भेदभाव तथा पर बात रखी। युवा बचाओ अभियान व मानसिक स्वास्थ्य पर आयोजित सत्र में एनआर ठाकुर, भूपेंद्र सिंह व सत्यवान पुडीर ने सम्मेलन को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने युवाओं में बढ़ते सिंथेटिक ड्रग्स के बारे तथा उससे कैसे बचा जाए। इस पर प्रकाश डाला। इसके अलावा डीपी गुप्ता व जोगिंदर वालिया ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण के व वर्तमान समय में जन विज्ञान आंदोलन की भूमिका के बारे में बात रखी, जिसमें उन्होंने बताया कि अंधविश्वास व रूढ़ियां किस तरह से हमें आगे बढ़ने से रोकती हैं।

सम्मेलन में आगामी दो वर्ष के लिए नई कार्याकारिणी का गठन भी किया गया। इसमें अध्यक्ष पद के लिए नवल किशोर शर्मा, उपाध्यक्ष भोला दत कश्यप व ललित शर्मा, सचिव गजेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष रीना, सह-सचिव विनय कुमारी, नंदलाल, लालमन, सेवक राम को चुना गया। इसके अलावा, सुनीता पटियाल, मोहन भारती, देविंद्रा देवी, डिंपल, खूबेराम, मोहन भारती, ज्ञान वर्मा, मीरा देवी, निशा देवी, निशा देवी, शिला देवी, रित्विक, कैप्टन राजेंद्र सिंह, गोपाल ठाकुर, भावना, कांता देवी, को कार्यकारिणी सदस्य चयनित किया गया।




हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति का सम्मेलन युवा बचाओ भविष्य बचाओ अभियान व नशा मुक्त चुनाव प्रचार के संकल्प के साथ हुआ संपन्न। अनंत ज्ञान

# मलेरकोटला के रशीद ने बड़ी माली यूपी के राहुल ने जीती छोटी माली

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के चम्याणू बैहल में हर साल की भांति इस वर्ष भी लख दाता छिंज प्रतियोगिता चम्याणु बैहल में कमेटी सदस्यों यशवंत राठौड़, जगदीश चंद गुलेरिया, सुरेंद्र जरयाल, अच्छर राम शर्मा, विधि चंद गुलेरिया, सुरेश कुमार, विनोद शर्मा, सुंदर सिंह व मेहर सिंह तथा ग्राम निवासियों के प्रयास से एक विशाल दंगल का आयोजन किया गया।



इसमें देश भर से हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, कश्मीर, उत्तराखंड, दिल्ली आदि राज्यों से आए नामी पहलवानों ने अपने जौहर दिखाकर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया व कमेटी की ओर से कुश्ती के करतबों के हिसाब से इनाम दिए गए। दंगल में छोटी माली व बड़ी माली के मुकाबले करवाए गए छोटी माली का मुकाबला सलमान दिल्ली व राहुल यूपी के बीच खेला गया, जिसमें राहुल ने खिताब अपने नाम किया। वहीं, दूसरी बड़ी माली के रोमांचक मुकाबला पवन सोनीपत व रसीद मलेरकोटला के बीच खेला गया, जिसमें रसीद ने पवन को हराकर खिताब अपने नाम किया। कमेटी की तरफ से छोटी माली के विजेता को 11 हजार रुपए और गुर्ज तथा हारने वाले को 90 हजार रुपए दिए तथा बड़ी माली के विजेता को 21 हजार रुपए के साथ गुरज तथा हारने वाले को 18 हजार रुपए की राशि दी गई।

अनंत Classifieds

**NAME CORECTION**

I, Koyal Bhatt D/o Sh. Ajeet Singh R/o Mohalla Dharog Chamba Town Tehsil and Distt. Chamba HP aged 30 years, declare that the name of deponent is recorded as Koyal in her educational certificate whereas her name is recorded as Koyal Bhatt in her PAN card and Aadhaar Card. Both the names i.e. Koyal and Koyal Bhatt are the names of one and same person.

दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो आतशी शीशा खुद ब खुद मिल जाता हैं, जो अवसरों को खोज निकालता हैं।

–शिव खेड़ा

## संपादकीय

# टीबी का प्रकोप

हिमाचल प्रदेश को क्षय रोग (टीबी) मुक्त बनाने के दावों को शिमला जिले के रामपुर स्थित खनेरी नर्सिंग संस्थान की घटना ने गहरी चोट पहुंचाई है। महात्मा गांधी मेमोरियल नर्सिंग संस्थान में 17 प्रशिक्षु छात्राओं का टीबी से संक्रमित होना केवल एक स्वास्थ्य घटना नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की गंभीर विफलता का संकेत है। जब एक ही संस्थान में इतनी बड़ी संख्या में संक्रमण सामने आता है, तो यह साफ हो जाता है कि कहीं न कहीं व्यवस्थाओं में गहरी खामियां मौजूद हैं। यह घटना इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि यह कोई आकस्मिक स्थिति नहीं, बल्कि लंबे समय से पनप रही अव्यवस्थाओं का परिणाम है। दो छात्राओं के संक्रमित होने के बाद उनके संपर्क में आई 15 अन्य छात्राओं का संक्रमित होना इस बात का प्रमाण है कि संस्थान में समय रहते न तो उचित जांच हुई और न ही प्रभावी रोकथाम के उपाय अपनाए गए। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि संक्रमण नियंत्रण की बुनियादी प्रक्रियाओं को नजरअंदाज किया गया।

सबसे गंभीर पहलू यह है कि सैंपल रिपोर्ट आने के बाद भी संस्थान प्रशासन की ओर से कोई ठोस सुधार नहीं किया गया। एसडीएम द्वारा दो बार निरीक्षण और विशेषज्ञों की रिपोर्ट के बावजूद हालात जस के तस बने रहना प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब जिम्मेदार अधिकारी संज्ञान ले चुके थे, तो फिर सुधारात्मक कदम क्यों नहीं उठाए गए?

संस्थान में छात्राओं की रहने की स्थिति अत्यंत दयनीय बताई जा रही है। सीलन से भरे कमरे, खराब भोजन व्यवस्था, और पोषण की भारी कमी सीधे तौर पर उनके स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है। टीबी जैसी बीमारी, जो मुख्य रूप से कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले व्यक्तियों को जल्दी प्रभावित करती है, ऐसे माहौल में तेजी से फैलना स्वाभाविक है। जब छात्राओं को पर्याप्त प्रोटीनयुक्त आहार –जैसे दाल, अंडा और फल नहीं मिल रहा, तो यह स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है।

स्वच्छता की स्थिति भी अत्यंत चिंताजनक है। 25 से 30 छात्राओं के लिए केवल एक टॉयलेट होना और उसकी सफाई के लिए कोई कर्मचारी न होना, न केवल असुविधाजनक बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक है। छात्राओं द्वारा स्वयं टॉयलेट साफ करना इस बात का प्रमाण है कि संस्थान में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। इसके अलावा, मानसिक दबाव, पर्याप्त आराम न मिलना और परिवार से सीमित संपर्क जैसी समस्याएं भी उनकी स्थिति को और खराब कर रही हैं।

यह भी विडंबना है कि एक ओर प्रदेश सरकार 2025 में हजारों पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित कर रही है, वहीं दूसरी ओर सरकारी संस्थान ही संक्रमण के केंद्र बनते जा रहे हैं। हिमाचल में टीबी संक्रमण दर राष्ट्रीय औसत से लगभग दोगुनी होना पहले ही चिंता का विषय है। ऐसे में खनेरी जैसी घटनाएं यह संकेत देती हैं कि जमीनी स्तर पर दावे और वास्तविकता के बीच बड़ा अंतर है।

टीबी केवल एक बीमारी नहीं, बल्कि सामाजिक–आर्थिक परिस्थितियों से जुड़ी चुनौती भी है। कुपोषण, भीड़भाड़, स्वच्छता की कमी और मानसिक तनाव इसके प्रमुख कारणों में शामिल हैं। खनेरी संस्थान में ये सभी कारक मौजूद हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या केवल चिकित्सा तक सीमित नहीं, बल्कि समग्र प्रबंधन की है। इस पूरे प्रकरण में सबसे दुखद पहलू यह है कि नर्सिंग की पढ़ाई कर रही छात्राएं, जो भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बनने वाली हैं, वही आज उपेक्षा का शिकार हो रही हैं। नर्सें किसी भी स्वास्थ्य संस्थान की आधारशिला होती हैं। यदि उनका ही स्वास्थ्य और मनोबल कमजोर होगा, तो पूरे स्वास्थ्य तंत्र पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

अब आवश्यकता केवल जांच या औपचारिक कार्रवाइयों की नहीं, बल्कि ठोस और त्वरित सुधार की है। संस्थान में रहने, खाने और स्वच्छता की व्यवस्था को तत्काल सुधारा जाना चाहिए। संक्रमित छात्राओं का समुचित इलाज और बाकी छात्राओं की नियमित जांच सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करना भी जरूरी है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

हिमाचल प्रदेश सरकार को इस मामले को एक चेतावनी के रूप में लेना चाहिए। यदि अभी भी सुधार नहीं किया गया, तो टीबी मुक्त हिमाचल का सपना केवल कागजों तक सीमित रह जाएगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार इस गंभीर स्थिति को समझेगी, त्वरित कदम उठाएगी और छात्राओं को सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराएगी। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | आज की प्रमुख हस्ती

## भारत की पहली महिला न्यायाधीश




अन्ना चांडी
जन्म : 4 मई, 1905
मृत्यु : 20 जुलाई, 1966

**अन्ना चांडी** भारत की न्यायिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक व्यक्तित्व थीं। उनका जन्म 4 मई, 1905 को तत्कालीन त्रावणकोर राज्य (वर्तमान केरल) में एक मलयाली सीरियाई ईसाई परिवार में हुआ था। वे भारत की पहली महिला न्यायाधीश के रूप में जानी जाती हैं और न्यायपालिका में महिलाओं के लिए मार्ग प्रशस्त करने वाली अग्रणी हस्ती थीं।

अन्ना चांडी ने केरल से कानून की डिग्री प्राप्त कर उस समय एक बड़ी उपलब्धि हासिल की, जब महिलाओं के लिए उच्च शिक्षा और पेशेवर करियर बहुत सीमित थे। वर्ष 1928 में उन्होंने न्यायिक सेवा में प्रवेश किया और त्रावणकोर के तत्कालीन दीवान सर सीपी रामास्वामी द्वारा उन्हें जिला न्यायाधीश (मुंसिफ) के पद पर नियुक्त किया गया। यह भारत के न्यायिक इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण था, क्योंकि यह पहली बार था जब किसी महिला को इस स्तर पर न्यायिक जिम्मेदारी सौंपी गई।

अपने करियर में उन्होंने न केवल न्यायिक कार्यों को कुशलता से निभाया, बल्कि यह भी साबित किया कि महिलाएं प्रशासनिक और न्यायिक क्षेत्रों में भी समान रूप से सक्षम हैं। बाद में वे उच्च न्यायालय के स्तर तक पहुंचीं और वर्ष 1959 से 1967 तक न्यायाधीश के रूप में कार्य किया। वे दुनिया की शुरुआती महिला उच्च न्यायालय न्यायाधीशों में से एक थीं, जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उनकी पहचान बनाई।

उनका योगदान न्याय देने तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने भारतीय समाज में महिलाओं की भूमिका को लेकर एक नई सोच विकसित की। उनका निधन 20 जुलाई, 1966 को हुआ, लेकिन उनका योगदान आज भी भारतीय न्यायिक इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है।



कविता

## आ अब लौट चलें

वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन
ऊना (हिमाचल प्रदेश)

दूर कहीं दूर, लालिमा छोड़ता गोलाकार सूर्य, चल पड़ा है अन्यत्र यात्रा पर,
जल चुके हैं लैंपपोस्ट, अंकित कर रहे हैं, ढल चुका है दिन-रात होने को
है, दिनभर दो जून की रोटी कमा वापस आ रहे हैं मजदूर, तेज गति से
वाहनों की आवाजें, पों-पों बजातीं एक-दूसरे से आगे निकलने की लगी
हुई है होड़, यहीं कहीं है न मंजिल, इतनी भटकन सी क्यों, सूर्योदय-
सूर्यास्त दिन-रात का है सुमेल, सृष्टिकाल से चल रही रीत, दे रही पैगाम,
क्यों होते तुम हैरान, यही तो है जीवन-मौत, फिर काहे का डर, संसार में
आना-जाना, सदियों की है यह रीत, क्यों करते हो यहां प्रीत, गांव से शहर
की ओर, मशीनीकरण का है जोर, न संवेदनशील न सहानुभूति, फिर क्या
लेना है यहां रहकर, अपने मूल को पहचानो, आओ अब लौट चलें,
अपने गांव की ओर, शोरगुल से बहुत दूर।

# विश्वभर में सर्व धर्मों की आस्था का केंद्र हिंदुस्तान



डॉ. पीसी कौंडल
गांव ददोह, डा. धावन, तहसील बल्ह जिला मंडी (हि.प्र.)

विश्वभर में हिंदुस्तान एक ऐसा देश है जिसे सर्व धर्मों का आदर, मान-सम्मान करने वाला और आध्यात्मिकता का केंद्र माना जाता है। हिंदुस्तान की धरती पर राम, कृष्ण अवतरित हुए। वेदों-पुराणों की रचना भी इसी धरती पर हुई है। इसी धरती पर गुरु नानक देव, गोस्वामी तुलसी दास, महर्षि वाल्मीकि, मुनि वशिष्ठ, जगत गुरु शंकराचार्य, ऋषि विश्वामित्र, श्रृंगी ऋषि, ऋषि पराशर आदि प्रकट हुए हैं। शिव, ब्रह्मा, विष्णु तीनों अवतार इसी धरती पर आए। परम पूजनीय देवियां, लक्ष्मी, परमेश्वरी देवी, पार्वती, सरस्वती, सावित्री भी इसी धरती पर अवतरित हुई हैं।

पवित्र नदियां, गंगा, जमुना, सरस्वती, नर्मदा आदि भी हिंदुस्तान की धरती पर प्रकट हुई हैं। श्रीमद्भगवत गीता, राम चरित मानस, महाभारत आदि पुस्तकों की रचना भी इसी धरती पर हुई है। इसी कारण हिंदुस्तान की धरती को सर्व धर्म संगम अर्थात धर्म निरपेक्ष साम्राज्य का दर्जा प्राप्त है। किसी भी धर्म में आस्था रखने वाला व्यक्ति स्वतंत्र रूप से किसी भी धर्म को अपना सकता है। हर धर्म का एक ही मकसद, एक ही उद्देश्य और एक ही ध्येय है और वह है प्रभु प्राप्ति, परमात्मा से मिलाप। धर्म, राजनीति से बहुत दूर और परमात्मा के निकट है। हिंदुस्तान में संतों महात्माओं और गुरुजनों का स्थान अति उत्तम और सर्वोपरि रहा है। संतों महात्माओं से ऊंचा न केवल हिंदुस्तान, बल्कि समस्त विश्व के अंदर कोई भी नहीं है। न राजा, न महाराजा, न सम्राट, न बादशाह, न किसी देश का राष्ट्रध्यक्ष न कोई वरिष्ठतम राजनेता, संतों से बड़ा है। श्री आदि गुरु ग्रंथ साहिब का कथन है-'मन रे गुरु जे वद अवर न कोई, गुरु पारब्रह्म परमेश्वर सोई।'

स्कंद पुराण में भी लिखा है-गुरूर ब्रह्मा, गुरूर विष्णु, गुरूर देव महेश्वरा, गुरु साक्षात पारब्रह्म, तस्मै गुरुवे नमः।

यही संत पलटू जी ने भी फरमाया है-राम के घर के बीच काम सब संत ही करते, देवता तैंतीस कोट संत से सब ही डरते।

राम चरित मानस में भी गोस्वामी तुलसी दास जी ने फरमाया है। गुरु बिन भवनिध तरे न कोई, जो वीरंच शंकर सम होई। गुरु से तात्पर्य है जो उस परमात्मा के घर का भेद जानता है और उसके साथ मिलाप करने का गुर अर्थात साधन या तरीका जानता है। कदम कदम पर हमें गुरु की जरूरत पड़ती है। उदाहरण के तौर पर अगर हमने राज मिस्त्री, दर्जी, सिलाई-कढ़ाई, वेल्डिंग आदि का कार्य सीखना हो तो उस कार्य के मास्टर अर्थात गुरु से हमें कार्य सीखना पड़ेगा, तभी हम उस कार्य को कर पाएंगे। इसी प्रकार अगर हम परमात्मा से मिलाप करना चाहते हैं तो हमें उसके वाकिफकार की संगत करनी पड़ेगी, तभी हम परमात्मा से मिल पाएंगे अर्थात गुरु के बिना कोई परमात्मा से मिलाप नहीं कर पाएगा। गुरु परमात्मा से मिलाप करने का रास्ता बताता है।



शुकदेव ऋषि वेद व्यास जी का पुत्र था। जब वह विष्णु पूरी में प्रवेश करने लगा तो द्वार पर खड़े द्वारपाल ने उनसे पूछा, 'आपका गुरु कौन है? तो शुकदेव ने गर्व में आकर कहा, मुझे गुरु की क्या आवश्यकता है? मैं तो महर्षि वेदव्यास जी का पुत्र हूं।' द्वारपाल ने कहा, महर्षि वेदव्यास जी के पुत्र होने से आपको प्रवेश नहीं मिल पाएगा। जब तक आपका अपना स्वयं का कोई गुरु नहीं होगा, तब तक आप विष्णुपुरी में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। पहले जाकर गुरु धारण करके आओ। शुकदेव निराश होकर जब अपने पिताश्री महर्षि वेदव्यास जी के पास पहुंचा तो झुंझला कर बोला, पिताश्री मेरा आपका पुत्र होने का क्या फायदा। आपका नाम लेने पर भी मुझे विष्णुपुरी में प्रवेश नहीं मिला, वहां पर मुझे धक्के खाने पड़े। तब वेदव्यास जी ने कहा, बेटा गुरु तो आपको करना ही पड़ेगा। निगुरे को परमात्मा के दरबार में प्रवेश नहीं मिल सकता, पहले तुम गुरु धारण करो। फिर जहां मर्जी जाओ, आपको कोई नहीं रोकेगा।

एक महात्मा ने फरमाया है, संत न होते जगत में जल मरता संसार। अगर पुराण संत इस संसार में विद्यमान न होते तो यह सृष्टि जल कर राख स्वाह हो जाती। तो क्या परमात्मा से हमारा मिलाप बिना गुरु के हो जाएगा? नहीं। अगर योग सीखना हो तो योग गुरु के पास जाना पड़ेगा। अध्यात्म सीखना जो तो अध्यात्म गुरु के पास जाना पड़ेगा। संत कबीर जी ने भी गुरु की महिमा इस प्रकार से की है-गुरु गोबिंद दोनों खड़े का के लागूं पाए, बलिहारी गुरु आपने जिन गोबिंद दियो मिलाए। संत कबीर जी ने परमात्मा से अधिक महत्व गुरु को दिया है, वो इस कारण कि गुरु की कृपा से ही तो आत्म परमात्मा से मिलाप कर सकती है।निष्कर्ष यह है कि गुरु का आध्यात्मिक मार्ग में विशेष स्थान है। हिंदू धर्म शाास्त्रों में गुरु का स्थान बहुत ऊंचा है। गोस्वामी तुलसी दास जी ने रामायण में लिखा है, गुरु के बच्चन प्रतीत न जेहि, सपनेहूं सुगम न सुख सिद्धि तेहि अर्थात जिसे गुरु के वचनों में विश्वास नहीं है उसे सपने में भी सुख और सफलता की प्राप्ति नहीं हो सकती।

गुरु और शिष्य की परंपरा नई नहीं है बल्कि आदि अनादिकाल से चलती आ रही है। एक स्थान पर शिवजी ने पार्वती से कहा, गिरिजा संत समागम सम न लाभ कछु आन अर्थात हे पार्वती! संत की संगति के समान इस संसार में और कोई लाभ नहीं है। गोस्वामी तुलसी दास जी ने भी कहा है, संत मिलन सम सुख जग नहीं कि संतों के मिलाप के समान इस संसार में और कोई सुख नहीं है।

विशेष रूप से पंजाब की धरती पर गुरु नानक देव जी से लेकर गुरु गोबिंद सिंह जी तक महान संतों ने आध्यात्मिकता और मानवता का संदेश दिया। आदि ग्रंथ के माध्यम से संतमत का प्रचार हुआ। ब्यास स्थित राधा स्वामी सत्संग ब्यास भी इसी परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। सभी संतों ने लोगों को सही मार्ग दिखाकर परमार्थ और भक्ति की प्रेरणा दी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# वॉशिंगटन हिल्टन : इतिहास की पुनरावृत्ति या अमेरिकी लोकतंत्र की कमजोरी?



डॉ. प्रियंका सौरभ
सामाजिक चिंतक

वॉशिंगटन के प्रतिष्ठित वॉशिंगटन हिल्टन में हाल ही में हुई गोलीबारी ने पूरी दुनिया को एक बार फिर चौंका दिया। यह केवल एक सुरक्षा संबंधी घटना नहीं थी, बल्कि एक ऐसा क्षण था जिसने इतिहास, राजनीति और लोकतंत्र—तीनों को एक साथ खड़ा कर दिया।

जब व्हाइट हाउस संवाददाता रात्रिभोज के दौरान अचानक गोलियों की आवाज गूंजी, तो वहां मौजूद हजारों लोगों के लिए यह किसी भयावह स्वप्न से कम नहीं था। इस कार्यक्रम में डोनाल्ड ट्रंप, मेलानिया ट्रंप और जेडी वेंस जैसे शीर्ष नेता उपस्थित थे। कुछ ही पलों में उत्सव का माहौल भय और अराजकता में बदल गया। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की तत्परता ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया, लेकिन इस घटना ने कई गहरे सवाल खड़े कर दिए, जिनका उत्तर सरल नहीं है। इस घटना की सबसे चौंकाने वाली और साथ ही डरावनी बात यह है कि यह पहली बार नहीं हुआ। यही होटल, जिसे कभी-कभी 'हिंकली हिल्टन' के नाम से भी जाना जाता है, पहले भी अमेरिकी इतिहास की एक बड़ी हिंसक घटना का गवाह रह चुका है। वर्ष 1981 में इसी स्थान के बाहर तत्कालीन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन पर जॉन हिंकली जूनियर ने गोली चलाई थी। उस हमले में रीगन गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उनके प्रेस सचिव जेम्स ब्रैडी को स्थायी रूप से विकलांगता का सामना करना पड़ा था। उस समय भी यही सवाल उठे थे-सुरक्षा में चूक कैसे हुई? और आज, लगभग 45 वर्ष बाद, वही प्रश्न फिर हमारे सामने खड़ा है। फर्क सिर्फ इतना है कि अब दुनिया कहीं अधिक जटिल हो चुकी है और खतरों के स्वरूप भी बदल चुके हैं।

घटना के दौरान मौजूद लोगों के अनुसार सब कुछ सामान्य ढंग से चल रहा था। हंसी-मजाक, भाषण, मीडिया और राजनीति का मिश्रण-यह रात्रिभोज हमेशा से अमेरिकी लोकतंत्र की एक अनूठी परंपरा रहा है लेकिन अचानक हुई गोलीबारी ने इस परंपरा को झकझोर कर रख दिया। लोग अपनी सुरक्षा के लिए टेबलों के नीचे छिपने लगे, अफरा-तफरी मच गई और कुछ ही क्षणों में पूरा वातावरण नियंत्रण से बाहर होता प्रतीत हुआ। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई बड़ा जान-माल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन मानसिक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह घटना केवल एक सुरक्षा चूक नहीं है, बल्कि यह अमेरिकी समाज में बढ़ते राजनीतिक तनाव का भी संकेत देती है। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका में वैचारिक ध्रुवीकरण तेजी से बढ़ा है।



छह जनवरी कैपिटल दंगा जैसी घटनाएं यह दिखा चुकी हैं कि राजनीतिक मतभेद अब केवल बहस और विचार-विमर्श तक सीमित नहीं रह गए हैं। वे सड़कों पर, संस्थानों में और अब उच्च-स्तरीय आयोजनों में भी खुलकर सामने आ रहे हैं। इस संदर्भ में वॉशिंगटन हिल्टन की यह घटना एक अलग-थलग घटना नहीं लगती, बल्कि एक व्यापक प्रवृत्ति का हिस्सा प्रतीत होती है। यह घटना केवल एक सुरक्षा चूक नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों का परिणाम भी मानी जा सकती है। डोनाल्ड ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' और 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' जैसी नीतियों ने समाज में गहरी ध्रुवीकरण की स्थिति पैदा की है। उनके मीडिया से टकराव और तीखी राजनीतिक भाषा ने भी सार्वजनिक संवाद को प्रभावित किया है।

इस पूरे परिदृश्य में सुरक्षा व्यवस्था पर भी प्रश्न उठते हैं। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस जैसी मजबूत एजेंसी होने के बावजूद ऐसी घटनाएं यह दिखाती हैं कि आधुनिक खतरे केवल हथियारों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मानसिक अस्थिरता और डिजिटल प्रभाव भी बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। सोशल मीडिया और गलत सूचना के तेज प्रसार ने भी स्थिति को जटिल बना दिया है। ऐसे में यह घटना लोकतंत्र में संवाद, सहिष्णुता और संतुलित राजनीतिक वातावरण की आवश्यकता को और अधिक स्पष्ट करती है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

# श्रीकृष्ण का वरदान : आसुरीवृत्ति छोड़कर हिडिंबा बनी देवी स्वरूपा



तुलसी राम डोगरा
स्वतंत्र लेखक, पालमपुर

पश्चिमी हिमालय की गोद में अवस्थित हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिला का मनाली देश-विदेश में पर्यटन और धार्मिक दृष्टि से प्रचलित है। मनाली अपनी अनुपम और अद्भुत सुंदर छटा से हमेशा शोभायमान रहता है।

यहां की सुरम्य चांदी सरीखी पर्वतमालाएं वर्षभर सैलानियों को जहां आत्म-विभोर करती हैं, वहीं कुल्लू जिला पर्यटन, धर्म और संस्कृति के समावेश से अलंकृत है। राज्य में अनेकों ऐतिहासिक व पुरातन मंदिर हैं जो अपने पौराणिक गरिमामयी सभ्यता एवं संस्कृति को अक्षुण्ण रखे हुए है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू-मनाली को कुदरत ने असीम व वैभव सौंदर्य का थाल परोसा हुआ है,जहां पर्यटकों का वर्षभर तांता लगा रहता है। मनाली से कुछ ही दूरी पर अवस्थित मां हिडिंबा मंदिर, जिसके इर्द-गिर्द की सुंदरता का वर्णन शब्दों में करना शायद कठिन होगा। श्रद्धालु मंदिर के भित्ति स्थापित हिडिंबा माता की अलौकिक मूर्ति को देखकर अचंभित हो जाते हैं और ऐसा प्रतीत होता है,जैसे देवी के उन्हें साक्षात व दिव्य दर्शन हों रहे हैं। इस समस्त धार्मिक स्थल के नयनाभिराम दृश्य मन को अनंत श्रद्धाभाव से आनंदित कर देते हैं। आराधकों को अपनी चमत्कारिक शक्तियों का प्रत्यक्ष अनुभव कराने वाली मां हिडिंबा जन-जन की श्रद्धा, आस्था और विश्वास का प्रतिबिंब है। हिडिंबा एक दानव हिडिंब की बहन थी। महाभारत महाकाव्य के अनुसार जब पांडव अज्ञातवास में थे तो ये सभी अपनी मां कुंती के साथ ढूंगरी के जंगल से गुजर रहे थे। जब थककर सोने लगे तो भीम उस समय पहरे पर थे। उस दौरान इस क्षेत्र का अधिकांश राज्य हिडिंब और हिडिंबा नामक दो राक्षस भाई-बहन के वर्चस्व में था। जंगल में मानव गंध पाकर हिडिंबा पांडवों तक आ पहुंची। महाबली भीम के पुरुषार्थ को देखते हुए हिडिंबा ने राक्षसी स्वरूप त्याग कर मानवी रूप धारण कर उससे विवाह याचना की। भीम ने उसे आसुरीवृत्ति छोड़ने को कहा और उसके हां कहने पर प्रस्ताव स्वीकार कर लिया और दोनों ने गंधर्व विवाह कर लिया, लेकिन हिडिंबा का भाई हिडिंब अपनी बहन हिडिंबा को अपने यहां न पाकर उसे ढूंढता हुआ वहां आ पहुंचा। वहां की स्थिति को भांपते हुए अत्यंत क्रोधित हो गया तथा क्रोध के आवेश में आकर उसने अपने भयंकर राक्षस रूप में आकर भीम को युद्ध के लिए ललकारा।



भीम और हिडिंब में जमकर भीषण युद्ध हुआ और इस युद्ध में हिडिंब बुरी तरह से भीम से परास्त हुआ और अंत में हिडिंब मारा गया। तत्पश्चात हिडिंबा भीम की अर्धांगिनी बनी। बाद में श्रीकृष्ण ने उसे हिडिंबा को आसुरीवृत्ति छोड़ने के लिए प्रेरित किया और उसे कल्याणकारी कार्यों में संलग्न होने का वरदान दिया और कहा कि अगर तुम ऐसा करोगी तो आने वाले समय समय उसे भविष्य में एक देवी के रूप में पूजा जाएगा। हिडिंबा ने श्रीकृष्ण के वरदान को शिरोधार्य करने के उपरांत देवी हिडिंबा एक ऐसी प्रभावपूर्ण देवी बनी जो राक्षस कल की होते हुए भी अपने मानवीय एवं दैविक गुणों से हिडिंबा एक देवी स्वरूप प्राप्त कर सकीं जो आज भी सम्मानित तथा पूजित है। हिडिंबा का विवाह भीम से हुआ, जिससे वीर घटोत्कच का जन्म हुआ, जिसने महाभारत युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मनाली के ढूंगरी वन क्षेत्र में स्थित हिडिंबा देवी मंदिर समुद्र तल से लगभग 2150 मीटर की ऊंचाई पर देवदार के वृक्षों के बीच आस्था का प्रमुख केंद्र है।

यह मंदिर काष्ठकुणी और पैगोडा शैली में निर्मित है, जिसका निर्माण 1553 ईस्वी में राजा बहादुर सिंह ने करवाया था। मंदिर के गर्भगृह में देवी के चरणचिह्न और कांस्य प्रतिमा विराजमान है। स्थानीय मान्यता है कि यह स्थान कुल्लू घाटी के देवताओं की सभा स्थल जैसा है।

ज्येष्ठ संक्रांति पर यहां विशाल मेला लगता है, जबकि कुल्लू दशहरा की शुरुआत भी माता हिडिंबा के आगमन से होती है। यह स्थल श्रद्धा, इतिहास और अद्भुत वास्तुकला का अनूठा संगम है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बच्चों को उनकी सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक करना बेहद जरूरी



केशव शर्मा 'रसिक'
स्वतंत्र लेखक, गांव कोटला, घुमारवीं

बच्चे किसी भी राष्ट्र की सबसे मूल्यवान संपत्ति होते हैं। उनका सुरक्षित, स्वस्थ और सम्मानजनक वातावरण में विकास सुनिश्चित करना समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। आज के दौर में केवल शिक्षा देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि बच्चों को उनकी सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना भी उतना ही आवश्यक हो गया है। एक जागरूक बच्चा अपने साथ होने वाले गलत व्यवहार को पहचान सकता है, उसका विरोध कर सकता है और समय रहते सहायता प्राप्त कर सकता है।

वर्तमान समय में बच्चों के सामने अनेक चुनौतियां हैं। शारीरिक शोषण, मानसिक उत्पीड़न, बाल श्रम, बाल विवाह, साइबर अपराध, स्कूलों में बुलिंग और घरेलू हिंसा जैसी समस्याएं उनके समग्र विकास को प्रभावित कर रही हैं। कई बार बच्चे डर, संकोच या जानकारी के अभाव में अपनी बात किसी से साझा नहीं कर पाते। ऐसे में यदि उन्हें पहले से सही जानकारी दी जाए, तो वे स्वयं को सुरक्षित रखने के उपाय सीख सकते हैं और आत्मविश्वास के साथ अपने अधिकारों की रक्षा कर सकते हैं। बच्चों को यह समझाना अत्यंत आवश्यक है कि उनका शरीर उनका अपना है और किसी को भी उनकी इच्छा के विरुद्ध उन्हें छूने या परेशान करने का अधिकार नहीं है। उन्हें अच्छे और बुरे स्पर्श के बारे में सरल और स्पष्ट भाषा में जानकारी दी जानी चाहिए। साथ ही यह भी सिखाना जरूरी है कि यदि कोई व्यक्ति उन्हें डराता, धमकाता या गलत व्यवहार करता है, तो वे तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षक या किसी भरोसेमंद व्यक्ति को इसकी जानकारी दें।

हर बच्चे को कुछ मूल अधिकार प्राप्त होते हैं, जिनका संरक्षण कानून भी करता है। इनमें शिक्षा का अधिकार, शोषण से सुरक्षा, उचित भोजन और स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ वातावरण तथा अपनी बात रखने की स्वतंत्रता शामिल हैं। किसी भी बच्चे के साथ जाति, धर्म, लिंग या आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। जब बच्चों को इन अधिकारों की जानकारी होती है, तभी वे अपने साथ हो रहे अन्याय को पहचान पाते हैं और उसके खिलाफ आवाज उठा सकते हैं।



बच्चों को जागरूक बनाने में परिवार और विद्यालय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। माता-पिता को बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार करना चाहिए, ताकि वे बिना डर के अपनी भावनाएँ और समस्याएँ साझा कर सकें। बच्चों की बात ध्यानपूर्वक सुनना और उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेना आवश्यक है। विद्यालयों में समय-समय पर सुरक्षा, स्वास्थ्य, साइबर जागरूकता और बाल अधिकारों से संबंधित कार्य, म आयोजित किए जाने चाहिए। शिक्षकों को ऐसा वातावरण तैयार करना चाहिए, जहाँ बच्चे स्वयं को सुरक्षित और सम्मानित महसूस करें।

डिजिटल युग में बच्चों का इंटरनेट और मोबाइल से जुड़ाव तेजी से बढ़ा है। इससे सीखने के नए अवसर तो मिले हैं, लेकिन जोखिम भी बढ़े हैं। साइबर बुलिंग, फर्जी पहचान, ऑनलाइन गेमिंग और अनुचित सामग्री बच्चों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। इसलिए बच्चों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के बारे में शिक्षित करना बेहद जरूरी है। उन्हें यह समझाना चाहिए कि वे किसी अनजान व्यक्ति से संपर्क न करें, अपनी निजी जानकारी साझा न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें। कुल मिलाकर बच्चों की सुरक्षा केवल परिवार या स्कूल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ


### मुल्थान में कृषि व उद्यान प्रसार केंद्र दो साल से बंद

**अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटा भंगाल घाटी के किसानों व बागवानों की सुविधा के लिए सरकार द्वारा स्थापित मुल्थान स्थित कृषि प्रसार केंद्र व फल संतति एवं उद्यान प्रसार केंद्र वर्षों से बदहाल स्थिति में हैं। कृषि प्रसार केंद्र पिछले लगभग पांच वर्षों से बंद पड़ा है, जबकि फल संतति एवं उद्यान प्रसार केंद्र में एचडीओ का पद करीब चार वर्षों से खाली है और दिसंबर 2024 में महिला चौकीदार के सेवानिवृत्त होने के बाद यहां भी ताला लटका हुआ है। मुल्थान पंचायत की निवर्तमान प्रधान दुर्गेश कुमारी तथा दयोट गांव की निवासी व पूर्व बीडीसी उपाध्यक्ष कमलेश कुमारी ने बताया कि घाटी के लोगों को इन संस्थानों का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने स्थानीय विधायक किशोरी लाल, कृषि विभाग व उद्यान विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि दोनों केंद्रों में खाली पदों को जल्द भरा जाए, ताकि किसानों व बागवानों को राहत मिल सके।

### खलैहल में पशु औषधालय खोलने की मांग

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** चौहार घाटी के अंतर्गत ग्राम पंचायत खलैहल के लोगों ने क्षेत्र में पशु औषधालय खोलने की मांग एक बार फिर जोरदार तरीके से उठाई है। पंचायत के अंतर्गत मियोट, खलैहल, छोटी झरवाड़ व बड़ी झरवाड़ गांव आते हैं, जहां के अधिकांश परिवार पशुपालन पर निर्भर हैं। लोगों का कहना है कि पशुधन के बीमार होने पर उन्हें 6 से 9 किलोमीटर दूर बरोट स्थित पशु औषधालय जाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। गर्भधान जैसी सेवाओं के लिए भी यही स्थिति बनी हुई है, जो बरसात व सर्दी के मौसम में और अधिक कठिन हो जाती है। पंचायत के निवर्तमान प्रधान भागमल ने सरकार से मांग की है कि खलैहल पंचायत में प्राथमिकता के आधार पर पशु औषधालय खोला जाए, ताकि पशुपालकों को राहत मिल सके।

### यक्षित का सैनिक स्कूल नालागढ़ में चयन



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** दयानंद भारतीय पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोगिंद्रनगर के छात्र यक्षित ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर राज लक्ष्मी संविद गुरुकुलम सैनिक स्कूल नालागढ़ में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यक्षित ने यह सफलता जनवरी 2026 में आयोजित प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हासिल की। यक्षित के पिता देवेंद्र कुमार वर्तमान में अंडमान-निकोबार में भारतीय सेना में सेवाएं दे रहे हैं, जबकि उनकी माता मीरा देवी गृहिणी हैं। बेटे की इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन ओम मरवाह, महासचिव विजय जम्वाल, प्रधानाचार्य राजेश डोगरा सहित प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं समस्त अध्यापकों ने यक्षित को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### मौसम के अचानक बदले तेवरों से किसान चिंतित

**अनंत ज्ञान, महादेव।** मौसम के अचानक बदले तेवर ने एक बार फिर ठंडक पैदा कर दी है।मौसम में आए बदलाव को पर्यटक पक्ष में खासा सुहावना बताया जा रहा है। रविवार को रुक -रुक कर हुई व्यापक बारिश ने मौसम को ठंडा -ठंडा कूल कूल कर दिया और गर्म कपड़ों का प्रयोग फिर से करना पड़ा। जन जीवन अस्त-व्यस्त होने के साथ ही आसपास के बाजारों में भी जहां माहौल फीका रहा वहीं कृषि क्षेत्र में भी जोरदार सन्नाटा छाया रहा क्योंकि बिगड़े मौसम की वजह से सब किए धरे काम योजनाओं पर पानी फिर गया।खलिहान में पड़ी पकी फसल की आरम्भ हुई कटाई कार्य पर इस भीगे -भीगे मौसम में विराम लग गया और किसान वर्ग अपनी इस अन्न की कमाई को खराब होता देख चिंता में इसलिए भी डूबा हुआ है जैसा कि मौसम विभाग ने भविष्यवाणी में साफ किया है कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम आंधी तूफान खासकर बारिश का मौसम लंबा चलने की संभावना है जिसका सिलसिला 7 मई तक चलना बताया गया है।

# पेंशनर्स के लंबित वित्तीय मामलों का अतिशीघ्र भुगतान करे सरकार

## प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक में उठी मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन मंडी की जिला स्तरीय बैठक जिला प्रधान हरीश शर्मा की अध्यक्षता में हिलऑक पब्लिक स्कूल डडौर के सभागार में आयोजित हुई। बैठक में बल्ह खंड के प्रधान कुलदीप गुलेरिया ने जिला कार्यकारिणी व 15 यूनिटों से आए प्रधानों व सचिवों का स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। जिला कोषाध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने वर्ष 2025–26 का आय–व्यय विवरण प्रस्तुत किया, जबकि जिला सचिव रोशन लाल कपूर ने उपायुक्त के माध्यम से सरकार को भेजी जाने वाली आठ सूत्रीय मांगों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान जिला प्रधान हरीश शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार पेंशनरों के सभी लंबित वित्तीय मामलों का शीघ्र निपटारा करे। उन्होंने मांग रखी कि उपमंडल स्तर के सरकारी कार्यक्रमों में पेंशनर प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए, बैठकों के लिए उचित स्थल व लाइब्रेरी उपलब्ध करवाई जाए तथा सरकारी डिपो में वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता मिले। साथ ही मंडी शहर में श्री व्हील के किराये निर्धारित करने व राजस्व मामलों के त्वरित निपटारे की भी मांग उठाई गई। सभी 15 यूनिटों के पदाधिकारियों ने इन प्रस्तावों पर एकमत से सहमति जताई। बैठक में सेवानिवृत्त प्रिंसिपल चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट हिमाचल प्रदेश नागेश गुलेरिया ने सदस्यता ग्रहण कर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर जेएस चंदेल, रेवती राम शर्मा, जोगिंदर वर्मा, सूरज ठाकुर, एनआर चौधरी, कृष्ण चंद चौहान, आरसी चौहान, बालक राम शर्मा, हेतराम शर्मा, दिलेराम, ठाकुर सिंह वर्मा, बेगा राम, रविंद्र शर्मा व पुलिस पेंशनर राज्य प्रेस सचिव कृष्ण चंद ठाकुर सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।



हिलऑक पब्लिक स्कूल डडौर में बैठक करते हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन मंडी के सदस्य। अनंत ज्ञान

# हृदय गति रुकने से बढ़ रहा आकस्मिक मौतों का ग्राफ

अनंत ज्ञान



- लोगों को सीपीआर प्रशिक्षण देने की उठी मांग
- पंचायत, स्कूलों व कार्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने की अपील

**सरकाघाट।** सरकाघाट क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों में हुई कई आकस्मिक मौतों का कारण हृदय गति रुकना (हार्ट अटैक) माना जा रहा है, जिससे लोगों में चिंता बढ़ गई है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि समय रहते ऐसे मरीजों को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) दिया जाए तो उनकी जान बचाई जा सकती है।

धाड़ता क्षेत्र से संबंध रखने वाले सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व प्रत्याशी रमेश चंद भारद्वाज ने उपमंडल अधिकारी सरकाघाट से मांग की है कि उपमंडल धर्मपुर व सरकाघाट की सभी पंचायतों, स्कूलों और कार्यालयों में निशुल्क सीपीआर प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए। साथ ही आपातकालीन स्थिति में उपयोगी दवाइयों की जानकारी व नि:शुल्क वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि समय पर उपचार मिल सके और मौतों को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक लोगों को सीपीआर का प्रशिक्षण लेना चाहिए तथा प्रत्येक जागरूक व्यक्ति को अपने पास सीपीआर फेस शील्ड (मुंह से श्वास देने के लिए सुरक्षा उपकरण) और चिकित्सकों की सलाह अनुसार आवश्यक दवाइयां रखनी चाहिए।

रमेश चंद भारद्वाज, जो निजी क्षेत्र में मानित सुरक्षा अधिकारी (डीम्ड सेफ्टी ऑफिसर) का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं, ने कहा कि वर्तमान समय में यह जागरूकता समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# अजय धरवाल दो वार्डों से चुनावी मैदान में, पत्नी ने भी भरा नामांकन

अनंत ज्ञान



**अंकित कुमार, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर नगर परिषद चुनाव इस बार एक दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है, जहां पूर्व उपाध्यक्ष अजय धरवाल ने अपनी चुनावी रणनीति से सभी का ध्यान खींच लिया है। अजय धरवाल ने पहले वार्ड नंबर एक से नामांकन दाखिल किया था, लेकिन नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन उन्होंने वार्ड नंबर चार से भी पर्चा भरकर राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी। इस कदम से उन्होंने एक ही चुनाव में दो अलग–अलग वार्डों से अपनी मौजूदगी दर्ज करवा दी है।

इतना ही नहीं, उनके परिवार की चुनावी सक्रियता यहीं तक सीमित नहीं रही। उनकी पत्नी चंद्र रेखा भी वार्ड नंबर पांच से चुनावी मैदान में उतर चुकी हैं। इस तरह एक ही परिवार के तीन सदस्य अलग–अलग वार्डों में अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं, जिससे नगर परिषद चुनाव का मुकाबला और अधिक रोचक बन गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह कदम एक सोची–समझी रणनीति का हिस्सा हो सकता है, जिसमें नामांकन वापसी की अंतिम तिथि तक स्थिति को देखते हुए अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इससे उम्मीदवारों को समीकरण बैठाने और जीत की संभावनाओं को मजबूत करने का अवसर मिल सकता है।

वहीं, स्थानीय स्तर पर इस घटनाक्रम को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। कुछ लोग इसे चुनावी रणनीति का हिस्सा मान रहे हैं, तो कुछ इसे परिवारवाद की राजनीति से जोड़कर देख रहे हैं। अब सबकी नजरें नाम वापसी की अंतिम तारीख पर टिकी हैं, जहां यह स्पष्ट होगा कि अजय धरवाल दोनों वार्डों से मैदान में बने रहते हैं या किसी एक से नाम वापस लेकर नई रणनीति अपनाते हैं। फिलहाल, नगर परिषद चुनाव में इस परिवार की सक्रियता ने चुनावी माहौल को पूरी तरह गर्मा दिया है और आने वाले दिनों में इसके और भी दिलचस्प पहलू सामने आने की संभावना जताई जा रही है।

# अत्यधिक मोबाइल यूज करने से बढ़ रहीं आंखों की समस्याएं: डॉ. सुधीर

## स्वास्थ्य शिविर में 150 मरीजों की जांच, मोतियाबिंद व ग्लूकोमा के मिले केस

अनंत ज्ञान



**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर क्षेत्र में आयोजित बहुदेशीय नेत्र स्वास्थ्य शिविर में आंखों से जुड़ी बीमारियों की बढ़ती समस्या सामने आई है, जहां विशेष रूप से मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग को प्रमुख कारण बताया गया। जिला कांगड़ा के आईज हॉस्पिटल मारंडा के निदेशक एवं वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधीर सल्होत्रा ने बताया कि लंबे समय तक मोबाइल स्क्रीन देखने से पलकें कम झपकती हैं, जिससे आंखों की नमी घटती है और सूखापन, जलन व थकान जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।

उन्होंने मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित मरीजों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि इन बीमारियों के कारण आंखों की रोशनी जाने का खतरा बढ़ जाता है तथा रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंच सकता है। रविवार को मच्छयाल क्षेत्र में रोटरी क्लब के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में करीब 150 मरीजों की जांच कर उन्हें परामर्श, दवाइयां और चश्मे वितरित किए गए। जांच के दौरान सफेद मोतियाबिंद के लगभग 20 तथा काला मोतिया (ग्लूकोमा) के 8 मरीज चिन्हित किए गए, जिनके ऑपरेशन बड़े अस्पतालों में करवाए जाएंगे। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस शिविर में मच्छयाल, चल्हारग, भराडू, खुद्दर और कस सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने लाभ उठाया।

इस दौरान डॉ. सुशांत, संदीप जैन और अजय की टीम ने सेवाएं दीं। कार्यक्रम में अधिवक्ता रणजीत चौहान, अजय ठाकुर, राम लाल वालिया, मेजर ज्ञान चंद बरवाल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# महासंघ की बैठक में कर्मियों के मुद्दों पर मंथन

## समस्याओं के शीघ्र हल न होने पर आंदोलन की चेतावनी

अनंत ज्ञान



**मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ की कार्यसमिति की बैठक सुंदरनगर के शिव मंदिर महादेव में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न मांगों व समस्याओं पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के उत्तर क्षेत्रीय प्रभारी एवं पूर्व अखिल भारतीय अध्यक्ष विपिन डोगरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन में संगठन को मजबूत करने तथा कर्मचारियों के हितों की रक्षा हेतु महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए।

प्रदेश अध्यक्ष नरेश ठाकुर अखिल भारतीय मंत्री चमन लाल कालवान, गोपाल दत्त, प्रदेश महासचिव उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष केएल, उपाध्यक्ष कुसुम शर्मा, जगदीश राणा, सुशील शर्मा, सोलन के अध्यक्ष जय पाल, मंडी के अध्यक्ष हेत राम, मंडी के महासचिव अशोक वालिया तथा प्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में लंबित महंगाई भत्ता एवं एरियर का शीघ्र भुगतान करने, केंद्र सरकार के समान महंगाई भत्ता प्रदान करने तथा डीए में भेदभाव समाप्त करने, पुरानी पेंशन योजना के लाभों को पूर्ण रूप से लागू करने, अनुबंध एवं आउटसोर्स कर्मचारियों का नियमितीकरण करने, वेतन विसंगतियों को दूर कर समान कार्य के लिए समान वेतन सुनिश्चित करने, कर्मचारियों के स्थानांतरण एवं पदोन्नति मामलों को पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने, चिकित्सा प्रतिपूर्ति एवं अन्य भत्तों में सुधार करने, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित लाभों का शीघ्र भुगतान करने की मांग की गई।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि कर्मचारियों की इन मांगों को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा तथा यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो संगठन आगामी समय में आंदोलन की रूपरेखा भी तैयार करेगा।

# मराठवाड़ा विवि में पढ़ाया जाएगा पवन चौहान का 'यात्रा संस्मरण'

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** सुंदरनगर उपमंडल के महादेव निवासी साहित्यकार पवन चौहान का 'किन्नर कैलाश' यात्रा पर आधारित संस्मरण डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, छत्रपति संभाजीनगर (महाराष्ट्र) के बीए द्वितीय वर्ष तृतीय सेमेस्टर के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है, जिसे वर्ष 2025 सत्र से 475 कॉलेजों के विद्यार्थी 'साहित्य विविधा' पुस्तक के माध्यम से पढ़ रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप तैयार इस पुस्तक में विनोद कुमार शुक्ल, गोपालदास सक्सेना 'नीरज', लतीफ घोंघी, हरिशंकर परसाई, रामवृक्ष बेनीपुरी, गजानन माधव मुक्तिबोध, एपीजे अब्दुल कलाम, कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी, बालकृष्ण भट्ट, उदय प्रकाश व उपेंद्रनाथ अश्क जैसे रचनाकारों के साथ पवन चौहान की रचना भी शामिल है, जो हिमाचल के लिए गर्व की बात है। इससे पूर्व यह संस्मरण केरल व नागपुर विश्वविद्यालयों में भी पढ़ाया जा रहा है। पवन की रचनाएं हिमाचल व महाराष्ट्र के सरकारी पाठ्यक्रम, सीबीएसई व आईसीएसई स्कूलों में भी शामिल हैं। उनकी 11 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें 'हिमाचल का बाल साहित्य' व 'जड़ों से जुड़ाव' विशेष उल्लेखनीय हैं। वर्तमान में वह विद्यालय छम्यार में प्रवक्ता हिंदी के पद पर सेवाएं देते हुए विद्यार्थियों को साहित्य से जोड़ रहे हैं।

## कूड़े–कचरे से भरा पड़ा बड़ा हिस्सा, बेसहारा पशु फैला रहे गंदगी

# सुंदरनगर बस स्टैंड गंदगी से बेहाल प्रशासनिक लापरवाही पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान



**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** सुंदरनगर बस अड्डा परिसर का एक बड़ा हिस्सा कूड़े–कचरे से अटा पड़ा है, जिससे लगातार प्रदूषण फैल रहा है। बस अड्डा नया होने के बावजूद यहां जगह–जगह बदबू मारता कचरा फैला हुआ है। इस कचरे में बेसहारा पशु मुंह मारते नजर आते हैं, जो गंदगी को और अधिक फैलाने का काम कर रहे हैं। स्थिति यह है कि बस अड्डा प्लास्टिक और अन्य प्रकार की गंदगी से प्रभावित हो चुका है। परिसर को स्वच्छ बनाए रखने की मांग कई बार उठाई जा चुकी है, लेकिन अब तक सफाई के लिए कोई ठोस और प्रभावी व्यवस्था नहीं की गई है।

राष्ट्रीय उच्च मार्ग संख्या–21 से सटे इस बस अड्डे से उम्मीद की जा रही थी कि यहां साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा, जिससे यात्रियों और पर्यटकों को बेहतर वातावरण मिल सके। लेकिन इसके विपरीत, यहां की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है और यह स्थान एक तरह से बदहाल दृश्य प्रस्तुत कर रहा है।

जानकारी के अनुसार, बस अड्डा परिसर के कई हिस्सों में शराब की बोतलें और अन्य कचरा बिखरा पड़ा है। एक वर्कशॉप क्षेत्र में भी गंदगी का अंबार देखा जा सकता है, यहां तक कि मशीनरी के अंदर भी शराब की बोतलें ठूंसी हुई मिली हैं, जो सामाजिक दृष्टि से चिंताजनक है। बुद्धिजीवियों ने आरोप लगाया है कि संबंधित विभाग की लचर कार्यप्रणाली के कारण यह समस्या लगातार बढ़ रही है। उनका कहना है कि प्रशासन को समय–समय पर सफाई व्यवस्था की सख्त निगरानी करनी चाहिए और पूरे परिसर को स्वच्छ रखने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। स्थानीय लोगों ने उपायुक्त मंडी से मांग की है कि बस अड्डा परिसर के हर कोने में उच्च स्तर की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

# इग्नू अध्ययन केंद्र जोगिंद्रनगर में इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान

- छात्रों को इग्नू के इतिहास व शैक्षणिक कार्यक्रमों की दी विस्तृत जानकारी

**जोगिंद्रनगर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) अध्ययन केंद्र 1136, राजीव गांधी स्मारक महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में विभिन्न पाठ्यक्रमों में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए रविवार को एक सुव्यवस्थित एवं गरिमामयी इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्ययन केंद्र के सहायक समन्वयक प्रोफेसर नवीन निश्चल ने नवागंतुक विद्यार्थियों का औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने इग्नू के इतिहास, उद्देश्यों तथा इसके अंतर्गत संचालित विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

उन्होंने विद्यार्थियों को असाइनमेंट जमा करने की प्रक्रिया, परीक्षा फॉर्म भरने की समय–सीमा एवं परीक्षा प्रणाली से संबंधित आवश्यक दिशानिर्देशों से भी अवगत कराया। अपने संबोधन में प्रोफेसर निश्चल ने इग्नू के डिजिटल प्लेटफॉर्म एवं ई-रिसोर्सेज जैसे ऑनलाइन अध्ययन सामग्री, मोबाइल ऐप्स तथा वेब पोर्टल्स के प्रभावी उपयोग पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि इन संसाधनों के माध्यम से विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम से संबंधित अद्यतन एवं अतिरिक्त अध्ययन सामग्री आसानी से प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि होगी। कार्यक्रम में अध्ययन केंद्र के कर्मचारी राज कुमार, बुद्धि सिंह व बालक राम भी उपस्थित रहे। इस दौरान राज कुमार ने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए विभिन्न सवालों व शंकाओं का समाधान कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम

## बग्गी में मनाया विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस, अधिशासी अभियंता कृष्ण शर्मा रहे मुख्यातिथि

# न्याय दिलाने में पत्रकार की कलम का अहम रोल: कृष्ण

अनंत ज्ञान

**विनोद जसवाल, नेरचौक।** प्रेस क्लब नेर चौक द्वारा विश्राम गृह बग्गी में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। प्रेस क्लब के प्रधान हरीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जल शक्ति मंडल बग्गी के अधिशासी अभियंता कृष्ण कुमार शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस अवसर पर सभी पत्रकारों ने प्रेस की स्वतंत्रता पर अपने–अपने विचार साझा किए। पत्रकारिता में आ रही चुनौतियों पर भी मंथन किया गया। मुख्यातिथि अधिशासी अभियंता कृष्ण कुमार शर्मा ने इस अवसर पर सभी पत्रकारों को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी तथा मीडिया को लेकर रहे अपने अनुभवों को सबके साथ सांझा किया। उन्होंने कहा कि आज के इस आधुनिक दौर में पत्रकारिता का बहुत ही अहम रोल है। संविधान के चौथे स्तंभ कहे जाने पत्रकार की कलम पर आज भी लोग विश्वास करते हैं तथा समाज के जरूरतमंद वर्ग को पत्रकारिता से बहुत बड़ी आस रहती है तथा बहुत से मामलों में लोगों को पत्रकार की कलम से लिखी गई खबर के असर से न्याय भी मिलता है तथा कई समस्याओं का हल भी होता है। उन्होंने कहा कि पत्रकार एक विचार है और इतिहास गवाह है कि बड़े–बड़े महापुरुष विचारों से ही आगे बढ़े हैं तथा इतिहास उन्हें उनके विचारों की वजह से ही याद करता है। इससे पूर्व प्रेस क्लब के प्रधान हरीश कुमार ने मुख्यातिथि को शॉल टोपी व पुष्प भेंट कर सम्मानित किया।



विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यातिथि के साथ प्रेस क्लब नेरचौक के सदस्य। अनंत ज्ञान

- पत्रकारों ने प्रेस की स्वतंत्रता पर साझा किए अपने-अपने विचार

इस अवसर पर जल शक्ति उप मंडल रिवालसर के सहायक अभियंता राजकुमार नेर चौक के कनिष्ठ अभियंता राजपाल, हिमाचल प्रदेश ड्राफ्ट्समैन एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यादव, सुभाष अहलूवालिया, कपिल सेन, गोविंद ठाकुर, परमिंदर कटोच, मनप्रीत, हिमा यादव, पवन देवगन ठाकुर, कमल देव, विनोद जसवाल, राकेश ठाकुर, सुरेश शर्मा, अनिल, संजीव शर्मा, जिंदर कुमार तथा यादविंदर सहित नेर चौक उप मंडल में कार्यरत तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

# बरोट में एटीएम सुविधा नहीं होने से लोगों को झेलनी पड़ रही परेशानी



- पैसे निकालने को जाना पड़ता मुल्थान-टिक्कन

**अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट।** चौहार घाटी की बरोट, लपास तथा बरधान पंचायतों के लोगों को एटीएम सुविधा न होने के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी दान सिंह, मोहन लाल, अनिल सूद, रमेश कुमार, अंजु कुमार, विनोद कुमार, कर्म चंद व प्रेम कुमार ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी बैंक शाखा का एटीएम स्थापित नहीं है, जिसके चलते उन्हें जरूरत पड़ने पर 13 से 15 किलोमीटर दूर मुल्थान या टिक्कन स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखाओं तक जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि बरोट में हिमाचल राज्य सहकारी बैंक व ग्रामीण बैंक की शाखाएं होने के बावजूद एटीएम की सुविधा नहीं है, जिससे विशेषकर रात के समय लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। इस संबंध में सहकारी बैंक शाखा बरोट के प्रबंधक संजय सकलानी ने बताया कि एटीएम स्थापना का प्रस्ताव तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेज दिया गया है और स्वीकृति मिलते ही एटीएम स्थापित कर दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### भदरकाली-जल्लू दी बड़ सड़क भूस्खलन से ध्वस्त

**अनंत ज्ञान, अंब।** रविवार को हुई भारी बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। लगातार वर्षा के चलते भदरकाली से जल्लू दी बड़ जाने वाली सड़क (आरडी 10/720) पर अचानक भूस्खलन हो गया, जिससे सड़क का एक हिस्सा पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। प्रशासन के अनुसार, भूस्खलन के कारण मार्ग पर यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लोक निर्माण विभाग ने एहतियातन इस सड़क को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। उपमंडल दंडाधिकारी अंब ने बताया कि विभागीय टीम द्वारा मौके का निरीक्षण कर लिया गया है व जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और बंद सड़क की ओर जाने से बचें। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर किया जाएगा और कार्य पूर्ण होते ही सड़क को पुनः यातायात के लिए बहाल कर दिया जाएगा।

### बैंक सब्सिडी व सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल अंब के अंतर्गत ग्राम पंचायत धंधड़ी में एक जागरूकता कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को बैंक सब्सिडी, विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, रोजगारपरक कोर्सेज तथा केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कैंप में खास तौर पर बढ़ते ऑनलाइन और वित्तीय फ्रॉड को लेकर लोगों को सतर्क किया गया। विशेषज्ञों ने डिजिटल लेनदेन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, ओटीपी साझा न करने, संदिग्ध कॉल और लिंक से दूर रहने जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर जागरूक किया। इस आयोजन में टकारला निवासी दीपिका शर्मा का विशेष योगदान रहा। दीपिका शर्मा वर्ष 2021 से ब्लॉक अंब की 18 पंचायतों में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। वे स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण, प्रशिक्षण और उन्हें सरकारी योजनाओं, लोन सब्सिडी तथा स्वरोजगार से जुड़े अवसरों की जानकारी उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभा रही हैं। कैंप में स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के अलावा पंचायत के अन्य ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। उपस्थित लोगों को बताया गया कि वे किस प्रकार सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकते हैं। ग्रामीणों ने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम को बेहद उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कैंप नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और जागरूकता का लाभ उठाया।

# बधमाना स्थित बाबा अजीपाल के स्थान पर मिलती है चर्म व आंखों के रोगों से मुक्ति

अनंत ज्ञान

**गोंदपुर बनेहड़ा।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बधमाना स्थित श्री अजीपाल जी के मंदिर में सक्रांति के बाद 16 मई से मेले शुरू हो जाएंगे। इस स्थान को श्री बधमाना सिद्ध के नाम से भी जाना जाता है। हर वर्ष गर्मियों में यहां भव्य मेले लगते हैं और दूर-दूर से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं बाबा जी का आशीर्वाद लेने यहां पहुचते हैं। मंदिर के पुजारी सतवीर सिंह ने बताया कि 16 मई को बाबाजी के मेले शुरू हो जाएंगे।

इस मौके पर 16 मई को भव्य वार्षिक भंडारा भी आयोजित करवाया जाएगा। इस मंदिर के बारे में धारणा है कि जो भी व्यक्ति इस मंदिर में सच्चे दिल से माथा टेकने आता है, तो उसे चर्म रोगों व आंखों के रोगों से मुक्ति मिलती है। बाबा सिद्ध अजीपाल जी को यह वरदान मिला है कि जो भी व्यक्ति बाबा जी के इस स्थान पर श्रद्धा भाव से माथा टेकेगा, उस व्यक्ति के सभी चर्म रोग और आंखों के रोगों का निवारण होगा।

## बधमाना सिद्ध बाबा अजीपाल जी का इतिहास



बाबा जी का नाम अजीपाल (अजय पाल) है तथा इस गांव का नाम बधमाना है इसलिए इस मंदिर को बधमाना सिद्ध के नाम से भी जाना जाता है। बाबा जी का इतिहास 12वीं शताब्दी के समय का है।

बाबा जी का जन्म अजमेर के राज परिवार में हुआ था। यह अजमेर में 1113 से 1130 ई. तक राजा रहे। इसके पश्चात बाबा ने राजपाट बड़े बेटे को सौंप दिया तथा स्वयं सन्यास ले लिया। उसके पश्चात बाबा ने इस मंदिर के तकरीबन 1.8 किमी दूर घने जंगल के मध्य में एक गरना झाड़ी के नीचे भगवान शिव की तपस्या करनी शुरू की। उसी स्थान पर अखंड धुना भी लगाया व एक छोटे तालाब का भी निर्माण किया। उस समय गांव के गवाले पशु चराने इसी जंगल में जाया करते थे तभी एक दिन उन्होंने बाबा जी को गरना झाड़ी के नीचे तपस्या में लीन पाया। बाबा जी का शरीर हष्ट पुष्ट तथा मुंह पर दाढ़ी थी। दिव्य मुख मंडल व ज्योतिर्मय नेत्रों से युक्त बाबा जी ने चरवाहों से भेंट की तथा परिचय होने के बाद बाबा जी ने उसी झाड़ी को लाठी मारी तो फुल्लियों पतासे गिरे जो उनको खाने के लिए दे दिए तथा गायों को थापी मारी तो उनके थनों से दूध निकलने लगा तो वो भी चरवाहों को पीने के लिए दे दिया। इस पर परिवार वालों को शंका हुई, तो उन्होंने ग्वालों से पूछा कि कारण क्या है? तो कुछ समय तक तो उन्होंने कुछ नहीं बताया पर डाटने पर पूरी बात घर वालों को सुना दी। इस पर गांव के लोग जंगल में देखने आए तो उन्हें वहां पर गरना झाड़ी पर कुछ नजर नहीं आया जैसे मानों बाबा जी अदृश्य हो गए हो। सिर्फ सर्प घूमता हुआ नजर आया।

इन्हीं ग्वालों में से एक विजय सिंह बानिया नाम का ग्वाला भी था। उनका बाबा जी से काफी प्रेम था वह बाबा जी की सेवा में काफी लगाव रखते थे, जैसे कि धूने के लिए लकड़िया इक्ट्ठी करना, उस दुर्गम जंगल में खड्डु से पानी लाना, झाड़ी के आस पास की जगह को साफ रखना आदि कुछ समय बीत जाने के बाद बाबा जी ने भगवान शिव को अपने घोर तपोवन से जब सिद्ध कर लिया था, तो उन्होंने विजय सिंह जी की सेवा से प्रसन्न होकर वरदान मांगने को कहा दो बार तो विजय सिंह ने कहा कि उन्हें कुछ नहीं चाहिए सिर्फ आपकी सेवा व साथ चाहिए। तीसरे वरदान पर बाबा ने बोला कि यह अंतिम वचन कुछ मांग लो तो विजय सिंह ने बोला मुझे आप ही चाहिए। इस वरदान के साथ उन्होंने उन्हीं को मांग लिया, फिर उस घोर जंगल से निकल कर इस सुंदर पहाड़ी के मध्य में गुफा में इस खड्डु के किनारे बाबा ने कुछ समय तक तपस्या की तथा अखंड धूणा यहां भी स्थापित किया, विधि के विधान के अनुसार जब उनको पता चल गया कि इस स्थान पर उनका इतना ही समय तय है तब उन्होंने विजय सिंह जी को बुलाया व कहा कि अब समय आ गया है कि विधि के अनुसार मेरा और तुम्हारा इतना ही साथ लिखा था।

मैंने इस स्थान को भी भगवान शिव की कृपा से अभिमंत्रित कर दिया है, अब तुम मेरी पिंडी के रूप में मेरी पूजा-अर्चना करना व इस अखंड धूणे को सदा जलाए रखना। इस स्थान पर जो भी भक्तजन आएगा उसके चर्म रोग (फोड़े फुंसी, मौके, ददरी) व आंखों के रोग से छुटकारा मिलेगा व उसके द्वारा सच्चे मन से मांगी गई मन्नत भी पूरी होगी। इसके पश्चात बाबा जी वहां से अदृश्य हो गए।

# आशा कार्यकर्ताओं को पंचायत चुनाव से रोकना अन्याय: निरु

अनंत ज्ञान

**बड़ूही।** पंचायत चुनावों को लेकर प्रदेश में सियासी माहौल गरम है। वहीं, अब आशा कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़ने से रोकने के मुद्दे ने तूल पकड़ लिया है। भारतीय मजदूर संघ जिला ऊना की कार्यकारिणी अध्यक्ष निरु बाला ने सरकार के फैसले पर कड़ा विरोध जताते हुए इसे सीधा अन्याय करार दिया है।



निरु बाला ने तीखे शब्दों में कहा कि सरकार ने अन्य श्रेणियों को पंचायत चुनाव लड़ने की अनुमति दी है, लेकिन आशा कार्यकर्ताओं को इससे बाहर रखना समझ से परे है। उन्होंने सवाल उठाया आखिर आशा कार्यकर्ताओं को ही क्यों रोका जा रहा है, जबकि वे हर समय समाज की सेवा में लगी रहती हैं? उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2020-21 के पंचायत चुनावों में कई आशा कार्यकर्ताओं ने चुनाव लड़ा च जीतकर प्रधान जैसे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी भी सफलतापूर्वक निभाई, ऐसे में इस बार उन्हें चुनाव से वंचित करना न केवल उनके अधिकारों का हनन है, बल्कि उनकी मेहनत और योगदान का भी अपमान है। निरु बाला ने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं। वे गांव-गांव जाकर लोगों को बीमारियों से बचाने, जागरूक करने व जरूरत के समय हर संभव सहायता देने का काम करती हैं। हमारा कोई तय समय नहीं है, न ही हमें नियमित वेतन मिलता है बल्कि मानदेय दिया जाता है रविवार हो या कोई छुट्टी हम हमेशा ड्यूटी पर रहती हैं।

उन्होंने सरकार पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ आशा कार्यकर्ताओं से दिन-रात सेवाएं ली जाती हैं, दूसरी तरफ उन्हें लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। निरु बाला ने साफ चेतावनी देते हुए कहा अगर सरकार हमें चुनाव लड़ने से रोकना चाहती है, तो पहले हमें सरकारी कर्मचारी घोषित करे, हमें नियमित वेतन और सुविधाएं दे। बिना अधिकार दिए प्रतिबंध लगाना बिलकुल स्वीकार नहीं होगा। उन्होंने सरकार से अधिसूचना पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए कहा कि यदि जल्द फैसला नहीं बदला गया, तो आशा कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगी।

# नगर पंचायत अंब के वार्ड नंबर 9 से दीप कुमार के मैदान में आने से बिगड़े समीकरण

अनंत ज्ञान

**विवेक शर्मा, अंब।** नगर पंचायत अंब के वार्ड नंबर 9 में चुनावी सरगर्मी अचानक तेज हो गई हैं। पहले जहां मुकाबला सीमित प्रत्याशियों के बीच माना जा रहा था, वहीं अब नए चेहरों के मैदान में उतरने से समीकरण पूरी तरह बदलते नजर आ रहे हैं। वार्ड नंबर 9 से सबसे पहले संदीप शर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। इसके बाद सुरेश कुमार अरोड़ा ने भी चुनावी मैदान में उतरकर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया।

शुरुआती दौर में यह माना जा रहा था कि इन दोनों के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिलेगा, लेकिन नामांकन के अंतिम दिन दो और प्रत्याशियों के मैदान में आने से चुनाव ने नया मोड़ ले लिया है। विशेष रूप

### ◆ वार्ड नंबर-नौ में मुकाबला त्रिकोणीय से आगे बढ़कर बहुकोणीय होता नजर आ रहा

से प्रदीप शर्मा के चुनावी मैदान में उतरने से ब्राह्मण मतदाताओं के वोटों के बंटने की संभावना बढ़ गई है। अनुमान लगाया जा रहा था कि संदीप या प्रदीप में से एक ही प्रत्याशी चुनाव मैदान में आएगा, जिससे यह आकलन किया जा रहा था कि वार्ड में ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या अधिक होने के कारण संदीप शर्मा को इसका सीधा लाभ मिल सकता है, लेकिन अब समीकरण बदलते दिख रहे हैं। वहीं दीप कुमार की एंट्री ने मुकाबले को और भी रोचक बना दिया है। बताया जा रहा है कि दीप कुमार अपने पिता के पुराने राजनीतिक रसूख और व्यक्तिगत संपर्कों के दम पर न केवल धीमान वर्ग, बल्कि स्वर्ण मतदाताओं पर भी मजबूत पकड़ बनाए हुए हैं। ऐसे में वे अन्य प्रत्याशियों के लिए कड़ी चुनौती बनकर उभर सकते हैं। इधर सुरेश कुमार अरोड़ा भी पीछे नहीं हैं। वे अपने बड़े भाई, अधिवक्ता अश्वनी अरोड़ा के प्रभाव और अपने सामाजिक-राजनीतिक संबंधों के सहारे जीत दर्ज करने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। इससे मुकाबला और भी कड़ा होता नजर आ रहा है। अब वार्ड नंबर 9 में मुकाबला त्रिकोणीय से आगे बढ़कर बहुकोणीय होता नजर आ रहा है। मतदाताओं के बीच लगातार बढ़ती हलचल और प्रत्याशियों की सक्रियता से यह साफ है कि इस वार्ड का चुनाव परिणाम चौंकाने वाला हो सकता है।

## डोहगी गांव में दो दिवसीय दंगल 8 मई से

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** क्षेत्र के डोहगी गांव में दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता 8 मई से शुरु होगी। इस दंगल में नामी पहलवान हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन समिति के सदस्यों कुलदीप शर्मा, अश्वनी शर्मा, अशोक कुमार, राज कुमार, नित्य नन्द शर्मा, देसराज शर्मा, मुनीश कुमार, रमेश चंद, पवन कुमार, अरविंद शर्मा, बाल कृष्ण सोनी, सीता राम, सुभाष चंद, मान चंद, खुशी राम, प्यारे लाल, सोम दत्त, लेखराज, संदीप, जोगिंदर पाल, राजीव कुमार, अनिल रीनू और परविंद कुमार ने बताया कि यह दंगल 9 मई तक होगा और विजेता को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

# शहरी निकाय चुनावों के लिए 137 उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन-पत्र

अनंत ज्ञान

**ऊना।** शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के तहत नामांकन प्रक्रिया के लिए ऊना जिले के विभिन्न निकायों में अंतिम दिन तक कुल 137 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन शनिवार को 67 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन-पत्र भरे। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त, ऊना जतिन लाल ने दी। बता दें, शहरी निकाय चुनावों के लिए पहले दिन 11 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए थे, जबकि नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन 59 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन दाखिल किए थे।

उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन नगर पंचायत टाहलीवाल में कुल 8 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं, जिसमें वार्ड नंबर-1 से बलवंत सिंह, वार्ड नंबर- 2 से राज कुमार व निरंजना कुमार, वार्ड नंबर-3 से डिंपल व बलबीर कौर, वार्ड

### ◆ नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन 67 उम्मीदवारों ने भरे परचे

नंबर-4 से हरदयाल सिंह, वार्ड नंबर- 5 से अंजूबाला, वार्ड नंबर- 6 से तेजा राम ने अपने नामांकन भरे हैं।

वहीं, नगर पंचायत गगरेट में कुल 8 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे हैं, जिसमें वार्ड नंबर-1 से सज्जन शर्मा, वार्ड नंबर- 2 से विकास शर्मा, वार्ड नंबर-3 से रंजना ठाकुर व तृपता देवी, वार्ड नंबर- 5 से कांता देवी, वार्ड नंबर- 6 से जनक राज, वार्ड नंबर-7 से मंजू बाला व अनीता कुमारी ने अपने नामांकन दर्ज किए हैं। इसी प्रकार नगर परिषद मैहतपुर-बसदेहड़ा से 24 नामांकन भरे गए हैं, जिसमें वार्ड नंबर- 1 से मनजीत सिंह, वार्ड नंबर- 2 से मीना कुमारी, बीना व कमलेश, वार्ड नंबर- 3 से बबीता देवी व सुनीता कुमारी, वार्ड नंबर- 4 से विवेक कुमार, वार्ड नंबर- 5 से सुरिंद्र सिंह, हरभजन कौर व बलविंद्र सिंह, वार्ड नंबर-6 से सरोज देवी, शाम कुमारी, रचना देवी, अंजना कुमारी, वार्ड नंबर-7 से सतनाम कौर, ज्योति शर्मा, वार्ड नंबर-8 से हरदीप सिंह, हुसैन लाल व राकेश, अंजु, बलराम कुमार, रामपाल और वार्ड नंबर-9 से बबीता व किरण देवी ने अपने नामांकन दर्ज किए हैं। नगर पंचायत दौलतपुर से प्रत्याशियों ने अपने 3 नामांकन दर्ज किए। वार्ड नंबर-4 से योगराज, वार्ड नंबर-5 से विजय कुमार व शिव कुमार ने अपने नामांकन भरे हैं। नगर पंचायत अंब से 13 नामांकन भरे हैं, जिनमें वार्ड नंबर-1 से शंकुतला देवी व शोभा देवी, वार्ड नंबर-4 से राधा रानी, वार्ड नंबर-5 से सारिका आनंद व एकता राणा, वार्ड नम्बर- 6 से रतन चंद व केवल सिंह, वार्ड नम्बर- 7 से अंजना देवी, वार्ड नंबर- 8 से विजय कुमार शर्मा, कंचन व मेला राम, वार्ड नंबर- 9 से प्रदीप कुमार व दीप कुमार ने अपने नामांकन दर्ज किए हैं। नगर परिषद संतोषगढ़ में 11 नामांकन दर्ज किए गए हैं, जिसमें वार्ड नंबर-एक से बीना, वार्ड नंबर- 2 से ज्योति, वार्ड नंबर- 3 से हरप्रीत कौर, वार्ड नंबर-4 से बीरेंद्र मोहन प्रभाकर और प्रवीण प्रभाकर व मंजु, वार्ड नम्बर- 5 से रविकांत, वार्ड नम्बर-6 से पूनम, वार्ड नंबर-7 से ज्योति देवी, वार्ड नंबर-8 से समीर गौतम तथा वार्ड नंबर-9 से उषा देवी ने अपने नामांकन भरे हैं।

### 17 मई को सुबह 7 बजे से होगा मतदान

**जिला** निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शहरी स्थानीय निकायों के चुनावों के भरे गए नामांकनों की छंटनी 4 मई को की जाएगी। 6 मई को 3 बजे तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। इसके उपरांत प्रत्याशी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। 17 मई को सुबह 7 बजे से सायं 3 बजे तक मतदान होगा और 31 मई को मतगणना की जाएगी।

## नगर निकाय चुनाव: महिला उम्मीदवारों की भागीदारी ने चुनाव को बनाया और रोचक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर निकाय चुनाव के तहत जिले में नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। महिला उम्मीदवारों की भागीदारी ने चुनाव को और रोचक बना दिया है। महिला प्रत्याशियों की सक्रिय भागीदारी से स्थानीय निकाय चुनावों में बढ़ती राजनीतिक जागरूकता साफ झलक रही है। नामांकन समाप्त होने के बाद अब 3 नगर परिषदों और 1 नगर पंचायत में कुल 96 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतर चुके हैं।

नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और अब 4 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद 6 मई को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होगी। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद जिले की चारों निकायों में कुल 96 उम्मीदवार चुनावी मुकाबले में हैं। इनमें नगर परिषदों और नगर पंचायत के वार्डों में मुकाबला दिलचस्प बन गया है। नगर परिषद सदर बिलासपुर में 34 प्रत्याशी, नगर परिषद घुमारवीं में 27 प्रत्याशी, नगर परिषद श्री नयना देवी जी में 15 प्रत्याशी और नगर पंचायत तलाई में 20 प्रत्याशी मैदान में हैं। कुल मिलाकर सभी निकायों में चुनावी समीकरण पूरी तरह स्पष्ट हो चुके हैं और विभिन्न वार्डों में सीधा मुकाबला देखने को मिलेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच 4 मई को सुबह 10 बजे से होगी, जबकि 6 मई को दोपहर 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 17 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान संपन्न होगा।

महिला उम्मीदवारों की उल्लेखनीय भागीदारी को देखते हुए इस बार के चुनाव में कई वार्डों में कड़ा मुकाबला होने की संभावना जताई जा रही है।

## पंजगाई में पूर्व प्रधान के घर चोरी, 18 लाख रुपए व आभूषण ले उड़े चोर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बरमाणा थाना क्षेत्र के तहत पंजगाई पंचायत में शनिवार देर रात एक सनसनीखेज चोरी की घटना सामने आई है। पूर्व प्रधान सुशील शर्मा उर्फ बब्बू के घर अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर करीब 18 लाख रुपए की नकदी व आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। घटना रात लगभग 1:30 बजे की बताई जा रही है। सुशील शर्मा ने बताया कि कमरे का एसी खराब होने के चलते वे दूसरे कमरे में सो रहे थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने उस कमरे का ताला तोड़ दिया, जहां नकदी रखी हुई थी।



हैरानी की बात यह रही कि चोरों ने उनके सोने वाले कमरे के बाहर भारी पत्थर लगा दिया ताकि वे बाहर न निकल सकें। घटना का खुलासा तब हुआ जब उनके बेटे सूरज को आहट हुई और उसने पिता को आवाज दी। इस पर चोर सतर्क हो गए और मौके से फरार हो गए। सूरज ने उनका पीछा भी किया। इस दौरान कुछ नकदी रास्ते में गिर गई, लेकिन आरोपी जंगल की ओर भागने में सफल रहे। परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास लगे कैमरों में चार संदिग्ध युवक नजर आए हैं, जिनके हाथों में डंडे दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने रातभर जंगलों में तलाशी अभियान चलाया, लेकिन अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी संदीप धवल ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर जांच जारी है। पूर्व प्रधान ने आशंका जताई कि यदि वे उसी कमरे में सो रहे होते तो उनकी जान को भी खतरा हो सकता था। उन्होंने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# तेज हवाओं और बारिश ने मचाई तबाही, कई जगह वाहनों पर गिरे पेड़

### ◆ कई जगह उखड़े पेड़ बिजली आपूर्ति हुई बाधित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में रविवार सुबह मौसम ने अचानक करवट लेते हुए भारी तबाही मचा दी। तेज आंधी और मूसलाधार बारिश के चलते पूरे क्षेत्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। सुबह करीब 8 बजे ही आसमान में घने काले बादल छा गए, जिससे दिन में ही अंधेरा जैसा माहौल बन गया और लोगों को वाहनों की लाइटें जलाकर चलना पड़ा। तूफानी हवाओं की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई स्थानों पर बड़े-बड़े पेड़ जड़ से उखड़ गए।

सड़कों के किनारे बने डंगे (रिटेनिंग वॉल) भी जगह-जगह गिर गए, जिसके कारण यातायात बाधित हुआ। कई वाहनों के ऊपर पेड़ और मलबा गिरने से उन्हें भारी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीण इलाकों में कच्चे मकानों और छतों को भी नुकसान होने की खबरें सामने आई हैं। विशेष



तूफान से गिरे पेड़ के नीचे दबी कार। अनंत ज्ञान

रूप से नयना देवी क्षेत्र में भी तेज हवाओं और बारिश ने कहर बरपाया। मंदिर क्षेत्र और आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी का माहौल रहा, वहीं श्रद्धालुओं को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। तूफान के चलते कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे लोगों को अंधेरे में रहना पड़ा। पेड़ों के गिरने से कुछ सड़कों पर जाम की स्थिति भी बनी रही, जिसे बहाल करने के लिए प्रशासन और स्थानीय टीमें मौके पर जुटी रहीं। प्रशासन ने स्थिति को देखते हुए लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें और सुरक्षित स्थानों पर ही रहें। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचित करने को कहा गया है।

## नगर परिषद घुमारवीं के लिए चुनाव प्रबंधन कमेटी का गठन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** नगर परिषद चुनावों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंत्री राजेश धर्माणी की अनुशंसा पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कैप्टन चम्बल सिंह ने नगर परिषद घुमारवीं के लिए चुनाव प्रबंधन कमेटी का गठन कर दिया है। कमेटी के अध्यक्ष के रूप में लेखराम नड्डा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा कमेटी में दया राम सहोता, सतपाल, रविंदर लिली, संयोग कश्यप, विनोद सोनी, जोगिंदर राव, अध्यक्ष शहरी कांग्रेस घुमारवीं तथा अनिल कुमार (मिंटू) को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन चम्बल सिंह ने कहा कि यह कमेटी नगर परिषद चुनावों में पार्टी की रणनीति को मजबूती से लागू करेगी और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ तालमेल बनाकर कांग्रेस को जीत दिलाने का प्रयास करेगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया है। स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कमेटी गठन का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे पार्टी को आगामी चुनावों में मजबूती मिलेगी।

## बुराहल गांव जल्द सड़क सुविधा से जुड़ेगा: कटवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र की मलांगण पंचायत का बुराहल गांव जल्द ही सड़क सुविधा से जुड़ेगा। विधायक जीतराम कटवाल ने गांव का दौरा कर प्रस्तावित सड़क के लिए जमीन का निरीक्षण किया और ग्रामीणों को शीघ्र समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण उनकी प्राथमिकता है और विभागीय औपचारिकताएं जल्द पूरी की जाएंगी। उन्होंने कहा कि सड़क किसी भी गांव के विकास की पहली सीढ़ी है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और व्यापार के रास्ते खुलते हैं। कटवाल ने केंद्र सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि हर गांव को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ना लक्ष्य है। झंडूता में 'मुस्कान परफेक्ट' सैलून और ब्यूटी पार्लर का शुभारंभ विधायक की मौजूदगी में हुआ। इस मौके पर उन्होंने इसे महिला आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का उदाहरण बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज और अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं।

**समस्या** सड़क के बीचों-बीच खड़े रहते बेसहारा मवेशी, हर समय हादसे का रहता डर

# कंदरौर पुल पर 'मौत का जाम', प्रशासन बेखबर

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** एशिया के सबसे ऊंचे पुलों में शुमार कंदरौर पुल इन दिनों लापरवाही और अव्यवस्था का जीता-जागता उदाहरण बन गया है। पिछले 20-25 दिनों से पुल पर 15-20 बेसहारा मवेशियों का डेरा लगा हुआ है, जो दिन-रात सड़क के बीचों-बीच खड़े रहते हैं। नतीजा हर दिन जाम, हर पल हादसे का खतरा।

हालात इतने खराब हैं कि कई बार पुल पर लंबा जाम लग जाता है, और सबसे चिंताजनक बात यह है कि इमरजेंसी में जा रही एंबुलेंस तक आधे-आधे घंटे फंसी रहती हैं। सवाल सीधा है-क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? स्थानीय व्यापारियों और निवासियों का गुस्सा अब खुलकर सामने आ गया है। उनका कहना है कि सरकार गाय के नाम पर लाखों रुपए का सेस तो वसूल रही है, लेकिन जमीन



कंदरौर पुल पर पशुओं का लगा जमावड़ा। अनंत ज्ञान

पर हालात पूरी तरह बेकाबू हैं। किसान हर साल इन बेसहारा पशुओं से तबाह हो रहे हैं-फसलें चट हो जाती हैं, कांटेदार तार तक ये अपने लंबे सींगों से उखाड़ फेंकते हैं। सड़क सुरक्षा की बात करें तो तस्वीर और भी डरावनी है। दो पहिया वाहन चालकों के लिए ये पशु चलती-फिरती मौत बन चुके हैं-अब तक कई लोग इनकी चपेट में आकर अपनी जान गंवा चुके हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की नींद नहीं खुल रही।

व्यापारी राजीव कुमार, चमन लाल, अमित कुमार, राजेश कटवाल, विवेक कुमार, सुरेंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार, विशाल भारद्वाज, रामानंद, कृष्ण लाल और समाजसेवी विपिन कुमार चंदेल ने प्रशासन से मांग की है कि इन बेसहारा पशुओं को तुरंत गो-सदन में शिफ्ट किया जाए और इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए। इनका कहना है कि अगर सरकार वसूली कर सकती है, तो जिम्मेदारी भी निभाए। वरना कंदरौर पुल पर अगला हादसा सिर्फ खबर नहीं, एक बड़ी त्रासदी होगा।


### चांदपुर अली खड्ड पुल पर भी वही हाल

**कंदरौर** पुल ही नहीं, बल्कि चांदपुर अली खड्ड पुल पर भी स्थिति बद से बदतर बनी हुई है। यहां भी बेसहारा पशु सड़क के बीचों-बीच डेरा जमाए रहते हैं, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी के चलते दोनों पुल अब खतरे के पुल बनते जा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

## कोटलू बिंदड़ियां में आवारा कुत्तों ने दो बकरियों को मार डाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कोटलु ब्राह्मणा पंचायत के तहत कोटलू बिंदड़ियां में आवारा कुत्तों का आतंक देखने को मिला है। जानकारी के अनुसार, स्थानीय निवासी विक्रम सिंह की दो बकरियों को कुत्तों के झुंड ने अपना शिकार बना लिया। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुत्तों ने अचानक हमला कर बकरियों को बुरी तरह घायल कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से विक्रम सिंह को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कुछ समय से आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे पशुधन और लोगों की सुरक्षा को खतरा बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन और पंचायत से मांग की है कि जल्द से जल्द इन कुत्तों को पकड़ने और समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# भुवाई में चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू



चमन सिंह ठाकुर ने किया टूर्नामेंट का उद्घाटन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**स्वारघाट।** श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्वाहन पंचायत के भुवाई गांव में यूथ क्लब भुवाई द्वारा आयोजित चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ उत्साह के साथ हुआ।

टूर्नामेंट का उद्घाटन सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य चमन सिंह ठाकुर ने किया, जबकि पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष मान सिंह धीमान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अर्जुन सिंह ठाकुर, अमर सिंह ठाकुर, कृष्ण पाल ठाकुर, तरसेम लाल, गोरखा राम और बाबू राम ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में चमन सिंह ठाकुर ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उन्हें नशे जैसी बुराइयों से दूर रखती हैं। मुख्य अतिथि मान सिंह धीमान ने ग्रामीण स्तर पर ऐसे आयोजनों को प्रतिभा निखारने का सशक्त मंच बताया और क्लब को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। क्लब के प्रधान जसवीर सिंह ने बताया कि यह टूर्नामेंट 2 मई से 5 मई तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में क्षेत्र की कई टीमें भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। आयोजन में क्लब के सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# पीपल जातर मेले में व्यापारियों की बल्ले-बल्ले

## खूब लग रहे सिड्डू, मोमो, कचौरी के चटकारे, जूता मार्केट, डोम व मीना बाजार में उमड़ी खूब भीड़

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू का ऐतिहासिक 'पीपल जातर' मेला आधिकारिक तौर पर भले ही समाप्त हो गया हो, लेकिन ढालपुर मैदान में मेले की रौनक अब अपने पूरे शबाब पर है। इस बार मेले में भारी संख्या में लोग उमड़ रहे हैं, जिसके चलते व्यापारी इस बार खूब चांदी कूट रहे हैं व व्यापारियों की बल्ले बल्ले है।

रविवार की छुट्टी के दिन ढालपुर के मैदानों में खरीदारों का सैलाब उमड़ पड़ा। शुरुआती दिनों में खराब मौसम की मार झेलने के बाद अब पिछले 2-3 दिनों से धूप खिलते ही व्यापार ने रफ्तार पकड़ ली है। ढालपुर मैदान में सजी जूता मार्केट इन दिनों सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां लोग ब्रांडेड व सेकेंड हैंड जूतों की जमकर खरीददारी कर रहे हैं। वहीं, डोम और मालरोड में भी सुबह से लेकर शाम तक लोगों की खूब भीड़ उमड़ रही है। इसके अलावा पुराने व गर्म कपड़ों की भी खूब खरीददारी हो रही है। वहीं, खरीददारी के साथ ही लोग सिड्डू, मोमो, कचौरी सहित अन्य स्थानीय व अन्य व्यंजनों का लुत्फ उठाना भी नहीं भूल रहे।

रविवार को खरीददारी के लिए पहुंचे ग्रीन पीस कॉलोनी के सुनील व सपना सहित शहरवासी विशाल, रोहित, मनीष व गगन ने बताया कि यहां बाजारों के मुकाबले जूते काफी सस्ते मिलते हैं। डोम में शॉपिंग करने आई कमला ठाकुर, तेंजिन व मीना शर्मा ने बताया कि यहां जरूरत का हर सामान एक ही छत के नीचे कम कीमतों पर मिल जाता है, जिससे भाग-दौड़ कम करनी पड़ती है। उधर, व्यापारी दिनेश, विजय रंगा, कमाल और रऊफ सहित अन्य व्यापारियों (डेविड, राहुल, बरकत शाह) ने बताया कि पहले बारिश के कारण कारोबार ढीला था लेकिन अब व्यापार अब उनके अनुकूल चल रहा है।



पीपल मेले में उमड़ी लोगों की भीड़। अनंत ज्ञान

### निरंकारी समागम से मिला बूस्ट

**इस** बार कुल्लू में 29 अप्रैल से 3 मई तक निरंकारी मिशन का समागम आयोजित हुआ। इस समागम में 20-25 हजार से भी अधिक मिशन से जुड़े अनुयायी यहां पहुंचे हैं, जो कि समागम में शामिल होने के साथ-साथ खूब खरीददारी भी कर रहे हैं। इसके चलते इस बार मेले में लोगों की आवाजाही बढ़ी है, जिससे कारोबार में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। बेशक मेले के शुरुआती दौर में बेशक बारिश ने मेले में खलल डाला था, लेकिन अब मौसम साफ होते ही एकदम से व्यापार में उछाल आया है।

### मीना बाजार व सिड्डू मार्केट में रौनक

**मीना** बाजार में सुबह से ही ग्राहकों की खासी भीड़ देखी गई। वहीं, खरीददारी से थकने के बाद लोग प्रदर्शनी मैदान स्थित सिड्डू मार्केट में कुल्लू के पारंपरिक व्यंजनों और जलपान का आनंद लेते नजर आए। कपड़े की मार्केट में भी सुबह से शाम तक परिजनों के लिए नए वस्त्र खरीदने वालों का तांता लगा रहा। झूला मैदान में बच्चों और युवाओं की उत्सुकता देखते ही बन रही है। विभिन्न प्रकार के झूलों का आनंद लेने के लिए भारी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों के साथ पहुंच रहे हैं युवक-युवतियों ने भी साहसिक झूलों में बैठकर मेले का भरपूर लुत्फ उठाया।


# मनाली में पर्यटकों का सैर-सपाटा, 3 दिनों में पहुंचे 35 हजार सैलानी, होटलों में बढ़ी रौनक

## होटल कारोबारियों के चेहरे खिले, ऑक्यूपेंसी 80 से 90 प्रतिशत तक पहुंची

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** वीकेंड पर पर्यटन नगरी में रौनक बढ़ गई है। तीन दिन में मनाली में 35000 से अधिक पर्यटक पहुंचने का अनुमान है।

शुक्रवार, शनिवार व रविवार को मनाली में 5500 से अधिक वाहन पहुंचे। मनाली से लाहौल घाटी के ग्रांफू तक पर्यटकों का मेला लग गया है। बड़े होटलों की आक्यूपेंसी 70 से 80 प्रतिशत तक पहुंच गई है। छोटे होटलों व होम स्टे में भी 50 प्रतिशत कमरे पैक चल रहे हैं। वीरवार, शुक्रवार व शनिवार को बाहरी राज्यों से 5500 से अधिक पर्यटक वाहन मनाली आए। इसके अलावा 200 से अधिक वोल्वो बसों में भी पर्यटकों ने मनाली का रुख किया। ग्रीन टैक्स बैरियर के आंकड़ों के अनुसार रोजाना औसतन 1800 पर्यटक वाहन मनाली पहुंच रहे हैं, जबकि पिछले सप्ताह तक यह आंकड़ा 1200 से 1500 चल रहा था। इन दिनों मनाली के प्रमुख पर्यटन स्थल अंजनी महादेव व अटल टनल पर पर्यटकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। ग्रांफू की बर्फीली वादियों में भी पर्यटक घूमने का लुत्फ ले रहे हैं। दिन के समय हिडिंबा मंदिर, वशिष्ट, सोलंगनाला, अंजनी महादेव में पर्यटक सैर का लुत्फ ले रहे हैं, तो शाम होते ही मनाली का प्रसिद्ध मालरोड पर्यटकों से भर रहा है। होटल संचालक भूपेश सिंह ने बताया कि उनके होटलों में वर्तमान में 70 से 80 फीसदी ऑक्यूपेंसी चल रही है। होटलियर एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने भी पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी की पुष्टि की। हिमाचल पर्यटन विकास निगम के उपमहाप्रबंधक बीएस ओक्टा के अनुसार, निगम के होटलों में 90 फीसदी कमरे बुक हो चुके हैं। आने वाले दिनों मेम पर्यटकों की संख्या में और इजाफा होने की उम्मीद है।



पर्यटन नगरी मनाली में उमड़ा पर्यटकों का जनसैलाब। अनंत ज्ञान

## जटेहड़ बिहाल में चिट्टा इंजेक्शन लगाते युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा, पुलिस की सख्ती बढ़ी

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पतलीकूहल के जटेहड़ बिहाल क्षेत्र में एक नेपाली मूल के युवक को चिट्टा (हेरोइन) का इंजेक्शन लगाते हुए ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। युवक की संदिग्ध हरकतों पर नजर पड़ते ही स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही काबू कर लिया व मामले की जानकारी पुलिस को दी। ग्रामीणों द्वारा की गई प्रारंभिक पूछताछ में युवक ने खुलासा किया कि वह पतलीकूहल में ही एक युवक से चिट्टा खरीदता है। उसने बताया कि वह नेपाल मूल का है और 15 मील क्षेत्र में रहता है। इस खुलासे के बाद क्षेत्र में नशे की आपूर्ति को लेकर ग्रामीणों में चिंता और बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने कहा कि क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं समाज के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही हैं व युवाओं को नशे की गिरफ्त में धकेल रही हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि नशा तस्करों और सप्लायरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि इस पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। इस संबंध में एसपी मदन ने बताया कि जिले में चिट्टे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत मनाली सहित अन्य क्षेत्रों में लगातार छापेमारी और कार्रवाई की जा रही है, जिसके परिणामस्वरूप लगभग हर रोज आरोपियों की गिरफ्तारी हो रही है।

## पर्यटन व आतिथ्य उद्योग की बारीकियां सीखकर लौटीं कटराई स्कूल की छात्राएं

अनंत ज्ञान



**पतलीकूहल।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कटराईं की पर्यटन विषय की दसवीं कक्षा की तीन छात्राएं चंडीगढ़ स्थित 5 सितारा होटल 'द ऑर्किड' से प्रशिक्षण लेकर रविवार को वापस लौट आईं।

इस दौरान राज्य स्तर पर चयनित इन छात्राओं ने पर्यटन से संबंधित आवश्यक ऑन जॉब ट्रेनिंग पूरी की। विद्यालय के टूरिज्म ट्रेनर रोहित गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑन जॉब ट्रेनिंग में कुल्लू जिले से टूरिज्म विषय के 92 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में कटराईं विद्यालय से दसवीं कक्षा की चयनित तीन छात्राओं की ट्रेनिंग हुई है। ट्रेनिंग के पहले दिन इंट्रोडक्शन सेशन का आयोजन हुआ, जिसमें होटल के जनरल मैनेजर देवेंद्र वालिया ने होटल मैनेजमेंट की जानकारी विद्यार्थियों से साझा की। दूसरे दिन फर्स्ट हॉफ में होटल का भ्रमण किया गया व विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की बारीकियों के बारे में अवगत कराया गया। इसके पश्चात होटल के विभिन्न अधिकारियों जैसे फ्रंट ऑफिस मैनेजर, फूड एंड सर्विस मैनेजर, हाउसकीपिंग मैनेजर व सेल्स एंड मार्केटिंग मैनेजर ने अपने विभागों की आवश्यक जानकारी व कार्यप्रणाली के बारे में बताया। ट्रेनिंग के अंतिम चरण में एक बहु विकल्पीय परीक्षा हुई, जिसके उपरांत सभी प्रतिभागियों को ऑन जॉब ट्रेनिंग के प्रमाण पत्र दिए गए। ट्रेनर रोहित गुप्ता ने बताया कि इस प्रकार की ट्रेनिंग से बच्चों को अपने करियर को चुनने की दिशा मिलती है और निश्चित तौर पर भविष्य में सहायक होती है।

## चंद्रकांत मिस्टर, रिचा चुनी गईं मिस फ्रेशर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू के मौहल स्थित डॉ. देवी चंद डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में 11वीं कक्षा के नए विद्यार्थियों के स्वागत के लिए 12वीं कक्षा के छात्रों द्वारा एक भव्यफेयरवेल-सह-स्वागत' (फ्रेशर्स) पार्टी का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि व प्रधानाचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और सकारात्मक ऊर्जा से भर उठा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का जमकर प्रदर्शन किया। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत नृत्य और गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही, समारोह को और अधिक मनोरंजक बनाने के लिए कई मजेदार खेल आयोजित किए गए, जिनमें पेपर नृत्य, अधूरे गानों को पूरा करना, टंग ट्विस्टर्स इन गतिविधियों में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खूब आनंद उठाया। मिस्टर व मिस फ्रेशर चंद्रकांत सूद व रिचा, मिस्टर एवं मिस टैलेंट अजीम व सावनी, मिस्टर व मिस कॉन्फिडेंट विराज व यादवी को चुना गया।

## मनाली ब्लॉक कांग्रेस की पहली बैठक में चुनावी रणनीति पर चर्चा



बैठक के दौरान गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** मनाली ब्लॉक कांग्रेस से बीर सिंह ठाकुर के अध्यक्ष बनने के बाद रविवार को अंबेडकर भवन, पतलीकूहल में पहली आम बैठक हुई।

इसमें पंचायत चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। जिलाध्यक्ष सेस राम ने कहा कि जिला परिषद के इच्छुक प्रत्याशी आवेदन ब्लॉक अध्यक्ष को दें, जिसके बाद कमेटी टिकट तय करेगी। बीर सिंह ठाकुर ने कहा कि कर्मठ व समर्पित कार्यकर्ताओं को सर्वे के आधार पर टिकट मिलेगा। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने सभी से पार्टी उम्मीदवार को जिताने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। बैठक में विद्या नेगी, देवेंद्र नगी व हरिचंद शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नप भुंतर के वार्ड-7 में रविंद्रा डोगरा बनाम विकास सावल का मुकाबला होगा दिलचस्प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** नगर पंचायत भुंतर के चुनावी रण में वार्ड-7 इस बार सबसे चर्चित वार्ड बनकर उभरा है। यहां पूर्व प्रधान रविंद्रा डोगरा व युवा प्रत्याशी विकास सावल के बीच सीधी टक्कर ने चुनावी मुकाबले को पूरी तरह रोचक बना दिया है। दोनों उम्मीदवारों की सक्रियता से वार्ड का सियासी माहौल गर्मा गया है। पूर्व प्रधान रह चुकीं रविंद्रा डोगरा अपने अनुभव, पुराने जनसंपर्क व समर्थकों के मजबूत नेटवर्क के दम पर चुनाव मैदान में उतरी हैं। डोगरा का दावा है कि उन्होंने अपने कार्यकाल में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी व जनता के विश्वास को कायम रखा, जिसके आधार पर उन्हें इस बार भी अच्छा समर्थन मिल रहा है। वहीं, दूसरी ओर युवा प्रत्याशी विकास सावल नई सोच व युवाओं की ताकत के साथ मैदान में कूदे हैं। सावल युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों व पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं का भरपूर सहयोग मिलने के विश्वास के आगे बढ़ रहे हैं। उनका कहना है कि वार्ड में नई ऊर्जा, पारदर्शिता और आधुनिक विकास की जरूरत है, जिसे वे प्राथमिकता देंगे। वार्ड-7 में दोनों प्रत्याशियों की लगातार प्रचार, संपर्क व समर्थकों की सक्रियता से चुनावी माहौल पूरी तरह जीवंत हो गया है। स्थानीय लोगों के बीच विकास कार्य, साफ-सफाई, बुनियादी सुविधाएं ब्यास की सुरक्षा दीवार जैसे मुद्दे चर्चा के केंद्र में बने हुए हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि अनुभव का पलड़ा भारी पड़ता है या युवा जोश मतदाताओं का दिल जीतने में सफल रहता है।

## कोरम पूरा न होने से फलोत्पादक मंडल का अधिवेशन टला, जल्द अगली तिथि होगी घोषित



कुल्लू फलोत्पादक मंडल की बैठक के दौरान सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** कुल्लू फलोत्पादक मंडल का प्रस्तावित अधिवेशन कोरम पूरा न होने के चलते स्थगित कर दिया गया है। अधिवेशन के लिए अपेक्षित संख्या में सदस्यों की उपस्थिति नहीं हो पाई।

इसके चलते बैठक को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। मंडल के महामंत्री रिमन ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिवेशन के सफल संचालन के लिए निर्धारित कोरम का पूरा होना अनिवार्य होता है, लेकिन इस बार पर्याप्त सदस्य उपस्थित नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों को समय रहते सूचना दी गई थी, बावजूद इसके अपेक्षित उपस्थिति नहीं बन पाई। उन्होंने आश्वासन दिया कि अधिवेशन की अगली तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी व सभी सदस्यों से इसमें अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया जाएगा, ताकि मंडल से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर ठोस निर्णय लिए जा सकें।

### देवभूमि कुल्लू में गूंजा मानवता का दिव्य संदेश, आस्था श्रद्धा व आध्यात्मिक चेतना का भव्य संगम

## बुराइयों को छोड़कर केवल अच्छाइयों को अपनाएं : सुदीक्षा महाराज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में आयोजित संत निरंकारी मिशन का भव्य समागम केवल एक अध्यात्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था व श्रद्धा का जीवंत उत्सव बनकर उभरा। विशाल मैदान में उमड़े हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त व जन समूह इस बात का प्रमाण थे कि आध्यात्मिकता आज भी लोगों के जीवन का महत्वपूर्ण आधार है।

हिमाचल सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए हजारों भक्तों ने सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के दर्शन कर आत्मिक शांति व प्रेरणा का अनुभव किया। इस समागम से पूर्व युवाओं को आध्यात्मिक जागृति देने के लिए निरंकारी यूथ सिंपोजियम कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। रविवार को एक विशाल सत्संग कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें सतगुरु माता ने अपने प्रेरणादायक विचारों में कहा कि सच्ची भक्ति वही है, जिसमें बुराइयों को छोड़कर केवल अच्छाई को अपनाया जाए। यह मात्र भक्ति नहीं, बल्कि प्रेमा भक्ति है, जो दिलों को जोड़ने का कार्य करती है। सतगुरु माता ने समझाया कि आज हम अक्सर दूसरों की गलतियां



सुदीक्षा जी महाराज व राजपिता और समागम में उमड़ा जनसैलाब। अनंत ज्ञान

निकालने में अपना कीमती समय गंवा देते हैं, जबकि आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने भीतर झांकें व नफरत को खत्म कर प्रेम व भाईचारे की भावना को बढ़ाएं। युवाओं के संदर्भ में कहा कि उन्हें गलत ठहराना आसान है, लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि उनकी राह में आने वाली चुनौतियों को समझना भी आवश्यक है। अंत में सतगुरु माता ने सभी को संदेश दिया कि दिल से नफरत मिटाकर प्रेम, सहनशीलता और सकारात्मक सोच के साथ जीवन जिएं—यही सच्ची भक्ति और मानवता की पहचान है। समागम का वातावरण पूर्णत: भक्ति व आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत था। सतगुरु माता के दिव्य प्रवचनों ने जीवन के वास्तविक उद्देश्य को सरल व प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रेम, भाईचारा, एकता व नम्रता को जीवन का मूल आधार बताते हुए सभी को इन मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया।

विशेष रूप से युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने सकारात्मक सोच, सही मार्गदर्शन व सत्संग के महत्व पर जोर दिया, जो जीवन को सफल व सार्थक बनाने में सहायक है। इस आयोजन की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि प्रदेश के दूरस्थ व दुर्गम क्षेत्रों जैसे पांगी, चंबा, किन्नौर और लाहौल-स्पीति से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद उनका उत्साह व समर्पण इस बात को दर्शाता है कि सच्ची आस्था हर बाधा को पार कर सकती है। इस मौके पर मिशन के मंडी ज़ोन के जोनल इंचार्ज डॉ. आरके अभिलाषी ने सर्व प्रथम सतगुरु माता व निरंकारी राजपिता का हृदय से स्वागत किया व साथ ही जिला प्रशासन, पुलिस विभाग व सभी विभागों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस आयोजन की सफलता के लिए महात्माओं की निस्वार्थ सेवा, अनुशासन व सुव्यवस्थित प्रबंधन की भूरी-भूरी प्रशंसा की। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, स्वच्छता व सेवा भावना का जो उदाहरण देखने को मिला, वह प्रेरणादायक था। निसंदेह यह दिव्य संत समागम न केवल आध्यात्मिक जागृति का माध्यम बना, बल्कि समाज में प्रेम सद्भाव व एकता का सशक्त संदेश बनकर उजागर हुआ। कुल्लू की पावन धरती पर आयोजित यह आयोजन श्रद्धालुओं के मन में एक अमिट स्मृति के रूप में प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

## एसडीएम बंजार ने जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी एनएच-305 पर दोपहर में रहेगा यातायात बंद

अनंत ज्ञान

**बंजार।** उपमंडल दंडाधिकारी (एसडीएम) बंजार पंकज शर्मा ने राष्ट्रीय राजमार्ग-305 (बंजार-औट मार्ग) पर चल रहे पैचवर्क व टारिंग कार्य को देखते हुए ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि यह निर्णय जन सुरक्षा तथा सड़क मरम्मत कार्यों को सुचारू रूप से पूरा करने के उद्देश्य से लिया गया है।

एसडीएम ने जानकारी देते हुए कहा कि एनएच-305 (उपमंडल बंजार के अंतर्गत) पर प्रतिदिन दोपहर 12 से 2:30 बजे तक यातायात पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान केवल आपातकालीन सेवा वाहनों को ही अनुमति दी जाएगी, जबकि अन्य सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी। निर्धारित समय के बाद यातायात सामान्य रूप से बहाल कर दिया जाएगा। उन्होंने यात्रियों व परिवहनकर्ताओं से अपील की है कि वे अपने यात्रा कार्यक्रम को इस प्रतिबंध के अनुरूप पहले से ही निर्धारित करें। प्रतिबंधित अवधि के दौरान वाहनों को बंजार बायपास मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा, ताकि लोगों को वैकल्पिक मार्ग की सुविधा मिल सके। एसडीएम ने बताया कि संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि सड़क बंद/प्रतिबंध की जानकारी देने के लिए प्रमुख स्थानों पर अग्रिम साइन बोर्ड लगाए जाएं व ट्रैफिक प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पुलिस विभाग को भी आवश्यक स्थानों पर कर्मियों की तैनाती कर यातायात को नियंत्रित व सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग को बंजार बायपास मार्ग को रविवार तक पूरी तरह वाहन योग्य बनाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रतिबंध के दौरान यह मार्ग प्रभावी वैकल्पिक रास्ते के रूप में कार्य कर सके।

एसडीएम पंकज शर्मा ने आम जनता, यात्रियों व परिवहनकर्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग प्रशासन के निर्देशों का पालन करें, ताकि सड़क मरम्मत कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा हो सके और किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

**परेशानी** कुछ समय टीबी स्क्रीनिंग मशीन का भी था 'जुगाड़', अब वह भी खत्म, सरकार व स्वास्थ्य विभाग पर उठे सवाल

# सिविल अस्पताल आनी में एक्स-रे सुविधा ठप

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** हिमाचल प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत एक बार फिर सवालों के घेरे में है। सिविल अस्पताल आनी में पिछले करीब एक साल से एक्स-रे सुविधा पूरी तरह बंद पड़ी है, जिससे क्षेत्र की हजारों जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि अस्पताल में लगी करीब 45 साल पुरानी एक्स-रे मशीन कई महीनों से खराब है, जिससे बड़ी ही मुश्किल से एक्स-रे निकाले जाते थे, जबकि आपात स्थिति में मरीजों को रेफर किया जाता रहा, लेकिन इसे बदलने या नई मशीन लगाने के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

यह स्थिति तब है जब अस्पताल प्रबंधन द्वारा कई बार उच्च अधिकारियों को पत्र लिखे गए, मामले समाचार पत्रों में प्रकाशित हुए व यहां तक कि जनहित याचिका भी न्यायालय में दायर की गई फिर भी स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही केवल कागजों तक सीमित रही।

> सीएमओ कुल्लू डॉ. रणजीत सिंह के अनुसार, नेशनल हेल्थ मिशन के तहत चार स्वास्थ्य खंडों के लिए एक-एक हैंड-हेल्ड एक्स-रे मशीन दी गई थी, जिसे अब निरमंड स्वास्थ्य खंड में स्थानांतरित किया गया है।



आनी के सिविल अस्पताल में हैंड हेल्ड मशीन से आम रोगियों के एक्स-रे लेते हुए। अनंत ज्ञान

### टीबी स्क्रीनिंग मशीन का भी 'जुगाड़' खत्म

**नेशनल** हेल्थ मिशन के तहत टीबी रोग की स्क्रीनिंग के लिए जिला कुल्लू को दी गई हैंड-हेल्ड एक्स-रे मशीन से कुछ समय तक आनी अस्पताल में काम चलाया जा रहा था, लेकिन अब वह मशीन भी निरमंड ब्लॉक में शिफ्ट कर दी गई है, जिससे आनी अस्पताल पूरी तरह एक्स-रे विहीन हो गया है।

### जमीनी हकीकत अलग

**सचेत** संस्था द्वारा दायर आरटीआई में खुलासा हुआ कि अस्पताल के लिए नई एक्स-रे मशीन अभी तक स्वीकृत ही नहीं हुई है। वहीं 26 फरवरी, 2026 को अस्पताल प्रबंधन द्वारा सीएमओ कुल्लू को भेजे गए पत्र में दावा किया गया कि हैंड-हेल्ड मशीन से रोज हर तरह के रोगों के 30-35 मरीजों के एक्स-रे किए जा रहे हैं। हकीकत यह है कि यह वही मशीन थी जो टीबी स्क्रीनिंग के लिए आई थी और अब वह भी आनी में उपलब्ध नहीं है। ऐसे में विभागीय दावों और वास्तविक स्थिति के बीच बड़ा अंतर सामने आ रहा है।

### मरीजों की बढ़ी मुश्किलें

**एक्स-रे** सुविधा बंद होने के कारण मरीजों को 70 से 100 किलोमीटर दूर शिमला, रामपुर या निजी केंद्रों का रुख करना पड़ रहा है। इससे न केवल समय और पैसा खर्च हो रहा है, बल्कि कई गंभीर मामलों में इलाज में देरी भी हो रही है।

### जनता अब जवाब व ठोस कार्रवाई की मांग कर रही

**आनी** क्षेत्र की सचेत संस्था के अलावा कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सवाल खड़ा किया है कि एक साधारण एक्स-रे मशीन, जिसकी लागत बहुत अधिक नहीं होती, उसे भी सरकार और स्वास्थ्य विभाग वर्षों में उपलब्ध नहीं करवा पाए। क्या सरकार और स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर हैं, या फिर आनी जैसे दूरदराज क्षेत्रों को यूं ही नजरअंदाज किया जाता रहेगा? आनी की जनता अब जवाब और ठोस कार्रवाई दोनों की मांग कर रही है।

## एनएच-305 पर अव्यवस्था का आलम, बिना योजना के टारिंग कार्य से जनता बेहाल : शौरी

अनंत ज्ञान

**बंजार।** बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने एक वीडियो जारी करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-305 (एनएच-305) पर चल रहे टारिंग कार्य के कारण उत्पन्न हो रही भारी ट्रैफिक जाम की समस्या पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। विधायक शौरी ने कहा कि टारिंग कार्य प्रारंभ करने से पूर्व प्रशासन व संबंधित विभाग द्वारा कोई ठोस योजना अथवा रणनीति नहीं बनाई गई। न ही आम जनता व पर्यटकों की सुविधा के लिए किसी प्रकार की एडवाइजरी या समय-सारिणी जारी की गई, जिसके परिणामस्वरूप पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है और लोग अत्यधिक परेशान हो रहे हैं।



उन्होंने यह भी कहा कि बंजार बाईपास को खोलने के प्रति सरकार का रवैया उदासीन बना हुआ है, जबकि वर्तमान परिस्थितियों में बढ़ते ट्रैफिक दबाव व टारिंग कार्य की अनिवार्यता को देखते हुए इस बाईपास को जल्द चालू किया जाना अत्यंत आवश्यक है। दुर्भाग्यवश, इस सड़क के बहाली कार्य की गति अत्यंत धीमी (कछुआ गति) है। विधायक ने आरोप लगाया कि सरकार व विभाग ट्रैफिक प्रबंधन को लेकर गंभीर नहीं है, जिस कारण आज स्थानीय जनता व पर्यटक दोनों ही भारी असुविधा का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बहुप्रतीक्षित कार्य को प्रशासन व विभाग द्वारा बिना समुचित तैयारी के अफरा-तफरी में किया जा रहा है, जिससे टारिंग कार्य की गुणवत्ता भी संदेह के घेरे में आ गई है। शौरी ने प्रशासन, विभाग व ठेकेदार पर जानबूझकर लापरवाही बरतने व जनता को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि स्थिति को सुधारने के लिए अब प्रशासन, विभाग व ठेकेदार के साथ समन्वय स्थापित कर टारिंग कार्य को दोपहर 12 से 3 बजे के बीच करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ट्रैफिक जाम की समस्या को कम किया जा सके। विधायक ने संबंधित अधिकारियों से आग्रह किया कि वे तत्काल प्रभाव से प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन सुनिश्चित करें तथा जनता की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

## पंचायत चुनाव : आनी में लाइसेंसी हथियार जमा करवाने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, आनी।** पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में संपन्न करवाने के उद्देश्य से प्रशासन व पुलिस विभाग ने आनी उपमंडल के अंतर्गत आने वाले सभी वैध शस्त्र लाइसेंस धारकों को अपने लाइसेंसी हथियार निकटतम पुलिस थाना अथवा पुलिस चौकी में जमा करवाने के निर्देश जारी किए हैं।

डीएसपी आनी राजीव मेहता द्वारा जारी आदेशों में कहा गया है कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान कानून व व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके तहत सभी लाइसेंसी हथियार जैसे गन, पिस्टल, रिवॉल्वर आदि को निर्धारित समयावधि के भीतर तुरंत प्रभाव से जमा करवाना अनिवार्य किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई शस्त्र धारक अपने हथियार जमा नहीं करवाता है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। साथ ही हथियार जमा करवाने के बाद मिलने वाली रसीद को सुरक्षित रखने के भी निर्देश दिए गए हैं, क्योंकि चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के बाद शस्त्र वापसी के समय यह रसीद आवश्यक होगी। डीएसपी आनी ने क्षेत्रवासियों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सफल बनाने में सहयोग देने तथा क्षेत्र में शांति, सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनता का सहयोग ही सुरक्षित एवं निष्पक्ष चुनाव की सबसे बड़ी गारंटी है।

## नाहन में उत्पाती बंदरों, आवारा पशुओं का बढ़ता आतंक, जनता परेशान



**नगर परिषद पर उठे सवाल**

*आखिर कब मिलेगी शहरवासियों को इस समस्या से राहत?*

***अनंत ज्ञान, नाहन।*** *दो दशकों से जीत कर आने वाले दोनों दलों के पार्षद शहर की इस ज्वलंत समस्या का समाधान तालाशने नाकाम रहे। बेसहारा गोवंश सड़कों पर है यहां तक की टैग लगे पालतू भी। आलम यह है गंदगी खा रहे हैं। आवारा कुत्तों और उत्पाती बंदरों का आतंक शहर में आए दिन बरप रहा है। इनके हमलों से घायल होने लोगो आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। मगर खुद को दिग्गज कहलाने व विकास के मसीहा बन बार-बार जीते ये पार्षद इस ज्वलंत समस्या को क्यों नहीं निपटा सके। वोट डालने से पहले एक सवाल कर लें इन नेताओं से कि आम जनता को इन समस्याओं से कब छुटकारा दिलाओगे।*

# सिरमौर में दिन में ही छाया अंधेरा, सुबह नौ बजे सड़कों पर वाहनों ने जलाई लाइटें

## आंधी-तूफान और धूल भरे बादलों से बदला मौसम, बिजली गुल

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** रविवार सुबह सिरमौर जिले में मौसम ने ऐसा करवट बदला कि दिन में ही रात जैसा अंधेरा छा गया। सुबह करीब 9 बजे हालात इतने खराब हो गए कि सड़कों पर चल रहे वाहनों को लाइटें जलाकर गुजरना पड़ा। घने धूल भरे बादलों और तेज आंधी के कारण दृश्यता काफी कम हो गई और पूरा इलाका अंधेरे की चादर में लिपटा नजर आया। सुबह 9:45 बजे तक भी हालात सामान्य नहीं हो पाए और आसमान पूरी तरह काले बादलों व धूल से ढका रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार मई के महीने में इस तरह का मंजर उन्होंने पहले कभी नहीं देखा। दिन के उजाले में इस तरह का अंधेरा हर किसी के लिए हैरानी का विषय बन गया।



### फसलों को नुकसान की आशंका

**किसानों** की चिंता भी बढ़ गई है। आंधी और धूल भरी हवाओं के कारण फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सुबह के समय छाया घना अंधेरा और अचानक ठंडक एक असामान्य और चौंकाने वाला अनुभव रहा।

### तापमान में गिरावट बिजली आपूर्ति रही बाधित

**तेज** आंधी और तूफान के चलते जिले के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। विद्युत लाइनों पर तेज हवाओं का असर साफ देखा गया, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घरों और दुकानों में अचानक बिजली गुल होने से दैनिक कार्य प्रभावित हुए। मौसम के इस अचानक बदलाव के साथ तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई। जहां पिछले दिनों तापमान 37 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया था, वहीं रविवार सुबह यह गिरकर 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच आ गया। इस बदलाव ने मौसम को पूरी तरह बदल दिया।

### सिरमौर पीओ सेल की बड़ी कार्रवाई

## 2017 के मामले में फरार आरोपी परवाणू से गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**सोलन।** पीओ सेल नाहन की टीम ने 1 मई को विशेष कार्रवाई करते हुए परवाणू से उद्घोषित अपराधी राकेश कुमार उर्फ रॉकी को गिरफ्तार किया। आरोपी लंबे समय से न्यायालय की कार्रवाई से बचते हुए फरार चल रहा था और उसे माननीय न्यायालय द्वारा उद्घोषित अपराधी घोषित किया था। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी और खुफिया इनपुट के आधार पर यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपी राकेश कुमार पुत्र राम गोपाल, निवासी गांव भवाना, तहसील कालका, जिला पंचकूला (हरियाणा) के विरुद्ध थाना पच्छाद में अभियोग संख्या 84/2017 दिनांक 27-10-2017 के तहत मामला दर्ज है।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में आगामी कानूनी कार्रवाई के लिए पेश किया जा रहा है। पुलिस द्वारा बताया गया है कि पीओ सेल का अभियान फरार और उद्घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार जारी है।

### वीएम व वीवीपैट के भंडारण कक्ष का निरीक्षण

***अनंत ज्ञान, सोलन।*** *अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन ने रविवार को नगर निगम सोलन के प्रांगण में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन व वोटर वीवीपैट के भंडारण कक्ष का आंतरिक निरीक्षण किया। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की कंचन राणा, भारतीय जनता पार्टी के चंद्र कांत शर्मा सोलन, सुनील ठाकुर, दिनेश शुक्ला, नगर निगम सोलन के संयुक्त आयुक्त चेतन चौहान, अधीक्षक कमला शर्मा, नगर निगम सोलन के एसडीओ गोपी सिंह इस अवसर पर उपस्थित थे।*

## न्यूज ब्रीफ

### सिरमौर : नगर निकाय, पंचायत चुनाव प्रक्रिया के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला पंचायत अधिकारी विक्रम ठाकुर ने जानकारी दी कि नाहन, संगड़ाह और ददाहू खंड के साथ-साथ नाहन नगर परिषद के लिए सुमित खिमटा (भा.प्र.से.) को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। उनका कार्य संबंधित क्षेत्रों में चुनाव प्रक्रिया की निगरानी करना और चुनाव कार्यों को नियमों के अनुसार सुनिश्चित करना रहेगा। इसके अलावा शिलाई, कमरऊ स्थित तिलोरधार और पांवटा साहिब खंड तथा पांवटा साहिब नगर परिषद के लिए संजय कुमार (एचएफएस) को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं राजगढ़ और पच्छाद खंड तथा नगर पंचायत राजगढ़ के लिए नरेश पाल सिंह (एचपीएफएस) को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी पर्यवेक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में चुनाव प्रक्रिया की निगरानी करेंगे ताकि मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

### सोलन में 'द जर्नी ऑफ एन अनब्रोकन स्पिरिट' का विमोचन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** लेखक भगमल विश्वकर्मा की पहली प्रकाशित पुस्तक 'द जर्नी ऑफ एन अनब्रोकन स्पिरिट' का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। साहित्य प्रेमी, गणमान्य नागरिक और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पद्मश्री विद्यानंद सरैक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार काकू राम भारद्वाज विशिष्ट अतिथि रहे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से पुस्तक का विमोचन किया और लेखक को इस उपलब्धि पर बधाई दी। मुख्य अतिथि ने संबोधन में कहा कि साहित्य समाज को दिशा देता है और नई पीढ़ी को प्रेरित करता है। उन्होंने पुस्तक को जीवन संघर्ष, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का संदेश देने वाली बताया। लेखक भगमल विश्वकर्मा ने कहा कि यह पुस्तक उनके जीवन अनुभवों और संघर्षों पर आधारित है। यदि यह किसी एक व्यक्ति को भी प्रेरित करे, तो उनका प्रयास सफल होगा। आयोजक लेख राम विश्वकर्मा एवं शकुंतला देवी ने सभी का धन्यवाद किया। समारोह में पुस्तक पर चर्चा हुई और उपस्थितजनों ने लेखक को शुभकामनाएं दीं।

### वॉर्ड नंबर 10 से आजाद उम्मीदवार विवेक डोभाल ने वापस लेंगे नामांकन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्थानीय निकाय चुनावों में वॉर्ड नंबर 10 से आजाद उम्मीदवार विवेक डोभाल ने अपना नामांकन पत्र भाजपा के पक्ष में वापस लेने की घोषणा की। इस फैसले से चुनावी समीकरण पूरी तरह बदल गया है। सूत्रों के अनुसार विवेक डोभाल को मनाने में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुरषोत्तम गुलेरिया, राजेश्वर, सुधीर ठाकुर और शैलेंद्र गुप्ता ने कई दौर की बातचीत के बाद उन्हें राजी किया। इससे भाजपा को इस वॉर्ड में मजबूत स्थिति मिलने की उम्मीद है। विवेक डोभाल ने वापसी के बाद कहा कि मैंने क्षेत्र के हित में यह निर्णय लिया है।

### नाहन नगर परिषद वार्ड नंबर 02 में मनीष जैन की दावेदारी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** समाज सेवी संगठन रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनीष जैन ने वार्ड नं 2 से नगर परिषद चुनाव के लिए भाजपा समर्थित उम्मीदवार के रूप में पर्चा दाखिल किया। वह पहली बार नगर परिषद के चुनाव में बीजेपी के टिकट से कांग्रेस प्रत्याशी नरेंद्र तोमर के मुकाबले मैदान में उतरा है। दोनों ही इस मुकाबले में नए योद्धा हैं मगर जनता के साथ सुख दुख सदा मनीष ही बांटते आए हैं जिस कारण उन का संपर्क आम लोगों से ज्यादा रहता है और उन का भविष्य उज्ज्वल नजर आता है। पिछली नगर परिषद वार्ड नंबर 02 में भाजपा का प्रत्याशी विक्रम ही जीत कर आया था।

### सोलन वॉर्ड नंबर 9 में सुमन के नामांकन से भाजपा सकते में

**अनंत ज्ञान, सोलन।** नगर निगम चुनावों में भाजपा को झटका वॉर्ड नंबर 9 से पार्टी की बागी उम्मीदवार सुमन साहनी ने निर्दलीय के रूप में नामांकन भर दिया। इससे भाजपा में बिखराव की स्थिति साफ नजर आ रही है। दूसरी ओर कांग्रेस एकजुट दिखाई दे रही है और इस वॉर्ड में मजबूत दावेदारी पेश कर रही है। सुमन साहनी ने नामांकन के बाद कहा कि मैं वार्ड के विकास के लिए लड़ूंगी, चाहे अकेले ही क्यों न रहना पड़े। भाजपा नेताओं ने इस विद्रोह पर अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। वार्ड -10 से भाजपा ने बागी को मनाने में सफलता पाई थी। अब वार्ड 9 में सबकी नजरें है।

### बच्ची से छेड़छाड़ मामले में दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाई : हिंदू रक्षा मंच



**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिंदू रक्षा मंच की जिला सोलन के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में संगठन से जुड़े हुए विषयों पर विस्तार से बातचीत हुई। संगठन विस्तार की कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में प्रांत कार्यकारिणी से गुलाब शर्मा, प्रदेश सचिन प्रीतम सिंह ठाकुर कोषाध्यक्ष जयपाल ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को संगठन के संस्थापक अध्यक्ष कमल गौतम का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में सोलन के देऊघाट में 5 वर्षीय नन्ही गुड़िया के साथ हुए अमानवीय कृत्य पर सभी कार्यकर्ताओं ने चिंता व्यक्त की और इस प्रकार की घटनाएं प्रदेश में न हो इस पर भी एक ठोस कार्ययोजना पर चर्चा की गई। मंच ने बच्ची से छेड़छाड़ मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की। बैठक में सुरेश शर्मा, संतोष देवी, माम राज, अजय मेहता, मुकेश कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 10 गारंटियां बनी बोझ, भाजपा का कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर भाजपा प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने कांग्रेस सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आगामी नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, जिला परिषद, पंचायत समिति एवं पंचायत चुनावों में कांग्रेस की 10 झूठी गारंटियां उसके लिए गले की फांस साबित होंगी। रावत ने बताया कि



विधानसभा चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस ने प्रदेश की जनता को लुभाने के लिए 10 बड़ी गारंटियां दी थीं, जो अब झूठ का पुलिंदा बनकर रह गई हैं। प्रवक्ता ने कहा कि ये सभी वादे खोखले साबित हुए हैं। प्रदेश की जनता इनका हिसाब आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में चुकता करेगी। 2027 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का सुपड़ा साफ हो जाएगा। रावत ने प्रदेश कांग्रेस सरकार को निकम्मी, झूठी और भ्रष्ट बताते हुए कहा कि जनता इससे तंग आ चुकी है।

# सोलन निकाय चुनाव : वार्ड-15 में भाजपा-कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर

## वार्ड- 2 और 7 में त्रिकोणीय से बहुकोणीय मुकाबले के आसार

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** नगर निगम चुनाव में वार्ड नंबर-15 की सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला होने वाला है। यहां दोनों पार्टियों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। भाजपा ने अपने जिला प्रवक्ता अभिषेक को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने पूर्व जिला परिषद सदस्य विनय भगनाल पर भरोसा जताया है।

अभिषेक को वार्ड के पटराल ग्रामीण इलाके के लोगों का मजबूत समर्थन मिलने की उम्मीद है, वहीं विनय भगनाल को शामती में बसे राजगढ़ क्षेत्र के वोटरों से अपेक्षा है। नामांकन के दौरान विनय ने समर्थकों के साथ जोरदार शक्ति प्रदर्शन किया, जो उनकी लोकप्रियता का संकेत देता है।

### वार्ड की ज्वलंत समस्याएं बनीं मुद्दा

**वार्ड-15** के निवासियों को कूड़े की विकराल समस्या से जूझना पड़ रहा है, जिसका अब तक कोई समाधान नहीं निकला। पेयजल संकट भी गहरा है, जिसके कारण लोगों को दो-चार किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। इसके अलावा पार्किंग की कमी, खेल मैदान और पार्क जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव भी मतदाताओं की नाराजगी का कारण बना हुआ है। उम्मीदवार इन मुद्दों पर वोट हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।



नामांकन के दौरान समर्थकों के साथ वार्ड-15 के कांग्रेस प्रत्याशी विनय भगनाल। अनंत ज्ञान

### वार्ड -2 बना राजनीति में चर्चा का विषय

**सोलन** का वार्ड 2 ओपन होने के बावजूद भाजपा द्वारा महिला उम्मीदवार को मैदान में उतारने का फैसला स्थानीय राजनीति में चर्चा का बड़ा विषय बना हुआ है। भाजपा की ओर से सुषमा शर्मा उम्मीदवार हैं, जो इससे पहले भी इस वार्ड से पार्षद रह चुकी हैं। हालांकि लंबे समय तक पद पर रहने की वजह से उन्हें एंटी-इंकंबेंसी का भी सामना करना पड़ सकता है। वार्ड-2 को लंबे समय से कांग्रेस का गढ़ माना जाता रहा है। यही वजह है कि इस चुनाव को कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई के रूप में देखा जा रहा है। इस वार्ड से कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुभाष बरमानी का सीधा जुड़ाव है।

### निर्दलीयों ने बढ़ाई भाजपा की चिंता

**इस** बार चुनावी समीकरणों में निर्दलीय प्रत्याशियों की एंट्री ने मुकाबले को और जटिल बना दिया है। भाजपा से नाराज होकर शांता ठाकुर और रमेश बंसल उर्फ राजा भाई निर्दलीय मैदान में उतर आए हैं। दोनों की पृष्ठभूमि भाजपा से जुड़ी रही है, इसलिए माना जा रहा है कि इनका सबसे ज्यादा असर भाजपा के वोट बैंक पर पड़ सकता है।

***वार्ड-7 का रण रोमांचक मोड पर:*** सोलन नगर निगम चुनाव में वार्ड-7 का रण रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है। 1,948 मतदाताओं वाले इस वार्ड में निर्दलीय प्रत्याशियों की सक्रियता से मुख्य दलों भाजपा और कांग्रेस दोनों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। त्रिकोणीय से बहुकोणीय मुकाबले के आसार बन रहे हैं, जो चुनावी समीकरण को कभी भी पलट सकते हैं।

***कांग्रेस के लिए संकटमय स्थिति:*** कांग्रेस की मुश्किल तब बढ़ी जब रविंद्र कंवर पाल ने निर्दलीय मैदान में उतरने का ऐलान किया। पार्टी सूत्र बताते हैं कि उन्हें मनाने के प्रयास जारी हैं, लेकिन उनके कड़े रुख ने वोट बैंक में विभाजन की आशंका पैदा कर दी है। 2021 में इसी वार्ड पर कांग्रेस का कब्जा था, मगर अब जीत की राह कठिन लग रही है।

***भाजपा की राह में कांटे:*** भाजपा प्रत्याशी अशोक ठाकुर के सामने भी चुनौतियां हैं। निर्दलीय मनोज रघुवंशी, जो उसी क्षेत्र से हैं, वोटों में सेंध लगा सकते हैं। ऊपर से पूर्व पार्षद मुकेश वर्मा का निर्दलीय उतरना और बादल नाहर की टिकट न मिलने पर नाराजगी ने पार्टी को बैकफुट पर ला दिया है। नेतृत्व अब बागियों को मनाने की रणनीति बना रहा है।

# पेड़ गिरने से 33 केवी लाइन ठप कथेड़ में बिजली गुल, परेशानी

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन जिले के कथेड़ क्षेत्र में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। तेज हवा से एक पुराना पेड़ 33 केवी की मुख्य बिजली लाइन पर गिर पड़ा, जिससे सोलन से कथेड़ को जोड़ने वाली प्रमुख आपूर्ति लाइन पूरी तरह ठप हो गई। इससे कथेड़ और आसपास के कई गांवों-शहरों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घरों में अंधेरा छा गया और पानी की सप्लाई भी प्रभावित हुई।



जानकारी के मुताबिक, पेड़ अचानक गिरने से लाइन के तार टूट गए और खंभे को नुकसान पहुंचा। बिजली बोर्ड को तुरंत सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। सुरक्षा के मद्देनजर बिजली काट दी गई और मरम्मत कार्य शुरू हो गया। अधिकारियों ने बताया कि कार्य शाम तक पूरा हो जाएगा। क्षेत्रवासियों से अपील की है कि खराब मौसम में पेड़-पौधों पर नजर रखें। जंगल क्षेत्र होने से ऐसी घटनाएं आम हैं।

# सोलन में रविवार सुबह छाया अंधेरा आंधी-बारिश ने बिगाड़ा मौसम

अनंत ज्ञान

**सोलन।** मौसम की करवट से रविवार सुबह सवेरे ही सोलन जिले में घने काले बादलों ने आसमान घेर लिया। बादलों की जोरदार गर्जना के साथ तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई। आंधी-तूफान की वजह से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। सुबह करीब 8 बजे शुरू हुई बादलों की गर्जन के साथ बारिश हुई। इससे सड़कों पर जलभराव कर दिया और कई इलाकों में



बिजली गुल हो गई। वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में पेड़ उखड़ने की खबरें आने लगीं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ घंटों में बारिश जारी रहने की संभावना है। प्रशासन ने राहत कार्य शुरू कर दिए हैं और लोगों से घरों में रहने की अपील की है।

## सिरमौर में नगर निकाय चुनाव के लिए 92 नामांकन दर्ज

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला में नगर निकाय चुनाव के लिए कुल 92 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दर्ज किए है। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन नाहन नगर परिषद के लिए 12 उम्मीदवारों ने, जबकि नगर परिषद पांवटा साहिब में 18 उम्मीदवारों ने नामांकन दर्ज किए। उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने बताया कि सिरमौर जिला में तीन दिवसीय दिनों में नगर निकाय चुनाव के लिए कुल 92 नामांकन दर्ज हुए हैं, जिसमें से नगर परिषद नाहन के लिए 31, नगर परिषद पांवटा साहिब के लिए 40, जबकि नगर पंचायत राजगढ़ के लिए कुल 21 नामांकन दर्ज हुए है। उपायुक्त ने बताया कि 4 मई को नामांकन पत्रों की छंटनी की जाएगी। वहीं चुनाव न लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों को 6 मई के दिन 3 बजे से पहले अपना नामांकन वापस लेना होगा। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव प्रक्रिया के मद्देनजर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**सोलन नगर निगम चुनाव** | सोलन के वार्ड-6 में बढ़ा सियासी तापमान, भाजपा की रणनीति ने बटोरी सुर्खियां

# भाजपा का सोलन वार्ड-6 में नया दांव, रोहिणी सूद कवरिंग कैंडिडेट

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर निगम चुनाव का नामांकन पूरा होते ही वार्ड-6 सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरता नजर आ रहा है। 17 वार्डों वाले चुनावी मुकाबले में पहली बार किसी पार्षद सीट पर कवरिंग कैंडिडेट उतारे जाने से राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी ने मुख्य उम्मीदवार रेखा साहनी के साथ रोहिणी सूद को कवरिंग कैंडिडेट बनाकर नया चुनावी संदेश दिया है। शनिवार को रोहिणी सूद द्वारा नामांकन दाखिल किए जाने के बाद इस वार्ड का सियासी पारा और चढ़ गया। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि भाजपा ने वार्ड नंबर 6 में बेहद सोच-विचार के साथ रणनीतिक फैसला लिया है। रोहिणी सूद को आगे लाकर पार्टी ने यह संकेत दिया है कि इस सीट को लेकर संगठन पूरी तरह सजग है। भाजपा इस वार्ड को अहम मानते हुए कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती।

नामांकन के दौरान रोहिणी सूद के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष, चुनाव प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल, जिला अध्यक्ष रतन पाल, शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, भाजपा प्रत्याशी राजेश कश्यप सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नेताओं की उपस्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा इस वार्ड को लेकर गंभीर है और पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरी है। नामांकन स्थल पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। समर्थकों ने नारे लगाकर माहौल को जोशीला बना दिया। भाजपा पदाधिकारी इस दौरान जेन-जी तक पहुंच बनाने और उन्हें संगठन से जोड़ने के प्रयास में भी सक्रिय नजर आए। इसे भविष्य की राजनीति में नई पीढ़ी को स्थान देने की तैयारी माना जा रहा है।

### युवा प्रतिनिधित्व की अनदेखी आसान नहीं

**इस** चुनाव में एक और बात साफ तौर पर सामने आई है कि अब युवाओं की अनदेखी करना किसी भी दल के लिए आसान नहीं रहा। नई पीढ़ी अब सिर्फ समर्थन तक सीमित नहीं है, बल्कि नेतृत्व, भागीदारी और नई सोच के साथ राजनीति में अपनी जगह बना रही है। चुनावी समीकरणों में युवाओं की भूमिका लगातार मजबूत होती दिखाई दे रही है।



'आज के युवा समाज और राजनीति में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। नई पीढ़ी की सोच, ऊर्जा और सहभागिता विकास को नई दिशा दे सकती है। शीर्ष नेतृत्व का मार्गदर्शन और विश्वास मिला है, जिससे युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

**रोहिणी सूद**

### शहरी निकाय निर्वाचन के लिए कुल 158 नामांकन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शहरी निकाय निर्वाचन-2026 के अंतर्गत नामांकन प्रस्तुत करने के अंतिम दिन आज सोलन जिला में नगर निगम सोलन के लिए 33, नगर परिषद परवाणू के लिए 6, नगर परिषद नालागढ़ के लिए 8, नगर पंचायत अर्की के लिए 6 और नगर पंचायत कंडाघाट के लिए कुल 19 नामांकन प्राप्त हुए। 29 अप्रैल को 11, 30 अप्रैल को 75 तथा आज कुल 72 नामांकन प्राप्त हुए। नगर निगम सोलन के लिए कुल 55 नामांकन प्राप्त हुए हैं। नगर परिषद परवाणू के लिए कुल 25 नामांकन प्राप्त हुए हैं। नगर परिषद नालागढ़ के लिए कुल 27 नामांकन प्राप्त हुए हैं। नगर पंचायत अर्की के लिए कुल 19 नामांकन प्राप्त हुए हैं। नगर पंचायत कंडाघाट के लिए कुल 32 नामांकन प्राप्त हुए हैं। जिला सोलन के नगर निगम, नगर परिषदों तथा नगर पंचायतों में कुल 158 नामांकन प्राप्त हुए हैं। नामांकनों की छंटनी चार मई को की जाएगी। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम सोलन के वार्ड नंबर-1 देहूंघाट वार्ड से आज चंद्र कांता, निवासी मकान नंबर 433, गांव दिहूंघाट, सोलन ने नामांकन प्रस्तुत किया।

### ईडी ने तलाशी के दौरान लाखों की नकदी और कीमती सामान किया जब्त

# 2883 करोड़ के शराब घोटाले में छत्तीसगढ़ में 13 जगह रेड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

2883 करोड़ रुपए की आपराधिक आय वाले छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीएमएलए, 2002 के तहत 13 ठिकानों पर रेड की है। रेड वाले परिसर, शराब व्यापारियों, चार्टर्ड अकाउंटेंटों, व्यवसायियों और कॉर्पोरेट संस्थाओं से संबंधित हैं। इन पर उक्त घोटाले से प्राप्त अपराध की आय को प्राप्त करने, संभालने या छुपाने का संदेह है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की चल रही जांच के सिलसिले में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) की धारा 17 के तहत रायपुर,




दुर्ग/भिलाई और बिलासपुर जिले में छापेमारी की है। तलाशी के दौरान, आपत्तिजनक नकदी और कीमती सामान जब्त किया गया है। इसमें 53 लाख रुपये नकद और लगभग 3.234 किलोग्राम सोने के आभूषण (लगभग 4.86 करोड़ रुपये मूल्य के) की जब्ती शामिल है। कुल जब्ती लगभग 5.39 करोड़ रुपये

**◆ पूर्व सीएम के बेटे समेत कई हो चुके हैं गिरफ्तार**

की बताई गई है। आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण/डेटा भी बरामद किया गया है, जिनका विश्लेषण किया जा रहा है। ईडी ने आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू)/भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो (एसीबी), रायपुर द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर पीएमएलए, 2002 के तहत छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की जांच शुरु की है। ईओडब्ल्यू/एसीबी ने अपने आरोपपत्रों में अब तक इस घोटाले के माध्यम से अर्जित अपराध की कुल धनराशि लगभग 2,883 करोड़ रुपए आंकी है। (अनंत ज्ञान)

**मामले में अब तक ये लोग हुए गिरफ्तार**

**जांच** के दौरान ईडी ने पीएमएलए, 2002 की धारा 19 के तहत अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी, सीएसएमसीएल के तत्कालीन एमडी, तत्कालीन आबकारी आयुक्त, तत्कालीन आबकारी मंत्री, तत्कालीन मुख्यमंत्री के पुत्र और तत्कालीन मुख्यमंत्री के उप सचिव सहित अन्य लोग शामिल हैं। जांच कई पहलुओं पर आगे बढ़ी है, जिनमें शराब बनाने वाले, नकदी संभालने वाले, हवाला के बिचौलिए, एफएल-10ए लाइसेंसधारक और राजनीतिक सहयोगी शामिल हैं।

## राजस्थान में तेज आंधी और बारिश से तीन लोगों की मौत



**एजेंसी, जयपुर।** राजस्थान के जयपुर और आसपास के इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। शनिवार को जयपुर, टोंक और अजमेर में 3 लोगों की आंधी-बारिश से मौत हो गई। उत्तराखंड के देहरादून में सुबह से तेज बारिश हो रही है। बारिश से पहले पूरा शहर काले घने बादलों से घिर गया। इससे दिन में शाम जैसा माहौल हो गया। हरियाणा के अंबाला में भी बारिश हुई, जिससे कई कॉलोनियों में पानी भर गया है। देश के कई शहरों में अब भी हीटवेव की स्थिति है। महाराष्ट्र का वर्धा 44.5 डिग्री तापमान के साथ देश में सबसे सबसे गर्म रहा। चंद्रपुर में 44.4 डिग्री पारा रहा। राजस्थान के जैसलमेर में 44.4 डिग्री और बाड़मेर में 44.3 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। (अनंत ज्ञान)

# ग्रेट निकोबार परियोजना पर कांग्रेस ने फिर उठाए सवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने ग्रेट निकोबार द्वीप विकास परियोजना को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे जुड़े पर्यावरणीय, सामाजिक और पारदर्शिता संबंधी मुद्दों पर सरकार जवाब देने से बच रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि 28 अप्रैल को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ग्रेट निकोबार यात्रा के बाद सरकार ने प्रेस बयान जारी कर ध्यान भटकाने का प्रयास किया।



जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जारी विस्तृत बयान में कहा कि सरकार द्वारा 01 मई को जारी प्रेस नोट में उन गंभीर चिंताओं का समाधान नहीं किया गया है, जो पहले से ही स्थानीय समुदायों, पर्यावरणविदों, मानवविज्ञानियों और विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा उठाई जा चुकी हैं। इन मुद्दों को लेकर उन्होंने स्वयं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री को सितंबर 2024 में पत्र लिखकर अवगत कराया था। रमेश ने कहा कि यह द्वीप जैव विविधता के दृष्टिकोण से अत्यंत संवेदनशील और विशिष्ट है। पिछले पांच वर्षों में यहां लगभग 50 नई प्रजातियों की पहचान की गई है, जिनमें पक्षी, सरीसृप और समुद्री जीव शामिल हैं। प्रस्तावित परियोजना स्थल गैलाथिया खाड़ी तटीय विनियमन क्षेत्र-1ए के अंतर्गत आता है, जहां बंदरगाह निर्माण की अनुमति नहीं होती। इस क्षेत्र में 20,000 से अधिक प्रवाल संरचनाएं मौजूद हैं और यह उत्तरी हिंद महासागर में विशाल लेदरबैक कछुओं के प्रजनन का प्रमुख स्थल माना जाता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पर्यावरणीय मंजूरी प्रक्रिया में शामिल संस्थानों की भूमिका पर भी प्रश्न उठते हैं। वन्यजीव संस्थान और प्राणी सर्वेक्षण जैसे संस्थानों को परियोजना से जुड़े अध्ययन और निगरानी कार्य दिए गए, जबकि इन्हीं संस्थानों की भूमिका मंजूरी प्रक्रिया में भी रही है, जिससे हितों के टकराव की स्थिति बनती है। कुछ स्वतंत्र संस्थानों को, जिन्होंने परियोजना पर आलोचनात्मक रुख अपनाया था, उन्हें प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया। (अनंत ज्ञान)

# मोदी सरकार के 11 वर्ष पर 'विकसित पुस्तक भारत का अमृतकाल' का विमोचन

**एजेंसी, लखनऊ**

राजधानी में लेखिका डॉ. शिवानी कटारा की पुस्तक 'विकसित भारत का अमृतकाल' का विमोचन राजनीतिक और बौद्धिक हलकों के बीच चर्चा का केंद्र बना रहा। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने पुस्तक विमोचन करते हुए इसे देश की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण दस्तावेज बताया।

लेखिका डॉ. शिवानी कटारा ने पुस्तक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्ष में हुए नीतिगत बदलाव, आर्थिक सुधार, सामाजिक योजनाओं और वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती साख का विस्तृत और तथ्यात्मक विश्लेषण किया है। पुस्तक को एक तरह से 'नए भारत' के परिवर्तन की कथा के रूप में देखा जा रहा है।



लोकार्पण समारोह में विधान परिषद सदस्य गोविंद नारायण शुक्ला, राज्यसभा सांसद नवीन जैन, भाजपा कार्यालय प्रमुख भारत दीक्षित, प्रदेश मंत्री शिव भूषण और पूर्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री शिव कुमार पाठक की मौजूदगी ने कार्यक्रम को विशेष आयाम दिया। वक्ताओं ने कहा कि यह पुस्तक न केवल बीते दशक की उपलब्धियों को समेटती है, बल्कि 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को भी स्पष्ट दिशा देती है।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि यह कृति आमजन, छात्रों और शोधार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी। साथ ही इसे जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत पर बल दिया गया,ताकि लोग देश की विकास यात्रा को समझ सकें। (अनंत ज्ञान)

# क्रूज हादसे में कुल 13 मौतें चाचा-भतीजे के शव भी मिले

**एजेंसी, जबलपुर**

बरगी बांध से रविवार को कामराज और उनके भतीजे मयूरन के शव निकाले गए। 'यह एक्सीडेंट नहीं, मर्डर है... हमें रेमेडी (मुआवजा) नहीं, जस्टिस चाहिए। इसके लिए सारा का सारा एमपी टूरिज्म डिपार्टमेंट रिस्पॉन्सबल है। अभी तक कितने ऑफिसर अरेस्ट किए गए, कितने सस्पेंड किए गए? बोट ऑपरेटर कहां है? उसे अरेस्ट क्यों नहीं किया गया?' यह आक्रोश है क्रूज हादसे में जान गंवाने वाले कामराज के दोस्त और सहकर्मी का। उन्होंने सीधे तौर पर टूरिज्म डिपार्टमेंट को कटघरे में खड़ा किया और अफसरों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। उनका कहना था कि कामराज की सैलरी 1 लाख रुपए थी, ऐसे में सहायता राशि से नुकसान की भरपाई संभव नहीं है। एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हुई है, जब तक दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक न्याय अधूरा रहेगा। रविवार सुबह 9.40 बजे कामराज आर. का शव निकाला गया। इससे पहले सुबह करीब 6 बजे उनके 8 साल के भतीजे मयूरन की डेडबॉडी मिली थी। वह त्रिची (तमिलनाडु) से आया था।

हादसे में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है। इससे पहले शनिवार शाम 6 बजे दो बच्चों के शव मिले थे। इनमें से एक की पहचान श्रीतमिल पिता कामराज (5) और दूसरे की विराज पिता कृष्ण सोनी (5) के रूप में हुई थी। हादसे के पहले दिन (30 अप्रैल) 4 शव, दूसरे दिन 5, तीसरे दिन 2 और आज चौथे दिन दो शव मिले। मृतकों में 4 बच्चे और 8 महिलाएं शामिल हैं। सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि एहतियात के तौर पर आज दिनभर सर्चिंग अभियान चलाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)


# जमैका पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर, शीर्ष नेतृत्व-भारतीय समुदाय से करेंगे मुलाकात

## सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबैगो की भी यात्रा करेंगे, 10 मई तक रहेंगे विदेश

**एजेंसी, किंग्स्टन**

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर जमैका की राजधानी किंग्स्टन पहुंच गए, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने जमैका की विदेश मंत्री कामिना जॉनसन स्मिथ के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि वह जमैका की अपनी पहली यात्रा पर मिले स्वागत से अभिभूत हैं।

अगले दो दिनों में वह जमैका के शीर्ष नेतृत्व, व्यापारिक समुदाय और भारतीय मूल के लोगों से संवाद करेंगे। किंग्स्टन में उनके आगमन पर भारतीय मूल के लोगों और बच्चों ने विशेष रूप से उनका स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि



विदेश मंत्री का यह दो दिनों का दौरा है, जिसके दौरान विदेश मंत्री जमैका के वरिष्ठ नेताओं, व्यापारिक प्रतिनिधियों और भारतीय समुदाय से मुलाकात करेंगे।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह यात्रा व्यापक कैरेबियाई दौरे का हिस्सा है। डॉ. जयशंकर जमैका के अलावा सूरीनाम तथा त्रिनिदाद और टोबैगो की भी आधिकारिक यात्रा पर हैं। यह दौरा 10 मई तक चलेगा।

इस दौरान विदेश मंत्री तीनों देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात करेंगे। इन बैठकों में द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं के साथ-साथ पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होगी। (अनंत ज्ञान)

# पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट ने लगाया 214वां भंडारा



**अनंत ज्ञान**

**पंचकूला।** ज्येष्ठ कृष्ण प्रतिपदा के पावन अवसर पर नारद जयंती (देव-ऋषि नारद का जन्म दिवस) श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अपना 214वां अन्न भंडारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पंचकूला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1 में ट्रस्ट के संस्थापक एवं समाजसेवी अमिताभ रूंगटा के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

अमिताभ रूंगटा ने नारद जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देव-ऋषि नारद ज्ञान, भक्ति और सेवा के प्रतीक हैं। उनके जीवन से हमें समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने और मानवता की सेवा करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में इस प्रकार के आयोजन समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाते हैं। अन्न भंडारा केवल भोजन वितरण का माध्यम नहीं, बल्कि मानवता, करुणा और सेवा का सशक्त उदाहरण है। भंडारे के दौरान ट्रस्ट के सभी सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### चंडीगढ़ में धार्मिक आयोजन संपन्न, जय बावा लाल के जयघोष से गूंजा परिसर

# महंत राम सुंदर दास ने दिया भक्तों को आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान**

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर 40ए स्थित लाल द्वारा मंदिर में बावा लाल दयाल महाराज के भजनों और नाम दीक्षा समागम के दौरान भक्ति का विशेष वातावरण देखने को मिला। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने लगी थी और जैसे ही ध्यानपुर आश्रम के गद्दीनशीन महंत श्री राम सुंदर दास महाराज का आगमन हुआ, पूरा परिसर 'जय बावा लाल जी' के जयघोष से गूंज उठा।

यह आयोजन 33वें वार्षिक समागम के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महंत श्री राम सुंदर दास महाराज ने इस अवसर पर कहा कि बावा लाल दयाल महाराज की श्रद्धापूर्वक पूजा करने से भक्तों की मन्नतें पूरी होती हैं और जीवन में सुख-शांति तथा उन्नति प्राप्त होती है। उन्होंने यह भी कहा कि धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं



और मोक्ष की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रभु सिमरन आवश्यक है। समारोह के दौरान लगभग 20 श्रद्धालुओं को नाम दीक्षा दी गई, जिसके बाद अन्य भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया गया। कार्यक्रम में लाल द्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव दिनेश गुप्ता और अन्य पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। उन्होंने संतों का आशीर्वाद लेते हुए समाज और देश की सुख-समृद्धि की कामना की।

कमेटी के अनुसार, महंत श्री राम सुंदर दास महाराज हर वर्ष इस आयोजन में शामिल होते हैं और भक्तों को नाम दीक्षा देते हैं। इस दौरान प्रसिद्ध भजन गायक बब्बू चावला ने भक्ति संगीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। समारोह में चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला सहित आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे पूरा आयोजन भक्ति और श्रद्धा के माहौल में संपन्न हुआ।

# पंजाब पुलिस अब एआई की मदद से वॉइस रिकगनाइजेशन सिस्टम के जरिये अपराधियों की करेगी पहचान: बलतेज पन्नू

**अनंत ज्ञान**

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के स्टेट मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा राज्य में कानून-व्यवस्था और नशा मुक्ति के लिए उठाए जा रहे क्रांतिकारी कदमों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के तहत पंजाब में युद्ध नशयां विरुद्ध'' और 'गैंगस्टरों पर वार' मुहिम पूरी प्रतिबद्धता के साथ चलाई जा रही है। गैंगस्टरों पर शिकंजा मजबूत करने के लिए पंजाब पुलिस की तकनीकी प्रगति पर चर्चा करते हुए पन्नू ने कहा कि हमारी पुलिस अब पूरी तरह हाई-टेक हो चुकी है। अब गैंगस्टरों पर शिकंजा कसने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद ली जा रही है। पंजाब पुलिस ने एक अत्याधुनिक 'वॉइस बैंक' तैयार किया है जिसमें 84,000 से ज्यादा दोषियों और संदिग्धों के वॉइस सैंपल लिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि हाल ही में शम्भू धमाके के मॉड्यूल का



**◆ कहा- पुलिस ने दुनियाभर में बैठे 3.90 लाख से ज्यादा दोषियों का बनाया डाटाबेस**

पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिन्होंने पुराने धमाकों में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। ये सब गिरफ्तारियां इसी तकनीक की मदद से संभव हुई हैं। पन्नू ने बताया कि पंजाब पुलिस के पास अब दुनिया भर में सक्रिय लगभग 3 लाख 90 हजार से अधिक अपराधियों का विशाल डेटाबेस उपलब्ध है। वॉइस रिकगनाइजेशन सिस्टम की मदद से अब अपराधियों की पहचान और उनके ठिकानों का पता महज कुछ ही मिनटों में लगा लिया जाएगा। पन्नू ने कहा कि पंजाब की शांति भंग करने की कोशिश करने वाला अब बच नहीं पाएगा। सूबे की हाई-टेक पुलिस इस एडवांस टेक्नोलॉजी की मदद से हर अपराधी को पाताल से भी ढूंढ निकालेगी। नशे और गैंगस्टरवाद के खिलाफ आप सरकार की मुहिम का जिक्र करते हुए बलतेज पन्नू ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा 'युद्ध नशयां विरुद्ध' मुहिम पिछले 427 दिनों से निरंतर जारी है। इस अभियान के तहत न केवल भारी मात्रा में नशीले पदार्थ जब्त किए जा रहे हैं, बल्कि नशों के सौदागरों की कमर भी तोड़ी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन लोगों ने नशे की काली कमाई से आलीशान महल खड़े किए हैं, उन पर सरकार का 'पीला पंजा' (बुलडोजर) लगातार चल रहा है। यह मुहिम तब तक नहीं रुकेगी जब तक पंजाब की धरती से नशे का पूरी तरह खात्मा नहीं हो जाता।

# भ्रष्टाचार में धंसे पंजाब के 'आप' विधायक: नायब सैनी

## रोपड़ में ओबीसी सम्मेलन के दौरान 'आप' सरकार पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान**

**रोपड़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को रोपड़ में आयोजित 'ओबीसी सम्मेलन' के दौरान पंजाब की आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने राज्य की वर्तमान स्थिति को चिंताजनक बताते हुए कहा कि पंजाब की जनता अब भ्रष्टाचार और कुशासन से मुक्ति चाहती है। मुख्यमंत्री सैनी ने सीधा हमला बोलते हुए कहा कि पंजाब में 'आप' के विधायक भ्रष्टाचार के दलदल में धंसे हुए हैं, जिससे राज्य का विकास पूरी तरह ठप हो गया है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में जनता इन भ्रष्ट जनप्रतिनिधियों को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी। सैनी ने जोर देकर कहा कि अब डराने-धमकाने और विपक्षी नेताओं पर झूठे केस दर्ज करने वाली राजनीति का अंत होने वाला है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान पर तंज कसते हुए सैनी ने कहा कि सरकार सिर्फ चुटकुले सुनाकर नहीं चलाई जा सकती। उन्होंने पंजाब के ज्वलंत मुद्दों पर चिंता व्यक्त की। बोले कि पंजाब



का युवा लगातार नशे की दलदल में फंसता जा रहा है। राज्य में सरेआम फिरौतियां मांगी जा रही हैं, जिससे असुरक्षित महसूस कर रहे उद्योग दूसरे राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं। पंजाब के किसानों को न तो फसलों पर सही रस्क मिल रहा है और न ही गांवों में बुनियादी ढांचा सुदृढ़ है।

कांग्रेस पर प्रहार करते हुए नायब सैनी ने कहा कि दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ने ओबीसी समाज को उनके अधिकारों से वंचित रखा और उन्हें केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। इसके विपरीत, उन्होंने हरियाणा की जनकल्याणकारी योजनाओं का हवाला देते हुए वादा किया कि भाजपा पंजाब में भी समान विकास और ईमानदार शासन सुनिश्चित करेगी। दोनों राज्यों के बीच गहरे संबंधों का जिक्र करते हुए सैनी ने कहा कि पंजाब और हरियाणा का रिश्ता 'नाखून और मांस' जैसा अटूट है। उन्होंने कहा, 'हमारी संस्कृति और गुरुओं की वाणी एक है।' उन्होंने जनता से अपील की कि पंजाब के उज्ज्वल भविष्य और विकास की रफ्तार को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए भाजपा का समर्थन करें।

# पंजाब में ही मिलेगा रोजगार, विदेश जाने की नहीं जरूरत: मान

## मुख्यमंत्री का बड़ा दावा: 65 हजार से ज्यादा युवाओं को दी नौकरियां, विकास की रफ्तार को किया तेज

**अनंत ज्ञान**

**गुरनाम सागर, मोहाली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा है कि अब राज्य के युवाओं को रोजगार की तलाश में विदेश जाने की जरूरत नहीं रह गई है, क्योंकि सरकार पंजाब में ही बड़े पैमाने पर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर तैयार कर रही है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नौकरी ढूंढने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनें।

सेनेटा गांव में आयोजित लोक मिलनी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ऐसा माहौल बना रही है, जहां युवा सरकारी सहयोग से अपने स्टार्टअप और छोटे उद्योग शुरू कर सकें। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार ने पिछले चार वर्षों में न केवल अपने सभी वादे पूरे किए हैं, बल्कि कई क्षेत्रों में उससे अधिक काम भी किया है। मुख्यमंत्री मान ने पिछली अकाली और कांग्रेस सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे हमेशा यह कहकर अपनी जिम्मेदारियों से बचती थीं कि राज्य



**हर वादे को जमीनी स्तर पर किया जा रहा लागू**

**मुख्यमंत्री** भगवंत सिंह मान ने कहा कि उनकी सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि हर वादे को जमीनी स्तर पर लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य हर युवा को अवसर देना, हर किसान को राहत पहुंचाना और हर परिवार को बेहतर जीवन उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के विकास की यात्रा अब रुकने वाली नहीं है और आने वाले समय में राज्य देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। उन्होंने लोगों से सरकार के प्रयासों में सहयोग करने की अपील की ताकि एक मजबूत, आत्मनिर्भर और खुशहाल पंजाब का निर्माण किया जा सके।

का खजाना खाली है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने कभी संसाधनों की कमी का बहाना नहीं बनाया, बल्कि ईमानदार नीयत और मजबूत निर्णय क्षमता के साथ काम किया है। उनके अनुसार असली समस्या व्यवस्था में नहीं, बल्कि पुरानी सरकारों की राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी में थी।

मान ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि उनके पास सरकार की आलोचना के लिए कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वे झूठे और व्यक्तिगत आरोप लगाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष राज्य के विकास कार्यों को देखकर परेशान है और इसी कारण लगातार नकारात्मक राजनीति कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार जनता के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और राज्य में विकास की रफ्तार पहले से कहीं तेज हुई है। उन्होंने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में कई सुधार किए गए हैं, जिससे आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब सरकार ने अब तक 65,000 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं, जो पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया का परिणाम है। इसके साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए दिन में 8 घंटे से अधिक बिजली आपूर्ति दी जा रही है, जिससे कृषि कार्यों में सुधार हुआ है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 300 यूनिट मुफ्त बिजली योजना भी लागू की गई है, जिससे लाखों परिवारों को राहत मिली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जनता के टैक्स के पैसे का उपयोग पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कर रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पंजाब को फिर से 'रंगला पंजाब' बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और विकास के पिछले कई दशकों के अंतर को तेजी से पाटा जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र पर जोर देते हुए मान ने कहा कि उनकी सरकार मानती है कि शिक्षा ही गरीबी और सामाजिक बुराइयों से बाहर निकलने का सबसे मजबूत माध्यम है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्कूलों और शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं ताकि गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों को बेहतर अवसर मिल सकें।

मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि उन्होंने लंबे समय तक सत्ता में रहकर राज्य के संसाधनों का दुरुपयोग किया और अपने निजी व पारिवारिक हितों को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि इसी कारण पंजाब विकास की दौड़ में पीछे रह गया था। उन्होंने यह भी कहा कि आज विपक्षी दल एकजुट होकर सरकार के खिलाफ झूठा प्रचार कर रहे हैं, लेकिन जनता अब जागरूक है और ऐसे प्रयासों से प्रभावित नहीं होगी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### एमएस धोनी की विकेटकीपिंग और समझ को अश्विन ने बताया बेमिसाल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की विकेटकीपिंग और खेल समझ की जमकर सराहना की है। उन्होंने कहा कि उन्होंने स्पिन गेंदबाजी के दौरान विकेट के पीछे धोनी जैसा प्रभावी विकेटकीपर किसी और को नहीं देखा। अश्विन ने जियोस्टार से बातचीत में कहा कि धोनी की कप्तानी और उपलब्धियां अक्सर चर्चा में रहती हैं, और वह स्वाभाविक रूप से महान हैं, लेकिन उनके लिए धोनी की दो खास खूबियां सबसे अलग हैं। पहली, उनकी बल्लेबाजी क्षमता, खासकर मध्य क्रम में खेल को संभालते हुए मैच को अंत तक ले जाने और टीम को जीत दिलाने की क्षमता। दूसरी और सबसे महत्वपूर्ण, अश्विन के अनुसार, उनकी विकेटकीपिंग है। उन्होंने कहा कि स्पिनरों के खिलाफ विकेट के पीछे धोनी की समझ, स्थिति के अनुसार फील्ड सेट करना और गेंद को पढ़ने की क्षमता असाधारण थी। अश्विन ने कहा कि उन्होंने अपने पूरे करियर में ऐसा संयोजन–तेज सोच, सटीक प्रतिक्रिया और रणनीतिक समझ–किसी अन्य विकेटकीपर में नहीं देखा। अश्विन और धोनी ने भारतीय टीम और इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए लंबे समय तक एक साथ खेला है। (अनंत ज्ञान)

### युवा खिलाड़ी मानस एटीपी चैलेंजर फाइनल में हारकर खिताब से चूके

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के युवा खिलाड़ी मानस धामने अपने पहले एटीपी चैलेंजर एकल फाइनल में खिताब जीतने से चूक गए और उन्हें रविवार को कजाकिस्तान के शिमकेंट में खेले गए एक कड़े मुकाबले में बेल्जियम के बुवैसर गदामौरी से हार का सामना करना पड़ा। इस 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने दो घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में 6-7(8), 4-6 से हारने से पहले अपनी प्रतिद्वंद्वी के सामने कड़ी चुनौती पेश की। धामने ने पहले सेट में अपने अधिक अनुभवी प्रतिद्वंद्वी को टाई-ब्रेक तक खींच लिया और यहां तक कि सेट प्वाइंट भी हासिल किया लेकिन गदामौरी 10-8 से जीत दर्ज करने में सफल रहे। भारतीय खिलाड़ी दूसरे सेट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाया और बेल्जियम के खिलाड़ी ने निर्णायक बढ़त हासिल करके खिताब अपने नाम कर दिया। फाइनल में हार के बावजूद धामने का प्रदर्शन अच्छा रहा और वह पहली बार शीर्ष 400 में जगह बनाने के लिए तैयार हैं। वह सोमवार को जारी होने वाली नई रैंकिंग में संभवतः अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 384वें स्थान पर पहुंच जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### विनेश फोगाट ने जताई गोंडा टूर्नामेंट की निष्पक्षता को लेकर जताई चिंता

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सीनियर महिला पहलवान विनेश फोगाट ने गोंडा में होने वाले राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। लगभग 18 महीने बाद प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी कर रहीं विनेश ने आशंका जताई है कि प्रतियोगिता में रेफरी चयन, अंक निर्धारण और अन्य तकनीकी फैसलों में पक्षपात हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस स्थान पर आयोजन हो रहा है, वहां पूर्व कुश्ती संघ प्रमुख एवं नेता बृज भूषण शरण सिंह का प्रभाव माना जाता है, जिससे निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है। विनेश फोगाट ने कहा कि वह देश के लिए पदक जीतने की इच्छा के साथ वापसी कर रही हैं, लेकिन मौजूदा माहौल में मानसिक दबाव महसूस कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और खेल मंत्रालय स्थिति को सुधारने में निष्क्रिय रहे हैं। विनेश ने यह भी चेतावनी दी कि यदि प्रतियोगिता के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। उन्होंने मीडिया और खेल जगत से अपील की कि वे मौके पर मौजूद रहकर प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करें। (अनंत ज्ञान)

### एना मारिया की दुनिया दीवानी

**क्रोएशियाई** फुटबॉलर एना मारिया मार्कोविक को दुनिया की सबसे खूबसूरत फुटबॉलर माना जाता है। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग भी 2.3 मिलियन है। हालांकि, एना मार्कोविक खुद को दुनिया की सबसे खूबसूरत फुटबॉलर नहीं मानती हैं।



**आईपीएल** प्लेऑफ की उम्मीदें बचाने के लिए उतरेगी मुंबई इंडियंस की टीम

# हार्दिक और सूर्यकुमार पर होगी नजर

**एजेंसी, मुंबई**

मुंबई इंडियंस को यदि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अगर मगर की कठिन डगर की उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो सबसे निचले पायदान पर काबिज लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मुकाबले में उसके कप्तान हार्दिक पंड्या और प्रमुख बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पंड्या (146 रन और चार विकेट) और सूर्यकुमार (186) का अब तक का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है, जिससे मुंबई को काफी नुकसान हुआ है। विशेषकर तब जबकि पूर्व कप्तान रोहित शर्मा हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण नहीं खेल पा रहे हैं। वह हालांकि अब वापसी की राह पर हैं। पांच बार की आईपीएल विजेता मुंबई इंडियंस नौ मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। उसकी आईपीएल प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं। मुंबई को अगर मगर से क्वालीफाई करने की उम्मीद बनाए रखने के लिए अपने बाकी बचे सभी मैच जीतने होंगे और साथ ही अन्य टीम के परिणाम भी अपने अनुकूल रहने के लिए प्रार्थना करनी होगी। उसके प्रमुख खिलाड़ी अभी तक अच्छा



प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। मुंबई के खराब प्रदर्शन से हार्दिक की कप्तानी भी सवालों के घेरे में आ गई है। रणनीति के मामले में वह पूरी तरह नाकाम रहे हैं।

मुंबई के बल्लेबाज एकजुट होकर प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जबकि हार्दिक का बल्ले और गेंद दोनों से साधारण प्रदर्शन रहा है। गेंदबाजी में हार्दिक का प्रदर्शन उतार–चढ़ाव भरा रहा है, लेकिन उनकी बल्लेबाजी में काफी सुधार की जरूरत है। सूर्यकुमार अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में तब्दील करने में नाकाम रहे हैं, जो वास्तव में चिंता का विषय है क्योंकि अब वह पहले की तरह गेंदबाजों पर हावी नहीं हो पा रहे हैं। भारत की टी20 टीम के कप्तान ने 2025 में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था। उन्होंने 2026 की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उनका बल्ला नहीं चल पाया। वह न तो पूरी तरह से फॉर्म से बाहर नजर आ रहे हैं और ना ही वह क्रीज पर लंबा समय बिता पाए हैं। मुंबई इंडियंस और एलएसजी का इस सत्र में प्रदर्शन एक जैसा रहा है। यह दोनों ही टीमें बल्लेबाजों की सामूहिक विफलता से जूझ रही हैं, जिसने अंतिम चार में पहुंचने की उनकी संभावनाओं को काफी हद तक धूमिल कर दिया है। एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, शेरफेन रदरफोर्ड, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, शार्दुल ठाकुर, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, कृष भगत, केशव महाराज, मयंक मारकंडे, मोहम्मद इज़हार, रघु शर्मा।

**लखनऊ सुपर जाइंट्स:** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), अब्दुल समद, अक्षत रघुवंशी, आयुष बडोनी, मुकुल चौधरी, हिम्मत सिंह, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), एडेन मार्क्रम, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), अर्शिन कुलकर्णी, जॉर्ज लिंडे, मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश सिंह, अवेश खान, मोहम्मद शमी, मोहसिन खान, एनरिक नोर्किया, प्रिंस यादव, दिग्वेश राठी, मणिमारन सिद्धार्थ, अर्जुन तेंदुलकर, नमन तिवारी, मयंक यादव।

## कोलकाता की लगातार तीसरी जीत हैदराबाद को सात विकेट से दी मात



**एजेंसी, हैदराबाद**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल 2026 के मुकाबले में सात विकेट से हराया। केकेआर ने इस तरह प्लेऑफ की उम्मीदों को जीवंत रखा है। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में 165 रन बनाए थे। जवाब में केकेआर के लिए अंगकृष रघुवंशी ने अर्धशतक लगाया और कप्तान रहाणे के साथ मिलकर शानदार साझेदारी की जिससे टीम ने 18.2 ओवर में तीन विकेट पर 169 रन बनाकर मैच जीता।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर के लिए फिन एलेन ने 29 रन बनाए। पहला झटका लगने के बाद रहाणे और रघुवंशी ने दूसरे विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी की। रहाणे हालांकि, अर्धशतक पूरा नहीं कर सके और 36 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रघुवंशी भी अपना विकेट गंवा बैठे। रघुवंशी ने 47 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 59 रन बनाए। इसके बाद रिंकू सिंह और कैमरन ग्रीन ने मैच फिनिश किया। रिंकू 11 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 22 रन बनाए, जबकि ग्रीन तीन रन बनाकर नाबाद लौटे। हैदराबाद के लिए पैट कमिंस, शिवांग कुमार और साकिब हुसैन को एक–एक विकेट मिला। (अनंत ज्ञान)

## कार्तिक की तारीफ में रुतुराज गायकवाड़ बोले–उसमें हर परिस्थिति में ढलने की है काबिलियत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने युवा बल्लेबाज कार्तिक शर्मा की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि कार्तिक में हर परिस्थिति के अनुसार खुद को ढालने की काबिलियत है, जो टीम के लिए बेहद अहम है। गायकवाड़ के अनुसार, वह केवल बड़े शॉट खेलने वाले बल्लेबाज ही नहीं हैं, बल्कि समझदारी से खेलते हुए टीम को संतुलन भी देते हैं।

इंडियन प्रीमियर लीग के 44वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को आठ विकेट से हराया। इस मैच में 20 वर्षीय कार्तिक शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 40 गेंदों में नाबाद 54 रन बनाए, जिसमें चार चौके और तीन छक्के शामिल थे। यह उनकी आईपीएल में पहली अर्धशतकीय पारी रही। कप्तान गायकवाड़ ने भी 67 रन बनाकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। मैच के बाद गायकवाड़ ने कहा कि टीम ने पावरप्ले के बाद खेल पर नियंत्रण बना लिया और तय रणनीति के तहत लक्ष्य हासिल किया। उन्होंने बताया that नंबर चार पर कार्तिक की मौजूदगी टीम को मजबूती देती है, क्योंकि वह तेज गेंदबाजों और स्पिन दोनों के खिलाफ प्रभावी खेल दिखाते हैं।

कार्तिक शर्मा ने कहा कि उनका लक्ष्य अंत तक टिके रहकर टीम को जीत दिलाना था और उन्होंने उसी योजना के तहत बल्लेबाजी की। (अनंत ज्ञान)

## थॉमस कप के सेमीफाइनल में भारत को मिली हार

### फ्रांस ने 3–0 से दी शिकस्त, पहली बार पहुंचा थॉमस कप के फाइनल में

**एजेंसी, नई दिल्ली**

थॉमस कप 2026 के सेमीफाइनल में भारत और फ्रांस के बीच खेला गया हाई–वोल्टेज ड्रामे की तरह था। डेनमार्क के फोरम हॉर्सेंस एरिना में खेले गए मैच का माहौल भारतीय और फ्रांसीसी प्रशंसकों के जोश ने रोमांचक बना दिया था। अंतिम स्कोर 0–3 रहा और भारत टूर्नामेंट से बाहर हो गया, लेकिन यह आंकड़ा मैच की वास्तविक प्रतिस्पर्धा को पूरी तरह नहीं दर्शाता। मुकाबले के दौरान कई ऐसे क्षण आए जब भारतीय खिलाड़ियों ने फ्रांस को दबाव में डाला और वापसी की उम्मीद जगाई। फिर भी, निर्णायक मौकों पर फ्रांसीसी खिलाड़ियों ने संयम और सटीकता दिखाते हुए मैच अपने पक्ष में कर लिया।

इस जीत के साथ फ्रांस ने पहली बार थॉमस कप के फाइनल में जगह बनाई। फ्रांस की सफलता के मुख्य सूत्रधार रहे टोमा जूनियर पोपोव और क्रिस्टो पोपोव भाइयों ने न केवल शानदार खेल दिखाया, बल्कि रणनीतिक रूप से भी भारतीय टीम को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने एकल और डबल्स दोनों में भाग लेते हुए टीम को संतुलन दिया, और मैच क्रम इस तरह तय किया गया कि उन्हें पर्याप्त आराम मिल सके। (अनंत ज्ञान)



**डबल्स खेलने का मौका नहीं मिला**

**भारत** के लिए निराशाजनक पहलू यह रहा कि डबल्स मैच खेलने का अवसर ही नहीं मिला, जो उनकी संभावित ताकत हो सकती थी। फ्रांस ने अपने अवसरों का पूरा लाभ उठाकर इतिहास रच दिया। जीत के साथ फ्रांस ने फाइनल में जगह बनाई, जबकि हार के बाद भारतीय टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ेगा।

**लक्ष्य सेन नहीं खेल पाए मुकाबला**

**भारत** के लिए सबसे बड़ा झटका था लक्ष्य सेन का चोट के कारण बाहर होना। उनकी अनुपस्थिति ने टीम संयोजन को प्रभावित किया। पहले सिंगल्स में आयुष शेट्टी को उतारा गया, लेकिन वे दबाव को संभाल नहीं पाए और क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ सीधे गेम में हार गए।

**श्रीकांत ने दी टक्कर, पर हारे**

**दूसरे** सिंगल्स में किदांबी श्रीकांत ने अनुभव का बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने एलेक्स लैनियर को कड़ी टक्कर दी और कई मौकों पर बढ़त भी बनाई। हालांकि, अहम क्षणों में सटीकता की कमी के कारण वे मैच गंवा बैठे। तीसरे सिंगल्स में एचएस प्रणय ने जबरदस्त संघर्ष किया। उन्होंने शुरुआती बढ़त हासिल की, लेकिन टोमा जूनियर पोपोव ने अपनी गति और नियंत्रण से मैच पलट दिया। प्रणय की कुछ अनफोर्स्ड एरर निर्णायक साबित हुईं।

## 5वीं राष्ट्रीय व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप शुरू

### जैकी श्रॉफ ने किया शुभारंभ, खिलाड़ियों के जज्बे को सराहा, 10 तक चलेगा रोमांच

**एजेंसी, ग्रेटर नोएडा**

व्हीलचेयर क्रिकेट इंडिया एसोसिएशन (डब्ल्यूसीआईए) की आयोजित 5वीं राष्ट्रीय व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप 2026 का शुभारंभ हो गया है। ग्रेटर नोएडा स्थित शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मशहूर फिल्म अभिनेता जैकी श्रॉफ ने चैंपियनशिप का आधिकारिक तौर पर उद्घाटन किया। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 10 मई तक चलेगा। इसमें पूरे देश की शीर्ष टीमें एक रोमांचक 'सुपर 5' ग्रैंड फाइनल फ़ॉर्मेट में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जो भारत में व्हीलचेयर क्रिकेट के उच्चतम स्तर को प्रदर्शित करेगा।



उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए अभिनेता जैकी श्रॉफ ने खिलाड़ियों के जुनून और दृढ़ संकल्प से बेहद प्रभावित होकर एक प्रेरणादायक संदेश साझा किया। उन्होंने कहा कि सभी के लिए मेरा संदेश यह है कि जिंदगी में बिंदास रहो। ये खिलाड़ी बहुत अच्छा खेल रहे हैं। मैंने इन खिलाड़ियों को देखा और उनके जुनून को देखकर मैं अभिभूत हो गया। उन्होंने कहा कि मैं हर साल यहां आना चाहता हूं और इन खिलाड़ियों का समर्थन करना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि स्पॉन्सर भी इनका समर्थन करें। बड़ी कंपनियां आगे आकर इन्हें स्पॉन्सर करें।

कार्यक्रम के महत्व को और बढ़ाते हुए दिव्यांग क्रिकेट परिषद ऑफ इंडिया (डीसीसीआई) के सचिव रवि कांत चौहान ने खेलों में संस्थागत सहयोग व समावेशिता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 5वीं राष्ट्रीय व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप इन एथलीटों के जबरदस्त हौसले और जज्बे का सबूत है। ऐसे मंच यह पक्का करने में बहुत अहम हैं कि शारीरिक सीमाओं से परे भी प्रतिभा को पहचान मिले। हम ऐसी पहलों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो समावेशिता को बढ़ावा देती हैं और विशेष रूप से सक्षम खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए समान अवसर प्रदान करती हैं। व्हीलचेयर क्रिकेट इंडिया एसोसिएशन एथलीटों को सशक्त बनाने और पूरे देश में व्हीलचेयर क्रिकेट को बढ़ावा देने में लगातार एक अहम भूमिका निभा रहा है व यह चैंपियनशिप इसकी प्रमुख प्रतियोगिताओं में से एक है। (अनंत ज्ञान)

## इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया–ए महिला टीम का ऐलान, टी20 और वनडे स्क्वॉड घोषित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**अनुष्का शर्मा और हरलीन देओल का मिली कमान**



इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की महिला 'ए' टीम का ऐलान कर दिया गया है। चयन समिति ने इंडिया–ए महिला क्रिकेट टीम की टी20 और वनडे दोनों फॉर्मेट के लिए अलग–अलग स्क्वॉड घोषित किए हैं, जो इंग्लैंड–ए महिला टीम के खिलाफ सीरीज खेलेंगे।

टी20 टीम की कमान अनुभवी खिलाड़ी अनुष्का शर्मा को सौंपी गई है, जबकि उपकप्तान की जिम्मेदारी वृंदा दिनेश को दी गई है। टीम में युवा और उभरते खिलाड़ियों को मौका दिया गया है, जिनमें जी. कमलिनी (विकेटकीपर), उमा चेत्री, वैष्णवी शर्मा, प्रेमा रावत, पूर्वजा वर्लेकर, जिंतिमानी कलिता, सैमा ठाकोर, सिमरन बहादुर, श्वेता सहरावत, दीया यादव, मिन्नू मणि, शबनम शकील और तनुजा कंवर शामिल हैं। वहीं वनडे टीम की कप्तानी हरलीन देओल को सौंपी गई है, जबकि प्रतिका रावल को उपकप्तान बनाया गया है। इस टीम में प्रिया पुनिया, तनिषा सिंह, जी. कमलिनी (विकेटकीपर), उमा चेत्री (विकेटकीपर), तेजल हसबनीस, निकी प्रसाद, प्रेमा रावत, तनुजा कंवर, वैष्णवी शर्मा, शबनम शकील, सयाली सतघरे, जिंतिमानी कलिता और सैमा ठाकोर जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

इस दौरे को युवा खिलाड़ियों के लिए अहम अवसर माना जा रहा है, जहां वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित कर सकेंगे। चयनकर्ताओं ने संतुलित टीम बनाने की कोशिश की है, जिसमें अनुभव और युवा जोश का अच्छा मिश्रण देखने को मिलता है। इंग्लैंड की परिस्थितियों में खेलना हमेशा चुनौतीपूर्ण माना जाता है, ऐसे में यह सीरीज खिलाड़ियों के कौशल और मानसिक मजबूती की भी परीक्षा होगी। इस दौरे से कई नई प्रतिभाएं उभरकर सामने आ सकती हैं, जो भविष्य में सीनियर टीम के लिए दावेदारी मजबूत करेंगी। (अनंत ज्ञान)

## मांडविया ने हॉकी खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

### केंद्रीय खेल मंत्री पहुंचे साई सेंटर, बोले– जमीनी स्तर से तैयार हो रहे चैंपियन

**एजेंसी, मदिकेरी**

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने कर्नाटक के मदिकेरी स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) प्रशिक्षण केंद्र का दौरा कर युवा हॉकी खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों से प्रतिभाओं को पहचानने और निखारने पर जोर देते हुए भारत को खेल महाशक्ति बनाने की दिशा में इसे अहम बताया।



मांडविया ने विशेष रूप से कोडवा समुदाय की महिला हॉकी खिलाड़ियों से बातचीत की और उनकी प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि कोडगु जिला भारतीय हॉकी की मजबूत नींव रखने वाले क्षेत्रों में से एक रहा है। इस समुदाय से कई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और ओलंपिक में भी हिस्सा ले चुके हैं। खेल मंत्री ने कहा कि देश में खेलों के लिए व्यापक और मजबूत ढांचा तैयार किया जा रहा है, जिसमें जमीनी स्तर से प्रतिभाओं को आगे लाना प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत के पास प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और सही दिशा में प्रयासों से देश वैश्विक स्तर पर खेलों में मजबूत पहचान बना सकता है।

उन्होंने कहा कि सरकार खेल इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मांडविया ने उम्मीद जताई कि वर्ष 2030 में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें शानदार प्रदर्शन करेंगी। मदिकेरी स्थित साई प्रशिक्षण केंद्र आधुनिक सुविधाओं से लैस है और यहां युवा खिलाड़ियों को उच्च स्तर का प्रशिक्षण दिया जाता है। यह केंद्र देश के विभिन्न राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों के लिए प्रतिभाएं तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मांडविया ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ये युवा खिलाड़ी भविष्य में भारत का नाम रोशन कर सकते हैं और अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमता रखते हैं। (अनंत ज्ञान)

**तैयारी** एएफसी अंडर–17 महिला एशियाई कप: ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद अब भारत ने सुधार पर दिया जोर

# अब जापान पर है हमारा ध्यान: पामेला कोंटी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

फुटबॉल टूर्नामेंट एएफसी अंडर–17 महिला एशियाई कप में 21 साल बाद वापसी करने वाली भारतीय टीम को अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0–2 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद टीम का फोकस अगले मैच पर है, जिसे टीम जीतकर वापसी करना चाहती है। मुख्य कोच पामेला कोंटी ने कहा कि मजबूत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हमने अच्छा खेला, लेकिन अब हमारा ध्यान जापान के खिलाफ मैच पर है।



अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से बात करते हुए मुख्य कोच पामेला कोंटी ने माना कि मुकाबला कठिन था और ऑस्ट्रेलिया शारीरिक रूप से मजबूत टीम है। उन्होंने कहा कि टीम ने रक्षात्मक रूप से अच्छा प्रदर्शन किया। ज्यादा गोल न खाना महत्वपूर्ण था और अंत में जो गोल हुआ, वो हमारी अपनी गलतियों के कारण हुआ। हमें इसी क्षेत्र में काफी सुधार करने की जरूरत है।

परिणाम के बावजूद उन्होंने रक्षात्मक दृष्टि से कुछ विशिष्ट सकारात्मक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इसमें कई सकारात्मक पहलू हैं। सबसे पहले ऑस्ट्रेलिया ज्यादा गोल नहीं कर पाई। हमने बहुत अच्छी तरह से बचाव किया। सभी खिलाड़ियों ने जबरदस्त जोश और प्रतिबद्धता दिखाई। अब हमारा ध्यान जापान पर केंद्रित है।

कोच ने कहा कि मुझे अपनी टीम पर बहुत गर्व है। हमने शानदार मैच खेला। ऑस्ट्रेलिया एक बहुत मजबूत टीम है। अब हमें जापान का सामना करना है, जो शायद और भी कठिन होगा। हमें खिलाड़ियों की शारीरिक स्थिति का भी ध्यान रखना होगा क्योंकि यह आसान नहीं होगा।

मिडफील्डर थंदामोनी बास्के ने भी इस भावना को दोहराया। उन्होंने कहा कि यह हमारा पहला मैच था। मुझे लगता है कि हमने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन हम और भी बेहतर कर सकते थे। वे ज्यादा शॉट नहीं लगा पाए और जो एक गोल आखिर में उन्होंने किया वह भी हमारी गलती से हुआ। अभी हमारे पास मैच बाकी हैं, इसलिए हम और कड़ी मेहनत करेंगे और जीतने की कोशिश करेंगे।

भारतीय टीम ने चीन के सूजौ स्थित सूजौ ताइहु फुटबॉल स्पोर्ट्स सेंटर पिच 8 में खेले गए ग्रुप बी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0–2 से हार के साथ एएफसी अंडर–17 महिला एशियाई कप 2026 अभियान की शुरुआत की। भारत अब पांच मई को चार बार की चैंपियन जापान से भिड़ेगा, जिसके बाद आठ मई को उसका सामना लेबनान से होगा। (अनंत ज्ञान)